आषाढ़ कृष्ण पक्ष त्रयोदशी 10:10 उपरांत चतुर्दशी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 23 जून 2025
वर्ष 3, अंक 309, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

अयोध्या

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



ट्रंप को नोबेल पुरस्कार पर घिरा पाकिस्तान 14

मानसून में भी चलेगा नक्सल विरोधी अभियान 12

## दिल्ली मौसम कार्यालय का एक्स अकाउंट हैक

**नई दिल्ली।** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के क्षेत्रीय मौसम पूर्वानुमान केंद्र (आरडब्ल्यूएफसी) द्वारा कुछ अनुचित पोस्ट दोबारा पोस्ट किए जाने के एक दिन बाद विभाग ने रविवार को कहा कि उसका 'एक्स' अकाउंट हैक हो गया है और मामले की जांच की जा रही है।

- **अनुचित पोस्ट किए जाने की शुरू की गई जांच**

एक न्यूज एजेंसी ने शनिवार शाम को आईएमडी का ध्यान इस मुद्दे की ओर दिलाया था। इसके बाद, आईएमडी ने 'रीपोस्ट' किए गए पोस्ट को हटा दिया और जांच शुरू कर दी। आईएमडी ने रविवार को जारी एक बयान में कहा कि आरडब्ल्यूएफसी नई दिल्ली का 'एक्स' खाता शनिवार को हैक हो गया था और कुछ अनुचित पोस्ट की गई थीं। बयान में कहा गया है कि उन पोस्ट को हटाने के लिए सुधारात्मक कार्रवाई की गई। मामले की आगे जांच की जा रही है।

# नगर पालिका को दो करोड़, नगर पंचायतों को एक करोड़ के काम की आजादी

## योगी सरकार का बड़ा फैसला: निकायों को अधिक वित्तीय स्वायत्तता, गड़बड़ी पर ठेकेदार व प्रशासनिक अधिकारी से होगी वसूली

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** योगी सरकार ने बड़ा फैसला लेते हुए नगर पालिका परिषदों को दो करोड़ रुपये तो नगर पंचायतों को एक करोड़ रुपये तक के कार्य स्वयं करने की आजादी दे दी है। अभी तक उन्हें केवल 40 लाख रुपये तक के कार्य कराने की ही अनुमति थी।

नगर विकास विभाग ने एसओपी में संशोधन करते हुए नगरीय निकायों को अधिक वित्तीय स्वायत्तता देने का आदेश जारी किया है। लेकिन, चेतावनी भी दी है कि निर्माण कार्यों में गड़बड़ी या गुणवत्ता में कमी मिली तो पचास-पचास प्रतिशत राशि संबंधित ठेकेदार और प्रशासनिक अधिकारी से वसूला जाएगा।



### निर्माण कार्यों की गुणवत्ता व जवाबदेही के नए मानक तय

नगर विकास विभाग ने नगरीय निकायों के निर्माण एवं विकास कार्यों में गड़बड़ी या गुणवत्ता में कमी के लिए संबंधित ठेकेदार, अभियंता और प्रशासनिक अधिकारी की जवाबदेही को नये सिरे से तय किया है। एसओपी में किए गए प्रमुख संशोधन के अनुसार, किसी भी निर्माण या विकास कार्य में गुणवत्ता की कमी या मापन में त्रुटि के कारण यदि अतिरिक्त भुगतान होता है, तो उसकी वसूली संबंधित ठेकेदार से 50 प्रतिशत और शेष 50 प्रतिशत राशि अभियंता एवं प्रशासनिक अधिकारियों से वसूल की जाएगी। वसूली की प्रक्रिया जिलाधिकारी द्वारा निर्धारित व संचालित की जाएगी।

> एसओपी में संशोधन से स्थानीय नगरीय निकायों को न केवल वित्तीय स्वायत्तता मिलेगी, बल्कि विकास कार्यों की गुणवत्ता और पारदर्शिता भी सुनिश्चित होगी। यह नगरीय प्रशासन को जनहित में अधिक प्रभावी बनाएगा।
> –**अमृत अभिजात**, प्रमुख सचिव नगर विकास विभाग

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नगरीय निकायों को बड़े कार्य करने की आजादी देने के निर्देश बीते दिनों नगर विकास विभाग की बैठक में दिए थे। इसके अनुपालन में नगर विकास विभाग ने 74वें संविधान संशोधन के मुताबिक वर्ष 2021 में जारी मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) में संशोधन करते हुए बाजार दरों में वृद्धि को ध्यान में रखते हुए नगर पंचायतें 1 करोड़ रुपये और नगर पालिका परिषदें 2 करोड़ रुपये के निर्माण और अन्य विकास कार्य करने की मंजूरी दी है। विकास कार्यों के लिए आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल पर भी जोर दिया गया है। नगरीय निकायों की 3.75 मीटर से अधिक चौड़ी सड़कों के निर्माण के लिए एफडीआर तकनीकी का प्रयोग किया जा सकेगा। ये सड़कें सीसी रोड़ या डमरीकृत बनाई जाएंगी। इसके अलावा 3.75 मीटर तक चौड़ी सड़कों पर इंटरलॉकिंग टाइल्स का प्रयोग किया जा सकेगा, बशर्ते वह मुख्य मार्ग न हों और उन पर भारी वाहन न चलते हों।

साथ ही, नई एसओपी के तहत 3.75 मीटर से कम चौड़ी सड़कों के लिए केसी- टाइप नाली और उससे अधिक चौड़ी सड़कों के लिए यू-टाइप आरसीसी नाली के निर्माण को मंजूरी दी गई है। इनका निर्माण लोक निर्माण विभाग और आईआरसी मानकों के अनुसार किया जाएगा। निकायों को निर्देशित किया गया है कि वे वार्डवार सड़क डायरेक्ट्री, अभिलेखीकरण और जीआईएस मैपिंग करें।

# अमेरिका ने बोला ईरान पर हमला तीन परमाणु केंद्रों को किया तबाह

## व्यापक क्षेत्रीय संघर्ष छिड़ने की आशंका, ईरान ने भी दी जवाबी कार्रवाई की धमकी

तेल अवीव, एजेंसी

इजराइल और ईरान के बीच जारी युद्ध में अमेरिका भी कूद पड़ा है। ईरान के परमाणु कार्यक्रम को रोकने के मकसद से इजराइल की ओर से शुरू किए गए हमलों को मजबूती प्रदान करते हुए अमेरिका ने रविवार तड़के तीन ईरानी परमाणु केंद्रों पर हमले किए।

ईरान की जवाबी कार्रवाई की धमकी के बीच लंबे समय से दुश्मन रहे ईरान को कमजोर करने के लिहाज से यह एक जोखिम भरा कदम माना जा रहा है, जिससे व्यापक क्षेत्रीय संघर्ष छिड़ने की आशंका है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 'व्हाइट हाउस' से राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा कि ईरान के प्रमुख परमाणु केंद्रों को पूरी तरह से नष्ट कर दिया गया है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अरागची ने अमेरिकी हमलों पर कहा कि अब कूटनीति का दौर बीत गया और उनके देश को आत्मरक्षा का अधिकार है। उन्होंने तुर्किये में प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि अमेरिका में युद्धोन्मादी, अराजक प्रशासन इस आक्रामक कृत्य के खतरनाक और दूरगामी प्रभावों के लिए पूरी तरह से जिम्मेदार है। अरागची ने यह भी कहा कि अमेरिका ने परमाणु केंद्रों पर हमला कर सारी हदें पार कर दी हैं, कल रात जो हुआ वह सबसे खतरनाक था। उन्होंने कहा कि रविवार के बाद वह रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मिलने के लिए मॉस्को जाएंगे।

ईरान की परमाणु एजेंसी ने रविवार को पुष्टि की कि उसके फोर्दो, इस्फहान और नतांज परमाणु केन्द्रों पर हमले हुए हैं। कहा कि ईरान का परमाणु ऊर्जा संगठन राष्ट्र को आश्वासन देता है कि अपने दुश्मनों की बुरी साजिशों के बावजूद वह अपने वैज्ञानिकों एवं विशेषज्ञों के प्रयासों से उठ खड़ा होगा। ईरान और संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी संस्था ने कहा कि हमलों के बाद विकिरण के कोई संकेत नहीं है। एपी ने अमेरिकी हमले के बाद ली गई उपग्रह तस्वीरों का विश्लेषण किया है। इन तस्वीरों में फोर्दो परमाणु केंद्र के प्रवेश द्वारों को नुकसान पहुंचा नजर आ रहा है और हवा में हल्के भूरे रंग का धुआं छाया हुआ नजर आ रहा है। अमेरिका और इजराइल के अधिकारियों ने कहा है कि अमेरिकन स्टील्थ बॉम्बर और 30,000 पाउंड वजनी बंकर-बस्टर बम ने जमीन के अंदर स्थापित ईरानी परमाणु केंद्रों को नष्ट कर दिया।



व्हाइट हाउस में ईरान पर हमले की जानकारी देते राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप।

### जवाबी कार्रवाई पर और हमले करेंगे : ट्रंप

ट्रंप ने कांग्रेस (अमेरिकी संसद) की अनुमति के बिना यह कार्रवाई की तथा उन्होंने चेतावनी दी कि अगर ईरान ने अमेरिकी सेना के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की तो और अधिक हमले किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि ईरान में या तो शांति होगी या फिर त्रासदी होगी।

### ईरान बोला-हम अपने हितों की रक्षा करेंगे

ईरान के विदेश मंत्रालय ने कहा कि अमेरिका ने ईरान के खिलाफ खतरनाक युद्ध शुरू किया है। यह भी कहा कि ईरान अमेरिकी सैन्य आक्रमण और अपराधों के खिलाफ पूरी ताकत से विरोध करने तथा ईरान की सुरक्षा एवं राष्ट्रीय हितों की रक्षा करने का अधिकार रखता है।

### मोदी की पेजेशकियान से शांति बहाली की अपील



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान से फोन पर बातचीत की तथा ईरान एवं इजराइल के बीच संघर्ष को लेकर भारत की ओर से गहरी चिंता जताई और तनाव को संवाद एवं कूटनीति के माध्यम से तत्काल कम करने की अपील की। मोदी और पेजेशकियान के बीच यह बातचीत ईरान के तीन परमाणु स्थलों फोर्दो, नतांज और इस्फहान पर अमेरिका द्वारा बमबारी किए जाने के कुछ ही घंटे बाद हुई। मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि उन्होंने तनाव बढ़ने पर गहरी चिंता जताई।

# एयर इंडिया का विमान बम की धमकी के बाद रियाद में उतरा

## बर्मिंघम से दिल्ली आ रही थी फ्लाइट, सभी यात्री सुरक्षित

नई दिल्ली, एजेंसी

बर्मिंघम से दिल्ली आ रही एयर इंडिया की एक उड़ान को शनिवार को बम की धमकी मिलने के बाद उसका मार्ग परिवर्तित कर सऊदी अरब के रियाद शहर में सुरक्षित उतारा गया। रविवार को एक बयान में टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयरलाइन ने कहा कि यात्रियों को रियाद से उनके गंतव्य तक ले जाने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है।

एयरलाइन ने परिचालन स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए अपनी उड़ान सेवाओं को अस्थायी रूप से कम कर दिया है। एयर इंडिया ने कहा कि बर्मिंघम से दिल्ली जाने वाली उड़ान संख्या एआई114 को बम की धमकी मिली थी, जिसके बाद उसे रियाद की ओर मोड़ दिया गया, जहां उसे सुरक्षित तरीके से उतारा गया और सुरक्षा जांच पूरी कर ली गई। सभी यात्रियों को विमान से उतारा गया और उनके होटल में ठहरने की व्यवस्था की जा रही है। एयरलाइन ने बताया कि 12 जून को अहमदाबाद में विमान दुर्घटना के बाद उसने स्वैच्छिक रूप से उड़ानों से पहले सुरक्षा जांच को बढ़ाया है और संचालन की स्थिरता बनाए रखने के लिए अस्थायी रूप से कुछ सेवाएं घटाई गई हैं। एयरलाइन ने कहा कि पश्चिम एशिया में हवाई क्षेत्र बंद रहने, यूरोप और पूर्वी एशिया के कई हवाई अड्डों पर रात में कर्फ्यू लागू होने, हवाई यातायात में भीड़ और कुछ अप्रत्याशित परिचालन समस्याओं जैसे बाहरी कारकों के कारण कुछ उड़ानों में देरी होती है या उन्हें रद्द भी करना पड़ता है।

**लंदन जा रहा विमान कुछ ही देर में चेन्नई लौटा : चेन्नई।** लंदन जाने वाला एक विमान रविवार को परिचालन संबंधी कारणों से यहां लौट आया। यहां हवाई अड्डे के अधिकारियों ने बताया कि करीब 209 यात्रियों को लेकर उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद विमान लौट आया। यात्रियों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है।

### 19 मार्गों पर उड़ानों को कम करेगा एयर इंडिया



**नई दिल्ली।** एयर इंडिया ने रविवार को कहा कि वह 19 मार्गों पर संकरे आकार के विमानों से संचालित 118 साप्ताहिक उड़ानों को अस्थायी रूप से कम करेगी और तीन मार्गों पर सेवाएं निलंबित करेगी। टाटा समूह के स्वामित्व वाली इस एयरलाइन ने कुछ दिनों पहले कहा था कि वह चौड़े आकार के विमानों से संचालित अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों में अस्थायी रूप से 15 प्रतिशत की कटौती करेगी। एयरलाइन ने एक बयान में कहा कि वह अपने कुल संकरे आकार के बेड़े में पांच प्रतिशत से कम की अस्थायी कटौती करने जा रही है। बयान के मुताबिक, इस स्वैच्छिक निर्णय से एयर इंडिया की सेवाओं का तीन मार्गों पर अस्थायी निलंबन होगा और 19 मार्गों पर फेरों में कमी आएगी। ये परिवर्तन कम से कम 15 जुलाई 2025 तक प्रभावी रहेंगे। तीन मार्गों – बेंगलुरु–सिंगापुर, पुणे–सिंगापुर और मुंबई–बागडोगरा (एआई551/552) पर सप्ताह में सात बार उड़ानें कम से कम 15 जुलाई तक स्थगित रहेंगी। दिल्ली–बेंगलुरु और दिल्ली–मुंबई सहित कई अन्य मार्गों पर उड़ानों की संख्या में कमी की जाएगी।

## 16 करोड़ का सोना व मादक पदार्थ पकड़ा

**मुंबई।** छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क विभाग ने 16 करोड़ का मादक पदार्थ व सोना जब्त कर हवाई अड्डे के दो कर्मचारियों सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि सीमा शुल्क विभाग की हवाई खुफिया इकाई को कुछ दिनों पूर्व हवाई अड्डे के दो कर्मचारियों के तस्करी में शामिल होने की सूचना मिली थी। पुलिस ने दोनों को रोककर उनके थैलों के अंदर छिपाकर रखे गए 24 कैरेट सोने के चूर्ण को बरामद किया जिसकी कीमत 4.24 करोड़ रुपये है। शनिवार को बैंकॉक से आए दो भारतीय नागरिकों से 11.881 किग्रा मादक पदार्थ जब्त किया गया जिसकी कीमत 11.88 करोड़ रुपये है।

# पश्चिमी उप्र. में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **सहारनपुर, अलीगढ़, आगरा जैसे 10 जिलों में आज होगी भारी बारिश**
- **प्रदेश के 20 अन्य जिलों के लिए बिजली गिरने की चेतावनी**

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश में मानसून अब तराई क्षेत्रों से होते हुए पश्चिमी जिलों तक पहुंच गया है। इस बीच मौसम विभाग ने पश्चिमी उप्र. में अत्यधिक भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

सोमवार को नेपाल और उत्तराखंड से सटे तराई क्षेत्र के जिलों समेत सहारनपुर, अलीगढ़, आगरा जैसे 10 जिलों में भारी बारिश की संभावना जताई गई है। वहीं, प्रदेश के 20 अन्य जिलों के लिए गरज-चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी जारी की गई है।

मौसम विभाग के मुताबिक, 24 से 48 घंटों के भीतर प्रदेश के पश्चिम, तराई और पूर्वांचल के कई इलाकों में भारी बारिश की स्थिति बनी रहेगी। सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, आगरा, फिरोजाबाद, बिजनौर और मुरादाबाद आदि जिलों में भारी से अत्यधिक भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। इन इलाकों में बारिश के चलते जलभराव, बिजली आपूर्ति बाधित होने और ट्रैफिक प्रभावित होने की आशंका है।

वहीं, फतेहपुर, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, गाजियाबाद, हापुड़, गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, कासगंज, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा और औरैया में गरज-चमक के साथ वज्रपात (आकाशीय बिजली) का खतरा बताया गया है। मौसम विभाग की ओर से लोगों को खुले में न जाने और पेड़ों के नीचे शरण न लेने का सुझाव दिया गया है।



### ललितपुर में हुई सबसे अधिक 132 मिमी बारिश

इससे पहले रविवार को बुंदेलखंड के ललितपुर में प्रदेश की सबसे अधिक 132 मिमी बारिश दर्ज की गई। वहीं, राजधानी लखनऊ और आसपास के जिलों में रुक–रुक कर बारिश होती रही, जिससे तापमान में गिरावट आई और मौसम सुहाना हो गया। मौसम विभाग ने संकेत दिए हैं कि आने वाले तीन–चार दिनों में पूरे प्रदेश में कहीं हल्की तो कहीं भारी बारिश का सिलसिला जारी रहेगा।

## प्रतिकूल मौसम में उड़ान के लिए नए दिशा-निर्देश जारी

**नई दिल्ली।** नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने प्रतिकूल मौसम के दौरान एयरलाइन के लिए अपने परिचालन दिशा-निर्देशों में संशोधन किया है। इनमें इस बात पर बल दिया गया है कि सुरक्षा को 'समय-सारिणी के पालन' से अधिक प्राथमिकता दी जानी चाहिए तथा पायलटों को अप्रत्याशित परिस्थितियों में उड़ानों का मार्ग बदलने के लिए प्रोत्साहित किया गया है। अनुसूचित और गैर-अनुसूचित एयरलाइन कंपनियों को अद्यतन परिचालन परिपत्र जारी करते हुए नियामक ने कहा कि पायलटों को दृश्य संकेतों की उपकरणों से जांच करनी चाहिए।

# यात्री को 25 हजार रुपये हर्जाना देगा स्पाइसजेट

मुंबई, एजेंसी

- **गलत टिकट जारी करने पर उपभोक्ता आयोग का निर्देश**

उपभोक्ता आयोग ने एक वरिष्ठ नागरिक को गलत टिकट जारी करने के मामले में एयरलाइन कंपनी स्पाइसजेट को यात्री को 25,000 रुपये का जुर्माना देने का आदेश दिया है।

यहां एक एक उपभोक्ता आयोग ने कहा है कि 2020 में यात्री की यात्रा का मार्ग बदलते समय एयरलाइन ने उसे गलत टिकट जारी किया। जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग, मुंबई (उपनगर) ने 17 जून को पारित आदेश में, यात्री को 'मानसिक उत्पीड़न' के लिए स्पाइसजेट को सेवा में खामी और लापरवाही का जिम्मेदार ठहराया है। घाटकोपर इलाके में रहने वाले शिकायतकर्ता एक वरिष्ठ नागरिक हैं। उन्होंने पांच दिसंबर, 2020 के लिए मुंबई से दरभंगा और दो दिन बाद वापसी की यात्रा के लिए स्पाइसजेट की टिकट बुक की थी। मुंबई से दरभंगा की यात्रा पूरी हो गई थी, लेकिन खराब मौसम के कारण वापसी की उड़ान रद्द कर दी गई। शिकायत में कहा गया है कि उन्हें आठ दिसंबर को मुंबई में पीएचडी ऑनलाइन परीक्षा देनी थी, इसलिए उन्होंने वैकल्पिक व्यवस्था का अनुरोध किया।

## आईएनएस तमाल 1 जुलाई को नौसेना में शामिल होगा

नई दिल्ली, एजेंसी

- **गाइडेड मिसाइल प्रणाली से लैस है यह युद्धपोत**

भारतीय नौसेना के रूस में निर्मित गाइडेड मिसाइल युद्धपोत आईएनएस तमाल को एक जुलाई को रूस के तटीय शहर कलिनिनग्राद में नौसेना में शामिल किया जाएगा। गाइडेड मिसाइल युद्धपोत 'आईएनएस तमाल' अनेक मिसाइलों और निगरानी प्रणालियों को ले जाने में सक्षम है।

अधिकारियों ने बताया कि जहाज में 26 प्रतिशत घटक स्वदेशी हैं, जिसमें समुद्र और जमीन दोनों पर निशाना साधने के लिए ब्रह्मोस लंबी दूरी की क्रूज मिसाइल भी शामिल है। भारतीय नौसेना के अनुसार, युद्धपोत 'आईएनएस तमाल' 125 मीटर लंबा है और इसका वजन 3900 टन है। इस युद्धपोत में भारतीय और रूसी अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों तथा युद्धपोत निर्माण की सर्वोत्तम पद्धतियों का उपयोग किया गया है। नौसेना में शामिल होने के बाद तमाल भारतीय नौसेना की स्वॉर्ड आर्म में शामिल हो जाएगा। स्वॉर्ड आर्म भारतीय नौसेना में पश्चिमी बेड़े के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला एक पद है।

**फर्जीवाड़ा** — 15 जिलों के करीब 100 मदरसा संचालकों पर दर्ज होगी एफआईआर, केंद्र सरकार ने 11 जिलों में एसआईटी गठित कर जांच कराने को कहा

# छात्रवृत्ति में हेराफेरी : 26 जिलों के सैकड़ों मदरसों पर होगी कार्रवाई

इंद्रभूषण दुबे, लखनऊ

- **वर्ष 2021-22 व 2022-23 में फर्जीवाड़ा कर हड़पे करोड़ों रुपये**

**अमृत विचार :** मदरसों में पढ़ने वाले बच्चों के हक पर संचालक ही डाका डाल रहे हैं। फर्जीवाड़ा कर छात्रों का वजीफा हड़प कर जा रहे हैं। जांच में सामने आया कि प्रदेश के 26 जिलों में संचालित सैकड़ों मदरसों के संचालकों ने छात्रवृत्ति के नाम पर करोड़ों रुपये की हेराफेरी की है।

15 जिलों के करीब 100 मदरसा संचालकों के फर्जीवाड़ा सामने आने पर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने का आदेश दिया गया। 11 जिलों में एसआईटी बनाकर 60 से अधिक मदरसों की जांच कराने के बाद विधिक कार्रवाई का निर्देश दिया गया है। मदरसा संचालक छात्रों को दी जाने वाली छात्रवृत्ति को हड़पने के लिए नए तरीके अख्तियार कर रहे हैं। इस हेराफेरी का खुलासा बायोमिट्रिक व्यवस्था लागू होने के बाद हुआ। शुरू के दो वर्ष के छात्रवृत्ति वितरण की जांच की गई तो फर्जीवाड़ा सामने आ गया। कई मदरसों का पता चला जिनका कोई अस्तित्व ही नहीं है। न तो क्लास रूम है, न ही छात्र हैं। जबकि कागजों में सैकड़ों छात्र दर्ज है। बायोमिट्रिक सिस्टम लागू होने के बाद कई मदरसों ने अल्पसंख्यक विभाग के अधिकारियों से सांठगांठ कर छात्रवृत्ति की रकम हासिल कर ली। हालांकि पोल खुलते ही अधिकारियों ने मदरसा संचालकों के खिलाफ फर्जीवाड़ा की रिपोर्ट दे दी। इसके बाद ऐसे मदरसों का सत्यापन कर सूची मांगी गई। कुछ जिलों के अधिकारियों ने सत्यापन के बाद सूची जून के पहले सप्ताह तक नहीं दी थी। अल्पसंख्यक विभाग के सूत्रों के मुताबिक केंद्र सरकार ने 2021-22 के सत्र में छात्रवृत्ति वितरण के लिए बायोमिट्रिक सिस्टम लागू किया। नई व्यवस्था के बाद छात्र की बायोमिट्रिक के बिना छात्रवृत्ति नहीं निकल सकेगी। इसके बाद छात्रों के बायोमिट्रिक पंजीकरण कराये गए। सैकड़ों मदरसा संचालकों ने तकनीकी खामियां बताकर पंजीकरण में देरी की और 2021-22 और 2022-23 सत्र की छात्रवृत्ति हड़प ली। पोल खुली तो ऐसे मदरसों पर कार्रवाई शुरू की है। इसी आदेश के तहत दुबग्गा में संचालित दो मदरसा संचालक पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

### मदरसा संचालकों दर्ज होगी एफआईआर

केंद्र सरकार के आदेश पर अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के निदेशक ने 13 जून को आदेश जारी किया। जिसमें कई मदरसों पर फर्जीवाड़ा कर छात्रवृत्ति की रकम हड़पने की बात कही। इन में 15 जिले शामिल हैं। जिन जिलों के मदरसा संचालकों पर एफआईआर दर्ज करानी है। उनमें बस्ती, गाजियाबाद, गाजीपुर, हापुड़, कानपुर नगर, लखनऊ, महोबा, मैनपुरी, मुजफ्फरनगर, प्रतापगढ़, सहारनपुर, संतकबीरनगर, सीतापुर, उन्नाव और कुशीनगर शामिल हैं।

### एसआईटी की जांच के बाद होगी कार्रवाई

विशेष जांच टीम (एसआईटी) बनाकर फर्जीवाड़ा करने वाले मदरसों की जांच कराने का निर्देश दिया गया है। इनमें आगरा, अंबेडकरनगर, संभल, बदायूं, बुलंदशहर, अमरोहा, कुशीनगर, मेरठ, मिर्जापुर, मुरादाबाद और गोंडा के करीब 60 मदरसे शामिल हैं। वहीं, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के निदेशक ने जो रिपोर्ट केंद्र को भेजी है उसमें बस्ती, बिजनौर, बदायूं और सहारनपुर चार जिलों के अधिकारियों पर सत्यापन रिपोर्ट न देने की बात कही है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

# आनन-फानन में बनाई सड़क, भूल गए नाला बनाना

## रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दौरान हुई धीरेंद्र शास्त्री की कथा के समय बनायी सड़क पर 1 साल से भरा है सीवर का पानी

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दौरान बड़ा भक्तमाल मंदिर की भूमि पर आयोजित हुई धर्मगुरु धीरेंद्र शास्त्री की कथा के दौरान प्रशासन ने बड़ी छावनी के पीछे करीब 40 फुट चौड़ी सीसी सड़क का निर्माण कराया था। आनन-फानन हुए इस सड़क निर्माण के दौरान नाला बनाना भूल गए। इसका खामियाजा अब स्थानीय लोगों को उठाना पड़ रहा है।

हाल यह है कि इस सड़क पर करीब एक साल से 150 मीटर की दूरी पर दो से तीन फीट सीवर का गंदा पानी भरा हुआ है, जिसकी बदबू से आसपास के लोगों का जीना मुहाल है। इस स्थान के आसपास करीब दो दर्जन मठ मंदिर, ऐतिहासिक स्वर्णखनि कुंड समेत आवासीय स्थल है। परिक्रमा मार्ग से बड़ी छावनी-बाजपेयी पुरम होकर रायगंज जैन मंदिर पहुंचने का यह आसान मार्ग है, लेकिन गंदा पानी भरा होने के कारण लोगों ने इस रास्ते का प्रयोग करना ही बंद कर दिया है। जलभराव के चलते इस रास्ते पर लगे दो हैंडपंप भी प्रदूषित जल दे रहे हैं। इसी मार्ग पर श्रीराम जानकी खलवा मंदिर भी स्थित है। यहां पर करीब 40 वर्षों से गरीबों को निशुल्क भोजन कराया जाता है। मंदिर के महंत राम बिहारी दास ने बताया कि इस संदर्भ में नगर निगम को कई बार शिकायत की गई, उच्चाधिकारियों को पत्र लिखा गया, लेकिन सिवाए आश्वासन के कुछ नहीं मिला।


गंदे पानी के पास जमीन पर बैठकर नि:शुल्क भोजन कर रहे लोग।


बड़ी छावनी के पीछे सड़क पर भरा सीवर का गंदा पानी।

"इस समस्या का स्थायी समाधान नाला निर्माण ही है। इसके लिए प्रपोजल बनाया गया है। जल्द ही इस संदर्भ में नगर आयुक्त से वार्ता की जाएगी। फिलहाल मोटर आदि भेजकर गंदे पानी को निकालने का निर्देश दिया है। – **राजपति यादव, अवर अभियंता, नगर निगम**"

### लोग बोले- नारकीय जीवन जीना मजबूरी


संत बृजभूषण दास ने बताया कि करीब एक साल से यहां सीवर का गंदा पानी भरा है। बरसात में हालात और खराब हो जाएंगे। महापौर, स्थानीय पार्षद समेत अन्य अधिकारियों से लगातार शिकायत की गई, लेकिन कुछ नहीं हुआ। नारकीय जीवन जीना हमारी मजबूरी बन गई है।


संत गोपाल दास ने बताया कि सड़क के एक ओर बड़ा भक्तमाल मंदिर की दीवार है, साथ ही सड़क को लेबल नीचा है। इसके चलते सीवर का पानी सड़क पर बह रहा है। नगर निगम ने कई बार मोटर लगाकर पानी निकाला, लेकिन फिर वही हालात हो जाते हैं।


अर्पित त्रिपाठी ने बताया कि इस मार्ग पर दो हैंडपंप भी लगाया गए थे, जिनमें से एक गंदे पानी में डूब गया है जबकि दूसरा प्रदूषित जल दे रहा है। अकसर दो व चार पहिया वाहन आते है और यहां की स्थिति देखकर वापस चले जाते हैं। कहा कि कई बार अधिकारी आए, इसे देखा, निर्देश भी दिए लेकिन सिर्फ कागजी ही रहा।


स्थानीय नागरिक प्रभांशु तिवारी का कहना है कि रात में गंदे पानी की बदबू से सोना मुश्किल है। ठहरे हुए पानी के कारण मच्छरों का भी प्रकोप यहां खूब है। पिछले वर्ष कथा के दौरान यहां खूब रौनक थी। इसके स्थायी समाधान के लिए जनप्रतिनिधियों को प्रयास करना होगा।

# राजघाट पर उपयोग की जा रही बालू की गुणवत्ता पर असंतोष

अयोध्या कार्यालय

▸▸ **तीर्थ विकास परिषद के मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने किया निरीक्षण**

**अमृत विचार:** श्री अयोध्या जी तीर्थ विकास परिषद के मुख्य कार्यपालक अधिकारी जयेंद्र कुमार ने वर्ष 2024-25 की आठ परियोजनाओं का औचक निरीक्षण किया।

अयोध्या में संत निवास, कौशलेश भवन, और भास्कर भवन के सौंदर्यीकरण के कार्य, भक्तिपथ पर कैनोपी कार्य और मिनिस्टिंग फैन की स्थापना, तुलसीदास की छावनी का पर्यटन विकास, राम की पैड़ी पर दर्शक दीर्घा और सेल्फी प्वाइंट का निर्माण, सरयू नदी के राजघाट पर एम्फीथिएटर और फूड कोर्ट का कार्य, गुप्तार घाट पर गजीबों बेंच का कार्य का अजय मिश्रा ने लेआउट प्लान को विस्तार से प्रस्तुत किया। सीईओ जयेंद्र कुमार ने कार्यदायी संस्था को निर्देश दिया कि कार्य की गति अत्यंत धीमी है। इसे समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने के लिए अधिक



मानव संसाधन (मैन पावर) लगाया जाए। राजघाट पर उपयोग की जा रही बालू की गुणवत्ता पर असंतोष जताया। कहा कि इसका उपयोग करने से पहले गुणवत्ता परीक्षण (टेस्टिंग) अनिवार्य रूप से किया जाए।

कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कॉरपोरेशन लिमिटेड इकाई 11 के सहायक प्रोजेक्ट मैनेजर अजय मिश्रा, अवर अभियंता दीपांशु, और अन्य परियोजनाओं के अवर अभियंता मौजूद रहे।

# अवैध प्लॉटिंग पर चला बुलडोजर कई अन्य पर कार्रवाई के संकेत

रुदौली, अयोध्या

**अमृत विचार:** विनियमित क्षेत्र रुदौली में बिना अनुमति अवैध प्लॉटिंग पर प्रशासन का बुलडोजर चला। लगभग दस बीघे कृषि भूमि पर की गई प्लॉटिंग को ध्वस्त कर दिया गया। कार्रवाई एसडीएम अशोक कुमार सैनी ने करवाई।


रुदौली में एसडीएम अशोक कुमार सैनी की मौजूदगी में अवैध प्लॉटिंग ध्वस्त करती जेसीबी।

▸▸ **रुदौली के 24 गांवों में दर्जनों लोगों को भेजी गई नोटिस**

जानकारी के अनुसार शनिवार की शाम काशीपुर-मानापुर मार्ग पर दो माह पूर्व दस बीघा भूमि पर हुई अवैध प्लॉटिंग पर बुलडोजर लेकर एसडीएम अशोक कुमार सैनी राजस्व कर्मी और पुलिस बल के साथ पहुंचे। बिना मानक हुई प्लॉटिंग को एसडीएम ने तोड़वाना शुरू किया। एसडीएम की इस कार्रवाई से अवैध प्लॉटिंग करने वालों में हड़कंप मच गया। एसडीएम सैनी ने बताया कि शिकायत मिलने के बाद जांच की गई। जांच में पाया गया कि बिना अनुमति के प्लॉटिंग की जा रही थी। प्लॉटिंग करने वाले जाबिर और शाहाब को नोटिस दी गई, लेकिन कोई जवाब नहीं आया। बिना मानक पूरे किए किसी को भी प्लॉटिंग करने का अधिकार नहीं है। इसे तुड़वा दिया गया। कहा कि प्लॉटिंग तोड़ने में होने वाले खर्च की वसूली भी की जाएगी। बताया कि विनियमित क्षेत्र के 24 गांव में हुई दर्जनों अवैध प्लॉटिंग की नोटिस जारी की गई है। समय सीमा में ज़वाब न मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान उपनिरीक्षक गजेन्द्र सिंह, लेखपाल कैलाश नाथ सिंह, कुलदीप सिंह के साथ पुलिस बल के लोग शामिल थे।

# कस्तूरबा गांधी विद्यालय में हो रहा छात्रावास का निर्माण

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार:** बेटियों की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए अयोध्या में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (केजीबीवी) में एकेडमिक ब्लॉक और छात्रावास भवन का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। मया क्षेत्र में स्थित इस विद्यालय में बेटियों को बेहतर शिक्षा और सुरक्षित आवासीय सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से यह परियोजना शुरू की गई है। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा तकरीबन चार करोड़ रुपये की लागत से इस परियोजना को मूर्त रूप दिया जा रहा है। निर्माण का जिम्मा ग्रामीण अभियंत्रण विभाग को सौंपा गया है। अब तक इस परियोजना का 45 फीसदी कार्य पूरा हो चुका है। इस परियोजना के तहत बन रहे एकेडमिक ब्लॉक में आधुनिक कक्षाएं, पुस्तकालय और प्रयोगशालाएं होंगी, जो बेटियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने में सहायक होंगी। छात्रावास भवन में रहने की सुविधा के साथ-साथ सुरक्षित और आरामदायक वातावरण सुनिश्चित किया जाएगा। इस पहल का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की बालिकाओं को उच्च शिक्षा के अवसर प्रदान करना और उनके समग्र विकास को प्रोत्साहित करना है। ग्रामीण अभियंत्रण विभाग सहायक अभियंता एमके सिंह ने बताया कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता और समयबद्धता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

# पीडीए पंचायत के नाम पर जनता को साधने में जुटी सपा

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी पीडीए पंचायत के माध्यम से समाज के शोषित, वंचित, पीड़ित लोगों को साधने में लग गई है। वह पीडीए समाज को संगठित कर वर्ष 2027 विधानसभा चुनाव की राह आसान करना चाहती है। इसकी मदद से सपा एक बार फिर आरक्षण के माध्यम से हक और अधिकार पर लोगों को अपने पक्ष में करने की जुगत में है। साथ ही जातिगत जनगणना जैसे मुद्दों को भी इसमे शामिल किया गया है। अयोध्या जिले में इसकी कमान सांसद अवधेश प्रसाद ने स्वयं संभाल रखी है। उन्होंने 20 जुलाई को पीडीए महासम्मेलन करने का ऐलान भी किया है।

समाजवादी पार्टी ने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर अभी से कमर कस ली है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर जनवरी से ही प्रदेश के सभी जनपदों में बूथ स्तर तक पीडीए पंचायत का आयोजन शुरू हो गया है। बताया जा रहा है कि यह कार्यक्रम वर्ष 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने और अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने के संकल्प के साथ अनवरत जारी रहेगा। अयोध्या में जिला कमेटी के अलावा सभी फ्रंटल संगठनों को भी लगाया गया है। साथ ही प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में इसकी जिम्मेदारी जनप्रतिनिधियों व पिछले विधानसभा में प्रत्याशी रहे नेताओं को सौंपी गई है। महत्वपूर्ण स्थानों पर सांसद अवधेश प्रसाद स्वयं शामिल हो रहे हैं। शनिवार को सांसद ने जिले के वरिष्ठ नेताओं के साथ सर्किट हाउस में बैठक कर पीडीए महासम्मेलन को लेकर रणनीति बनाई। बताया जा रहा है कि सपा इसके माध्यम से जिले में अपनी मजबूत स्थिति दर्शाना चाहती है। साथ ही आगामी विधानसभा चुनाव लड़ने वाले संभावित प्रत्याशियों का भी टेस्ट लेने की तैयारी में है।

### डेरामूसी में सपा ने आयोजित की पीडीए पंचायत



डेरामूसी में चौपाल को सम्बोधित करते सपा नेता राघवेंद्र प्रताप सिंह अनूप।

**अयोध्या, अमृत विचार :** बीकापुर विधानसभा में रविवार को श्री हरि नारायन सिंह शिक्षण संस्थान डेरामूसी में सपा ने पीडीए पंचायत का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव में तानाशाही भारतीय जनता पार्टी की सरकार का अंत निश्चित है। कहा कि भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के कारण आज समाज का हर वर्ग किसान, नौजवान, महिलाएं, बुजुर्ग, छात्र, व्यापारी सभी पीड़ित हैं। भाजपा सरकार बाबा साहब के संविधान को खत्म करना चाहती है। आयोजक राघवेंद्र प्रताप सिंह अनूप ने कहा कि समाजवादी पार्टी की नीतियों को पीडीए पंचायत के माध्यम से जन जन तक पहुंचना होगा। संचालन अधिवक्ता दीपक सिंह ने किया। कार्यक्रम में कुंवर बहादुर सिंह, मोहम्मद राशिद, दीदार अब्बास, छविलाल यादव, सुशील रावत, राकेश वर्मा, धर्मदत्त पाठक, श्रीचंद यादव समेत अल्न्य मौजूद रहे।

### जनता में मौजूदा सरकार के प्रति आक्रोश: दान बहादुर

सपा के वरिष्ठ नेता व शिक्षक सभा के जिलाध्यक्ष दान बहादुर सिंह कहते हैं कि पीडीए पंचायत में जुट रही भीड़ से हम उत्साहित हैं। गरीबी, महंगाई, भ्रष्टाचार व संविधान बचाओं जैसे कई मुद्दे हैं, जिसको लेकर जनता में मौजूदा सरकार के प्रति आक्रोश है। जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव का कहना है कि पीडीए पंचायत राजनीतिक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि इसके माध्यम से हम आम जनता की समस्याओं को एमझकर उसका निदान करने का प्रयास कर रहे हैं।

# कर्तव्य बोध का विचार है लोकतंत्र की कसौटी

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** विश्व योग दिवस पर लोक नीति और इंडिया फाउंडेशन के तत्वावधान में शनिवार की देर शाम हाईवे स्थित एक होटल में दो दिवसीय चतुर्थ उत्तर प्रदेश यंग थिंकर्स मीट 2025 का आयोजन प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता वरिष्ठ भाजपा नेता राम माधव ने विषय की रूपरेखा को विस्तार से बताते हुए भारतीय लोकतंत्र के ऐतिहासिक यात्रा राम राज्य और राज धर्म की संकल्पना के बारे में विस्तार से बताया।

▸▸ **दो दिवसीय चतुर्थ उत्तर प्रदेश यंग थिंकर्स मीट 2025 का आयोजन**

उन्होंने कहा कि हम सब अपने कर्तव्य बोध के प्रति सचेत और समर्पित रहें। यह लोकतंत्र की सफलता के लिए एक आवश्यक पहलू है। प्रथम दिन उद्घाटन सत्र में श्रीराम जन्मभूमि न्यास परिषद के महासचिव चंपत राय ने भारतीय लोकतंत्र के 75वें वर्ष पर आधारित इस दो दिवसीय युवा चिंतन शिवर में पराधीनता से स्वाधीनता की भारत यात्रा और सामाजिक चेतना के प्रति जागरूकता पर बल दिया। महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने अतिथियों का स्वागत किया। अन्य सत्रों में स्वामी मित्रानंद महाराज व इतिहास संकलन परिषद के संजय ने भारतीय परंपरा और साहित्यिक मूल्यों की आवश्यकता पर युवा प्रतिभागियों का ध्यान आकर्षण किया। पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. महेंद्र सिंह ने मोदी सरकार के नेतृत्व में भारतीय लोकतंत्र किसी सशक्त होते स्वरूप के बारे में बताया।



कार्यक्रम को संबोधित करते भाजपा नेता राम माधव, मंचासीन ट्रस्ट महासचिव चंपत राय व महापौर गिरीश पति त्रिपाठी।

### विशेषज्ञों ने अलग-अलग विषय पर युवाओं को दिया संदेश

आंतरिक सुरक्षा के सत्र में विशिष्ट वक्ता पूर्व डीजीपी महेंद्र मोदी और मेजर जनरल एके चतुर्वेदी ने राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए टेक्नोलॉजी के बढ़ती आवश्यकता की ओर युवाओं का ध्यान आकर्षित किया। हर्षवर्धन सिंह ने युवा पीढ़ी और वर्तमान राजनीति के विषय पर अपनी बात रखी। विशिष्ट सत्र में जगतगुरु रामानंदाचार्य स्वामी राम दिनेश आचार्य, स्वामी कृपालु राम भूषण महाराज ने धर्म, आध्यात्मिक सेवा और समाज के विषय पर युवाओं को संदेश दिया। आयोजन समिति की तरफ से दिल्ली विश्वविद्यालय के डॉ. अभिषेक प्रताप सिंह व निदेशक लोक सत्येंद्र त्रिपाठी ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का धन्यवाद किया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के विभिन्न विश्वविद्यालय, शिक्षण संस्थान और सामाजिक क्षेत्र में काम कर रहे 70 से अधिक युवा मौजूद रहे।

# लेखपाल पर गलत रिपोर्ट लगाने का आरोप, जांच

**रुदौली, अमृत विचार:** तहसील रुदौली के दुल्लापुर गांव में खलिहान की सुरक्षित भूमि पर बने अवैध शौचालय और पशु शेड को हटाने के मामले में लेखपाल से गलत रिपोर्ट लगाने की शिकायत एसडीएम से की गई है। जानकारी के मुताबिक गांव दुल्लापुर की सुरक्षित खलिहान की भूमि का क्षेत्रफल 0.101 हेक्टेयर खलिहान पर गांव के कुछ लोगों ने शौचालय, पशु शेड बनवा लिया है। सरकारी भूमि खाली कराने की शिकायत गांव के देवेश कुमार ने एसडीएम से की थी। लेखपाल सुरेश कुमार पांडेय ने अपनी रिपोर्ट में खलिहान की आंशिक भूमि को खाली होने की रिपोर्ट एसडीएम को दी। आरोप है कि भूमि खाली होने की गलत रिपोर्ट दी गई है। उपजिलाधिकारी से देवेश ने लेखपाल के रिपोर्ट को जांच की मांग की है। एसडीएम अशोक सैनी ने बताया कि लेखपाल पर गलत रिपोर्ट देने की जांच कराई जा रही है। सत्यता होने पर कार्रवाई की जाएगी।

# पीड़ित के बयान के बाद तीन को हिरासत में लिया

अयोध्या कार्यालय

▸▸ **सात हजार रुपये लेकर ब्लड देने के मामले में पुलिस ने शुरू की जांच**

**अमृत विचार :** लाल खून के काले धंधे में संलिप्त आरोपियों की तलाश में पुलिस ने तीन संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पीड़ित अरविंद से पूछताछ के बाद ही इन तीनों को पुलिस ने उठाया है। इधर, अस्पताल की विभागीय टीम भी अपनी जांच में जुटी हुई है।




जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में संदिग्धों की तस्वीर सामने आने के बाद से पुलिस आरोपियों को ट्रैश कर रही थी। इसके अलावा ऑनलाइन पेमेंट लेने वाले गौतम व ब्लड देने वाले आकाश की भी लोकेशन खंगाल रही थी। रविवार दोपहर बाद सूचना आई की पुलिस ने तीन संदिग्धों को हिरासत में लिया है। हालांकि ये वही आरोपी हैं या कोई और। इस बात की जानकारी नहीं मिल पाई है। नगर कोतवाल अश्विनी पांडेय ने बताया कि अभी पूछताछ की जा रही है।

### 16 जून को सामने आया था मामला

महिला अस्पताल में भर्ती रीना के तीमारदार अरविंद निवासी मवई ने बताया था कि ब्लड बैंक से रक्त न मिलने के बाद पीपल के पेड़ के नीचे बैठे दो युवकों ने साथ हजार लेकर ए प्लस ग्रुप का ब्लड दिला दिया था। मौके पर सीएमओ डॉ. सुशील कुमार ने पहुंचकर सीसीटीवी फुटेज खंगलवाई थी और ऑनलाइन पेमेंट लेने वाले गौतम की तस्वीर सार्वजनिक करवाई थी। मामले में जिला अस्पताल प्रशासन ने तीन सदस्यीय जांच कमेटी गाठित की थी।

## सार-संक्षेप


इन्हौना संपर्क मार्ग पर निर्माणाधीन पुलिया का निरीक्षण करते विधायक रामचंद्र यादव।

### बारिश से पहले पूरा कराएं पुलिया निर्माण

**मवई, अमृत विचार :** रुदौली विधायक रामचंद्र यादव ने रविवार को बाबा बाजार–इन्हौना संपर्क मार्ग पर चल रहे पुलिया निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। धीमी गति से हो रहे निर्माण कार्य को देखकर उन्होंने नाराजगी जताई। विधायक ने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को बरसात से पहले पुलिया का निर्माण पूरा करने का निर्देश दिया। मार्ग रुदौली विधानसभा को शुकुल बाजार, इन्हौना, अमेठी और जगदीशपुर से जोड़ता है।

### नपं क्षेत्र में चार सड़क व दो पक्की नाली का लोकार्पण


नगर पंचायत के वार्ड नंबर 8 में सीसी सड़क का उद्घाटन करते चेयरमैन मो. राशिद व अन्य।

**पूरा बाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** नगर पंचायत भरतकुंड भदरसा के चेयरमैन मो. राशिद ने रविवार को दो सीसी व दो इंटरलॉकिंग मार्गों और दो पक्की नाली का लोकार्पण किया। कहा कि सड़कों के निर्माण से ही विकास का मार्ग प्रशस्त होता है। कहा कि नगर पंचायत के विस्तारित क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। वार्ड नंबर आठ में इब्राहिमपुर तकिया में मो. अहमद के घर से मस्जिद होते हुए अब्दुल गफ्फार के घर तक सीसी, वार्ड नंबर छह में कैल केशवपुर में पक्की सड़क से छेदी कोरी के घर से हरिद्वार पांडे के मकान तक इंटरलॉकिंग, वार्ड नंबर आठ में ही दोस्तपुर में रघुनाथ के घर से सुखदेव वर्मा के मकान तक इंटरलॉकिंग व पक्की नाली, वार्ड नंबर आठ में ही बकरीद के मकान से धर्मराज के मकान तक सीसी सड़क व नाली का उद्घाटन किया गया है। कार्यक्रम में राजीव कुमार गुप्ता सभासद, मंसाराम वर्मा पूर्व प्रधान, प्रदीप यादव पूर्व प्रधान, मो. जफर सभासद, मुनव्वर खान सभासद, लक्ष्मी पांडे, रवि यादव, भरत सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### हिंदी साहित्य भारती के पदाधिकारियों ने की डीएम से मुलाकात


डीएम निखिल टीकाराम फुंडे से मुलाकात के दौरान हिंदी साहित्य भारती के पदाधिकारी।

**अयोध्या, अमृत विचार :** हिंदी साहित्य भारती उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष प्रहलाद बाजपेई, प्रदेश महामंत्री डॉ. अमरनाथ दुबे, प्रदेश कोषाध्यक्ष किंजल्क कुमार त्रिवेदी, प्रदेश संयुक्त महामंत्री सुधीर शुक्ल, प्रदेश मंत्री मनोज कुमार और राजेश कपूर ने डीएम निखिल टी. फुंडे से मुलाकात की। हिंदी साहित्य भारती के प्रतिनिधि मंडल ने जिलाधिकारी से 24 अगस्त को अयोध्या में होने वाले सम्मेलन के बारे में जानकारी दी। कहा कि संगठन प्रत्येक नागरिक में राष्ट्रीय भावना को सुदृढ़ कर देश भक्त बनाने की दिशा में कार्यरत है। बताया कि सम्मेलन का मकसद नई पीढ़ी में हिंदी के प्रति रूझान बढ़ाना है। इसमें बड़ी संख्या में संगठन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता आएंगे।

# साइबर की दुनिया में सोच समझकर करें क्लिक

अयोध्या कार्यालय

▸▸ **साइबर अपराधों से सभी को सतर्क रहने की जरूरत: प्रो. अनूप कुमार**

**अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग में रविवार को वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के साइबर क्लब के नोडल अधिकारी एवं पत्रकारिता शिक्षक डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर ने साइबर अपराध की नई प्रवृत्तियां एवं बचाव विषय पर व्याख्यान दिया।

उन्होंने कहा कि विश्व में बढ़ते साइबर अपराध के आंकड़े चिंता का विषय हैं। छोटे स्तर से लेकर संगठित रूप में साइबर अपराधी आजकल घटनाओं को अंजाम दे रहे। साइबर की दुनिया में सोच समझकर क्लिक करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अब साइबर अपराधी फोन करके ओटीपी नहीं मांगते बल्कि मोबाइल हैक कर या फंसा कर ओटीपी हासिल करते हैं। समय से साइबर अपराध की सूचना साइबर क्राइम रिर्पोटिंग पोर्टल पर और 1930 पर दर्ज करना चाहिए। अध्यक्षता करते हुए जनसंचार एवं पत्रकारिता के समन्वयक प्रो. अनूप कुमार ने कहा कि आजकल साइबर अपराधी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और व्हाट्सअप का इस्तेमाल करके लाखों लोगों को निशाना बना रहे हैं। सोशल मीडिया पर फेक प्रोफाइल बनाकर विश्वास में लेकर पैसे लेना, क्रेडिट कार्ड व अन्य की जानकारी चुराना आम बात होती जा रही है। इससे सभी को सतर्क रहने की जरूरत है। संचालन विभाग के शिक्षक एवं पूर्व समन्वयक डॉ. विजयेन्दु चतुर्वेदी ने किया। अतिथि के प्रति धन्यवाद ज्ञापन डॉ आरएन पाण्डेय द्वारा किया गया। इस अवसर पर आशु शुक्ला, गीताजंलि मिश्रा, देवेन्द्र सिंह, विशाल तिवारी, प्रशांत तिवारी, शीलवर्धन, पारूल, प्रियंका, आदित्य सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# राज्य तैराकी प्रतियोगिता के लिए हुआ चयन

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** केडी सिंह बाबू स्टेडियम लखनऊ में 28 जून से आयोजित राज्य स्तरीय सब जूनियर व जूनियर तैराकी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाली अयोध्या टीम का चयन ट्रायल हुआ। डॉ. आंबेडकर राज्य विद्यालयीय क्रीड़ा संस्थान स्टेडियम के तरणताल में जिला तैराकी संघ के अध्यक्ष हरी कृष्ण अरोड़ा के निर्देशन में हुए चयन ट्रायल में तैराकों के अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। जिला तैराकी संघ के सचिव शिव करन सिंह, मुख्य कोच अखंड प्रताप सिंह व निक्कू सिंह ने खिलाड़ियों का ट्रायल लिया। तैराकों की प्रतिभा व योग्यता के आधार पर टीम में चयन किया गया। टीम में 50 व 100 मीटर फ्रीस्टाइल, 50, 100, 200 मीटर बटरफ्लाई में मोहम्मद आरमान खान, 50 मीटर बटरफ्लाई, 100 व 200 मीटर फ्रीस्टाइल में वीर वर्धन मिश्रा, 200 मीटर फ्रीस्टाइल, 100 मीटर बटरफ्लाई, 200 मीटर व्यक्तिगत मेडले में उद्धव तिवारी, 50 मीटर व 100 मीटर बैक स्ट्रोक में देवांश मिश्रा, 50 व 100 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक श्रेयान्श तिवारी, 100 व 200 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक, 200 मीटर व्यक्तिगत मेडले में दिव्यांश चौधरी चयनित किए गए।

# सोहावल के कई गांवों में बाढ़ से डूबती 500 हेक्टेयर की फसल

अयोध्या कार्यालय

▸▸ **अब जिओ बैग स्टड निर्माण और परक्यूपाइन से रोकने का होगा प्रयास**

▸▸ **साढ़े पांच करोड़ की परियोजना प्रमुख सचिव ने किया निरीक्षण**

**अमृत विचार:** सोहावल तहसील क्षेत्र में बाढ़ कार्य खंड की दो परियोजनाओं का शनिवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में पहुंचे जिले के नोडल अधिकारी/प्रमुख सचिव सिंचाई एवं जलसंसाधन, परती भूमि विकास, कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग अनिल गर्ग ने निरीक्षण किया। कहा कि इन परियोजनाओं के पूर्ण होने पर लगभग 500 हेक्टेयर फसलों की बाढ़ में कटान से सुरक्षा होगी। दूसरी परिसंपत्तियां सुरक्षित होंगी।

घाघरा नदी में बाढ़ से तट पर स्थित सोहावल तहसील क्षेत्र के सनाहा, दिनकरपुर, तहसीनपुर आदि गांवों में नदी के कटान से लगभग 253 हेक्टेयर भूमि जलमग्न होती है। कटान से बचाव के लिए 276.73 लाख रुपये की परियोजना पर काम हो रहा है। इसके तहत चार जिओ बैग स्टड निर्माण और सभी 905 मी. लंबाई में परक्यूपाइन लगाने का काम किया जा रहा है। परियोजना से तीन गांव, 2262 जनसंख्या और कृषि योग्य भूमि के साथ सार्वजनिक परिसंपत्तियों की घाघरा नदी की कटान से सुरक्षा की बात बताई गई।

इसी तहसील क्षेत्र के इस्माइलनगर सिंहोरा, दोस्तपुर रघू, सरजूपुर आदि गांव के कछार में घाघरा नदी की कटान से सुरक्षा के लिए दूसरी परियोजना चलाई जा रही है। बाढ़ के दौरान इन गांवों की लगभग 250 हेक्टेयर भूमि डूब से प्रभावित होती है। 275.79 लाख रुपये से तीन जिओ बैग स्टड निर्माण और 810 मी. लंबाई में परक्यूपाइन लगाने का कार्य किया जा रहा है। इसके पूर्ण होने से तीन गांव की चार हजार की आबादी और 250 हेक्टेयर कृषि योग्य भूमि के साथ-साथ सार्वजनिक परिसंपत्तियों की कटान से सुरक्षा होगा।

प्रमुख सचिव ने बताया कि इन दोनों परियोजनाओं के निर्माण कार्य लगभग समाप्त होने वाला है। निरीक्षण में पहुंच प्रमुख सचिव ने कार्य की उपयोगिता और गुणवत्ता से संतुष्टि जताई। प्रमुख सचिव के साथ जिलाधिकारी निखिल टी. फुंडे, मुख्य अभियन्ता शारदा सहायक प्रभाकर प्रसाद, मुख्य अभियन्ता सरयू प्रथम संजय त्रिपाठी, मुख्य अभियन्ता नलकूप-पूर्व शिवप्रसाद मौर्य, अधीक्षण अभियन्ता डीसीवर्मा, अधीक्षण अभियंता पंकज वर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।




## आज का मौसम

आगामी 24 घंटे में बादल छाए रहने एवं वर्षा होने की संभावना है।

35.0° अधिकतम तापमान | 26.0° न्यूनतम तापमान

## आज के कार्यक्रम



- श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर भाजपा द्वारा नगर निगम में प्रतिमा पर पुष्पांजलि सुबह 08:30 बजे से।




- मुख्य अभियंता वितरण कार्यालय पर निविदा संविदा कर्मियों का धरना सुबह 10:00 बजे से।
- भारतीय जनता पार्टी की क्षेत्रीय उपाध्यक्ष श्वेता सिंह की अध्यक्षता में बैठक सर्किट हाउस में अपराह्न 12:00 बजे से।
- विभिन्न विकास कार्यों को लेकर जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी की बैठक अपराह्न 03:00 बजे से।

# नवंबर में होगा राम मंदिर परिसर का लोकार्पण, फहराया जाएगा विजय ध्वज

**कार्यक्रम में प्रधानमंत्री समेत देश के नामी अतिथियों के शामिल होने की संभावना**

**श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने आयोजन के लिए तिथियों पर शुरू किया मंथन**

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट नवंबर माह में होने वाले आयोजन के लिए तिथियों पर मंथन करना शुरू कर दिया है, जिसमें राम मंदिर परिसर के लोकार्पण करने की तैयारी है। इसके साथ ही मुख्य मंदिर समेत सात अन्य मंदिर के शिखर पर लगे ध्वज दंड में विजय ध्वज फहराया जाएगा। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित देश के और भी नामी लोगों के शामिल होने की संभावना जताई जा रही है।

राम मंदिर परिसर को पूर्ण रूप से तैयार किए जाने की कवायद तेज हो गई है, जिसमें मुख्य मंदिर समेत परकोटा में छह मंदिर और ऋषि मुनियों के मंदिर को पूर्ण करने के साथ ही मूर्तियों को स्थापित कर प्राण प्रतिष्ठा किया गया है और अब परकोटा में शेष बचे कॉरिडोर और शेषावतार मंदिर और दो अन्य गेट का निर्माण चल रहा है। इसके अलावा परिसर में चल रहे लैंडस्केपिंग के कार्य को अगले चार माह में यानी अक्टूबर तक पूर्ण कर सजाने-संवारने के साथ दिव्यता प्रदान करने का कार्य किया जाएगा।

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के धार्मिक समिति के सदस्य गोपाल जी राव बताते हैं कि परकोटा के निर्माण में छह मंदिर का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, जहां विधि विधान पूर्वक पूजन अर्चन चल रहा है। अब परकोटा में उत्तर और दक्षिण दिशा की ओर 75-75 फीट के कॉरिडोर को मिलाने का कार्य किया जाएगा। यह एक बड़ा कार्य है, जिसको अक्टूबर तक पूरा कर लिया जाएगा। वहीं शेषावतार मंदिर का कार्य प्रगति पर है। इसके बाद मंदिर और कॉरिडोर के बीच में कोर्टयार्ड में हरियाली होगी और कुछ स्थान पर मार्बल लगेगा। बताया कि नवंबर में एक बड़ा कार्यक्रम आयोजित किए जाने की तैयारी है, लेकिन अभी तिथि तय नहीं हो सकी है। राम मंदिर सहित अन्य सात मंदिरों पर पताका फहराई जाएगी। वह राम मंदिर का अंतिम कार्यक्रम होगा। वहीं प्रधानमंत्री सहित अन्य अतिथियों के आने के सवाल पर कहा कि यह एक भव्य आयोजन होगा, जिसमें सभी लोग आएंगे। आपस में विचार किया जा रहा है।



राम मंदिर का विहंगम दृश्य।

### पीढ़ियों के लिए संग्रहालय में संरक्षित होंगे राम जन्मभूमि से प्राप्त अवशेष



कुबेर टीला मार्ग के दौरान प्राप्त अवशेष।

**अयोध्या कार्यालय अमृत विचार:** सरयू तट स्थित अंतरराष्ट्रीय राम कथा संग्रहालय में श्रीराम जन्मभूमि से प्राप्त हुये पुरावशेष को संरक्षित रखने की प्रक्रिया लगातार गतिशील है। इसके लिए संग्रहालय में 20 अलग-अलग गैलरियां तैयार की जा रही हैं। संग्रहालय की समिति और राम मंदिर ट्रस्ट गंभीर है। ट्रस्ट के मुताबिक ढांचा गिरने से पूर्व और उसके पश्चात श्रीराम जन्मभूमि में प्राप्त हुए महत्वपूर्ण पुरावशेषों को वर्तमान और भविष्य की पीढ़ियों के लिये सुरक्षित रखना आवश्यक है। कुछ दिन पूर्व परिसर में स्थित कुबेर टीला मार्ग निर्माण के दौरान भी हजारों वर्ष प्राचीन काल खंड के कुछ ऐतिहासिक अवशेष प्राप्त हुये हैं। इसमें दो शेर और उस पर सवार देवी की आकृति प्रतीत हो रही है। वर्तमान में यह सभी अवशेष राम जन्मभूमि परिसर में सुरक्षित रखे गए हैं। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र महामंत्री चम्पतराय ने कहा कि चाहे वह न्यायालय के निर्णय से जुड़ी हुई न्यायिक पांडुलिपि हो या फिर पूर्व और वर्तमान में प्राप्त पुरावशेष। इन सभी को संरक्षित और सुरक्षित रखना हमारा कर्तव्य है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में संविदाकर्मी की मौत, पिता को आया हार्ट अटैक

अयोध्या कार्यालय



▸▸ कोतवाली नगर के जनौरा का निवासी विकास पॉवर कॉर्पोरेशन में था संविदाकर्मी

धरने पर बैठा विकास तिवारी (लाल घेरे में)। फाइल फोटो

**अमृत विचार :** कोतवाली नगर अंतर्गत जनौरा इलाके में रहने वाले एक युवक की शनिवार की देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वहीं, इससे आहत उनके पिता को हार्ट अटैक आ गया। मृतक पॉवर कारपोरेशन में संविदा पर तैनात था। बताया जा रहा है कि नौकरी जाने से वह अवसाद में था। दूसरी तरफ पारिवारिक कलह की बात भी सामने आ रही है। फिलहाल अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव को परिवारीजनों के हवाले कर दिया। रविवार शाम को अंतिम संस्कार भी कर दिया गया।

जनौरा निवासी विकास तिवारी (28) ताराचंद तिवारी पॉवर कॉर्पोरेशन में संविदा के पद पर तैनात था। वह अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र था। विभाग द्वारा प्रदेश के सभी संविदाकर्मियों की सेवा समाप्त करने के बाद से चल रहे आंदोलन में वह सक्रिय भागीदारी निभा रहा था। बताया जा रहा है कि शनिवार की रात उसकी तबियत अचानक खराब होने लगी, जिसके बाद उसे जिला अस्पताल ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर उसे दर्शननगर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया, जहां पहुंचने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत का कारण संदिग्ध लगने पर अस्पताल ने मेमो भेजकर शव को पोस्टमार्टम के लिए मॉर्चरी में भेजवा दिया। वहीं, इकलौते बेटे की मौत की जानकारी मिलने पर पिता ताराचंद तिवारी को हार्ट अटैक आ गया, जिन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल मौत के कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही स्पष्ट होंगे। नगर कोतवाल अश्विनी पांडेय ने बताया कि इस संबंध मुझे कोई जानकारी नहीं है।

## साथी की मौत पर संविदा कर्मियों ने त्यागा अन्न-जल, जताया शोक

**अयोध्या, अमृत विचार :** मुख्य अभियंता वितरण कार्यालय पर चल रहे निविदा कर्मियों के धरने के बीच जैसे ही विकास तिवारी के निधन की सूचना पहुंची तो शोक छा गया। रविवार को धरने पर बैठे कर्मियों ने दिन भर के लिए अन्न जल त्याग कर मुख्य अभियंता पर कर्मियों की प्रताड़ना का आरोप लगाया है। विद्युत मजदूर पंचायत का कहना है कि संविदा कर्मी विकास तिवारी की मौत नौकरी से हटाए जाने के सदमे के चलते हुई है। पंचायत के कार्यवाहक अध्यक्ष सुशील कुमार मौर्या ने कहा कि विकास तिवारी निष्कासित किए जाने के बाद से डिप्रेशन में चल रहा था और उसने शनिवार रात जहर खा लिया। उन्होंने बताया कि अब तक 62 दिन के धरने में तीन संविदा कर्मी बीमार पड़ चुके हैं। विद्युत उप पंचायत के प्रांतीय उपमंत्री रघुवंश मिश्रा ने आरोप लगाया कि नौकरी जाने के कारण सदमें में उसकी मौत हो गई। जिलाध्यक्ष जय गोविन्द ने निष्कासन के लिए मुख्य अभियंता को जिम्मेदार बताया। वहीं रविवार को हुई शोक सभा में दो मिनट का मौन रखते हुए सभी धरनाकारियों ने अन्न जल नहीं ग्रहण किया। सोमवार को पूरे घटनाक्रम पर पंचायत की आपात बैठक बुलाई गई है। संचालन आफताब अहमद ने किया। शोक सभा में बड़ी संख्या में बिजली कर्मी उपस्थिति रहे।



मुख्य अभियंता वितरण कार्यालय परिसर में संविदा कर्मी विकास तिवारी को श्रद्धांजलि देते निविदा संविदा कर्मचारी।

## हत्या का आरोपी कुख्यात अपराधी गिरफ्तार

**अयोध्या, अमृत विचार:** थाना कुमारगंज पुलिस ने हत्या के एक मामले में वांछित चल रहे कुख्यात अपराधी को गिरफ्तार कर लिया है।थाना प्रभारी ओम प्रकाश ने बताया कि घटना 21 मार्च 2025 की है। गांव सराय हेमराज बड़ी नहर में एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई थी। इसमें अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया गया था। मामले की जांच कर रही पुलिस ने रविवार को घटना के आरोपी मुकेश तिवारी निवासी ग्राम पूरे लादी तिवारी का पुरवा समरथपुर थाना बल्दीराय जनपद सुल्तानपुर को पिठला तिराहा के पास गिरफ्तार कर लिया। बताया कि आरोपी शातिर अपराधी है, उसके खिलाफ सुलतानपुर में दो, लखनऊ में दो, बाराबंकी में दो व अयोध्या में एक मुकदमे दर्ज हैं। बाराबंकी जिले की सतरिख थाना पुलिस ने वर्ष 2023 में गैंगस्टर एक्ट के तहत भी कार्रवाई की थी। आरोपी का चालान कर दिया गया है।

# सोहावल में 3 अस्पतालों की ओटी सील

सोहावल, अयोध्या

**अमृत विचार:** सोहावल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र क्षेत्र के कई निजी अस्पतालों पर सीएमओ डॉ. सुशील बानियान ने रविवार को छापा मारा। मरीजों के इलाज और प्रसव से संबंधित कागजातों मरीजों का रजिस्टर खंगाला। इस कार्रवाई से अन्य संचालकों में हड़कंप मच गया। ज्यादातर निजी प्रेक्टिशनर दुकान बंद कर भाग निकले।

सीएमओ ने साहू मेडिकल सेंटर, लाइफ केयर सेंटर और न्यू लाइफ केयर सेंटर पर की जांच पड़ताल की। कई अस्पतालों में नर्स और प्रसव से संबंधित डॉक्टर नहीं मिले। बताया गया कि गंदगी और मरीजों की देखभाल में खामियां मिलने पर संचालकों को कड़ी फटकार लगाते हुए तीन केंद्रो के आपरेशन थियेटर को सील कर दिया। सोहावल अस्पताल में मरीजों का इलाज रजिस्टर नहीं मिला। इस पर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। छापामारी टीम में डिप्टी सीएमओ डॉ संदीप शुक्ला, डॉ. बीपी त्रिपाठी, डिप्टी सीएमओ डॉ. राजेश चौधरी, डॉ. आर एम शुक्ला मौजूद रहे।




सोहावल हास्पिटल में छापेमारी के दौरान सीएमओ डॉ. सुशील बनियान व जांच टीम के सदस्य।

▸▸ **सीएमओ का प्राइवेट मेडिकल सेंटरों पर छापा, मचा हड़कंप**

## सड़क दुर्घटना में वृद्ध की मौत

**पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार:** पुलिस चौकी पूरा बाजार अंतर्गत बाजार में बच्चू लाल इंटर कॉलेज के पास के रहने वाले राम बक्श (85) की सड़क दुर्घटना में घटनास्थल में मौत हो गई। रामबक्श की पुत्री निशा ने बताया कि उनके पिता खेत की रखवाली करने के लिए जा रहे थे। रात में किसी वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे घटना स्थल पर ही उनकी दर्दनाक मौत हो गई। चौकी प्रभारी पूरा बाजार वीरेंद्र कुमार पाल ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुत्री निशा ने दुर्घटना की तहरीर दी है। सीसीटीवी कैमरे की मदद से वाहन की पहचान की जा रही है।

# रुदौली में एसडीएम से नाराज वकीलों ने किया कार्य बहिष्कार

रुदौली, अयोध्या।

▸▸ **कार्य बहिष्कार के कारण वादकारियों को बिना सुनवाई लौटना पड़ रहा**

**अमृत विचार:** उप जिलाधिकारी रुदौली अशोक सैनी के तहसील न आने से नाराज अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य का बहिष्कार कर दिया। अधिवक्ताओं के कार्य बहिष्कार से वादकारियों को मुकदमे की बिना सुनवाई जाना पड़ रहा है।

शासन की मंशा जल्द मुकदमों को निपटने ही है। इसके लिए तहसीलों में न्यायिक अधिकारियों की तैनाती की गई है। अधिकारियों के न आने से अधिवक्ता से वादकारी तक परेशान रहते हैं। अधिवक्ताओं को उपजिलाधिकारी रुदौली का तहसील बीते कई दिनों से न आना अखर गया। बार एसोसिएशन की बैठक में उप जिलाधिकारी रुदौली के बीते कई दिनों से न्यायालय और तहसील मुख्यालय न आने का मुद्दा गरमा गया। अधिवक्ताओं ने कहा कि अत्यधिक संख्या में अधिवक्ताओं की पत्रावलियां लंबित पड़ी है। पत्रावलियों के फर्द काम पर हस्ताक्षर नहीं हो पा रहा है। उप जिलाधिकारी के न आने से विभिन्न न्यायालय के आदेश की पत्रावलियों मे अमल दरामद का कार्य काफी दिनों से लावारिस अवस्था में पड़ा है। समयबद्ध तरीके से अमलदरामद तक नहीं हो पा रहा। शानिवार को तहसील दिवस की शिकायतों को सुन कर एसडीएम निकल गए। बार अध्यक्ष गोरखनाथ तिवारी ने बताया की उपजिलाधिकारी कई दिन से लगातार नहीं आ रहे है। अधिवक्ताओं वादकारियों और फरियादियों में इसको लेकर नाराजगी है। इसलिए अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत हो गए। बार महामंत्री रविंद्र तिवारी, कोषाध्यक्ष नन्द किशोर यादव आदि मौजूद रहे।

# रात 10 से सुबह 6 बजे तक यातायात प्रतिबंधों में मांगी छूट

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** अयोध्या धाम के व्यापारियों का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को विधायक वेद प्रकाश गुप्ता से मिला। अपनी समस्याओं को लेकर तीन सूत्रीय ज्ञापन सौंपा।

सौंपे गए ज्ञापन में व्यापारियों ने रात्रि 10 बजे से प्रातः छह बजे तक माल ढुलाई पर लगे यातायात प्रतिबंधों में छूट देने की मांग की। बताया कि पूर्व में इस संबंध में जिलाधिकारी ने आदेश भी जारी किया गया था। लता चौक से टेढ़ी बाजार तक चलने वाले आस्था रथ को पूरे रामपथ पर संचालित करने, अयोध्या धाम क्षेत्र में स्थित होटल व होम स्टे में ठहरने वाले श्रद्धालुओं के वाहनों को अंदर तक आने की अनुमति देने की मांग की।



नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता को ज्ञापन सौपते व्यापारी। अमृत विचार

विधायक गुप्ता ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा और व्यापारियों के हितों के बीच संतुलन बनाते हुए समुचित व्यवस्था की जाएगी। आश्वासन दिया कि व्यापारिक गतिविधियों को बाधित किए बिना सुरक्षा और यातायात नियंत्रण के दिशा-निर्देशों में आवश्यक संशोधन पर विचार किया जाएगा। कहा कि वह इस संबंध में जिलाधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारियों से शीघ्र वार्ता सकारात्मक निर्णय के लिए प्रयास करेंगे। ज्ञापन देने वालों में पंकज गुप्ता, अनिल मौर्य, विनोद पाठक, बृज किशोर गुप, अचल कुमार गुप्ता मौजूद रहे।

# राम मंदिर में श्रद्धालुओं के लिए बेहतर व्यवस्था पर हुआ मंथन

**अयोध्या, अमृत विचार :** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद अयोध्या धाम की विशेष बैठक बेहतर व्यवस्था पर मंथन किया गया। मंदिर परिसर में बैठक के दौरान राम मंदिर में सेवा दे रहे पूर्व सैनिकों के साथ श्रीराम जन्मभूमि क्षेत्र के ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्रा, व्यवस्थापक गोपालजी, जिलाध्यक्ष प्रकाश पाठक मौजूद रहे। अतिथियों के स्वागत, अभिनंदन, दीप प्रज्वलन के साथ शुरू हुए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्रा ने परिषद के पदाधिकारी से आग्रह किया परिषद मंदिर के अंदर यात्री सुविधा केंद्र और नया घाट पर एक हेल्थ टेस्ट चलाएं जो अयोध्या में आने वाले श्रद्धालुओं का मार्ग दर्शन दे सकें।

विशिष्ट अतिथि विहिप के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गोपाल जी सबसे कुछ नई प्रेरणा लेकर मंदिर में लगातार नए सुधार किए जा रहे हैं। परिषद के जिलाध्यक्ष श्रीप्रकाश पाठक ने परिषद के कार्य पद्धति को और सबल सुसंस्कृत और विशेष बनाने की अवधारणा को मजबूत करने की बात कही। संचालन सूबेदार मेजर और परिषद के मीडिया प्रभारी बीके द्विवेदी ने किया। कार्यक्रम में सूबेदार मेजर बलिंदर भूषण मिश्रा, कैप्टन जेपी द्विवेदी, कैप्टन केके तिवारी, कप्तान एसपी दुबे, कैप्टन वीके सिंह कैप्टन कृष्ण कुमार त्रिपाठी, नायक सूबेदार सिद्धनाथ शर्मा सहित अन्य लोग थे।



बैठक को संबोधित करते ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा।

## सार-संक्षेप

### भूमि विवाद में पड़ोसी ने की थी बुजुर्ग की हत्या

**मवई, अयोध्या/अमृत विचार :** बाबा बाजार थाना क्षेत्र में खेत की बटाई को लेकर हुए विवाद में पड़ोसी ने बुजुर्ग जगजीवन पाल की हत्या कर दी थी। पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। बाबा बाजार थाना प्रभारी शैलेंद्र कुमार आजाद ने बताया कि घटना 19 जून 2025 की सुबह 8:30 बजे की है। क्षेत्र के ग्राम कलापुर मजरे रेंछ में जगजीवन पाल (72) का शव उनके घर की चारदीवारी के अंदर हैंडपंप के पास मिला था। पुलिस ने तत्काल मौके का निरीक्षण किया और जांच टीम का गठन किया। साक्ष्य संकलन के आधार पर 21 जून को पुलिस ने आरोपी जागोराम (58) को गिरफ्तार कर लिया। जागोराम मृतक का पड़ोसी था। जांच में पता चला कि दोनों के बीच खेत की बटाई को लेकर विवाद था। इसी रंजिश में जागोराम ने 18-19 जून की रात को जगजीवन पाल की हत्या कर दी थी। आरोपी का चालान कर दिया गया है।

### महिला को ब्लैकमेल करने के आरोप में युवक पर केस

**अयोध्या, अमृत विचार :** कोतवाली नगर के एक इलाके में फेसबुक पर दोस्ती, फिर शारीरिक संबंध बनाने के दौरान बनाए गए वीडियो को वायरल कर पैसे ऐंठने के आरोप में पुलिस ने युवक के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी व पीड़िता एक ही इलाके के रहने वाले हैं। पीड़िता ने अपनी तहरीर में बताया था कि आरोपी ने शादी का झांसा देकर उसके साथ संबंध बनाया व इस दौरान उसका वीडियो भी बना लिया। बाद में शादी के लिए दबाव बनाने पर उसने वीडियो के माध्यम से ब्लैकमेल करके उससे 1.80 लाख रुपये वसूल लिए। अब दो लाख की मांग कर रहा है। नगर कोतवाल अश्विनी पांडेय ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी गई है।

### अपर निदेशक कृषि ने किया सहफसली खेती का निरीक्षण



निरीक्षण के दौरान अपर निदेशक कृषि डॉ.जगदीश भट्ट व अन्य।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** अपर निदेशक कृषि (गेंहू एवं मोटा अनाज) डॉ.जगदीश भट्ट ने सहफसली खेती का निरीक्षण किया। सोहवल ब्लॉक में मंगलसी गांव के प्रगतिशील किसान शोभाराम के प्रक्षेत्र के भ्रमण और निरीक्षण के दौरान धान शियाट्स चार की रोपाई बेड सिस्टम पर सह-फसली के रूप में की गई मिली। किसान विक्कल वर्मा के प्रक्षेत्र पर सहफसली के रूप में मलचिंग पेपर पर मिर्च के साथ संकर मक्का का निरीक्षण किया। मक्का की फसल बहुत अच्छी दिखी। शोभाराम के सह-फसली मॉडल आम, केला की बागवानी, गेंदा की नर्सरी, हल्दी, फैजाबादी बंडा को देखकर अपर कृषि निदेशक ने किसान की तारीफ और प्रसन्नता व्यक्त की। उनके साथ अपर जिला कृषि अधिकारी राहुल कुमार मिश्र, वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप बी रंजीत त्रिपाठी के साथ किसान मौजूद थे।

**स्वास्थ्य** | दिल को लगे झटका तो यहां से लखनऊ तक मिलेगा नि:शुल्क इलाज

# नौ अस्पतालों की स्टेमी केयर यूनिट में मिलेगा हृदय रोगियों को इलाज

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** हृदयाघात (हार्ट अटैक) जैसी जानलेवा को देखते हुए जिले में स्वास्थ्य विभाग ने एक बड़ी पहल की है। प्राथमिक उपचार के लिए नौ अस्पतालों में स्टेमी केयर यूनिट की स्थापना कराई गई है। इन यूनिट्स में हृदयाघात के मरीजों को गोल्डन पीरियड (पहले एक घंटे) में तत्काल इलाज देकर उनकी जान बचाई जा सकेगी। ऐसा विभाग की ओर से दावा किया जा रहा है।

इन यूनिट्स में 50 हजार रुपये की कीमत वाला टेनेक्टेप्लेस इंजेक्शन स्टॉक में रखा गया है, जो हार्ट अटैक के लक्षण दिखने पर मरीज को तुरंत दिया जाता है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार, सीने में तेज दर्द, सांस लेने में तकलीफ, अचानक पसीना आना या बांहों में दर्द जैसे हृदयाघात के लक्षण दिखते ही मरीज को तुरंत नजदीकी स्टेमी केयर यूनिट वाले अस्पताल में पहुंचना चाहिए। इन यूनिट्स में मरीज के पहुंचने पर तत्काल ईसीजी किया जाता है। हार्ट अटैक के लक्षण दिखने पर लखनऊ स्थित राम मनोहर लोहिया स्थित हृदय रोग विभाग के चिकित्सकों से संपर्क कर मरीज के बारे में अवगत कराया जाता है। वहां के चिकित्सकों की सलाह पर प्राथमिक उपचार के तौर पर टेनेक्टेप्लेस इंजेक्शन दिया जाता है।

### पांच सीएचसी में भी बनी है यूनिट

| अस्पताल | स्थल | स्टॉक इंजेक्शन |
|---|---|---|
| जिला अस्पताल | अयोध्या | 2 |
| श्रीराम | अयोध्या धाम | 2 |
| 100 शैय्या | कुमारगंज | 4 |
| 50 शैय्या | देवगांव | 2 |
| सीएचसी | रूदौली | 2 |
| सीएचसी | बीकापुर | 1 |
| सीएचसी | पूराबाजार | 1 |
| सीएचसी | मिल्कीपुर | 5 |
| सीएचसी | सोहावल | 2 |

नोट-इंजेक्शन खत्म होने पर तत्काल कॉर्पोरेशन से पहुंचाया जाता है।

### लोहिया के डॉ. भुवन की देख-रेख में होता है इलाज

प्राथमिक उपचार के बाद मरीज को निशुल्क एंबुलेंस सेवा के जरिए लखनऊ के गोमती नगर स्थित डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल में रेफर किया जाता है। वहां कार्डियोलॉजी डिपार्टमेंट के एचओडी डॉ. भुवन त्रिपाठी की देखरेख में कैथ लैब में मरीज की एंजियोग्राफी और आवश्यकता पड़ने पर एंजियोप्लास्टी की जाती है। यह सब सुविधाएं निशुल्क मिलती है।



### अब तक आठ मरीजों की बचाई जा चुकी है जान

स्टेमी केयर यूनिट नौ जगहों पर स्थापित होने के बाद अब तक सात हृदयाघात के रोगियों की जान बचाई जा चुकी है। जिला अस्पताल में पांच, रुदौली में दो व कुमारगंज में पहुंचे एक हृदयाघात के मरीजों को टेनेक्टेप्लेस इंजेक्शन देकर जान बचाई जा चुकी है।

### खून के थक्कों को तोड़ता है टेनेक्टेप्लेस

यह इंजेक्शन रक्त वाहिकाओं में जमा थक्कों को तोड़ने में सहायक होता है, जिससे हृदय तक ऑक्सीजन युक्त रक्त का प्रवाह फिर से शुरू हो जाता है। यह इंजेक्शन केवल विशेषज्ञ चिकित्सक की देखरेख में दिया जाता है।

### अस्पतालों में चिकित्सक व स्टाफ को किया गया है प्रशिक्षितः डॉ. दीपक

स्वास्थ्य विभाग के एसीएमओ व स्टेमी केयर यूनिट के नोडल अधिकारी डॉ. दीपक पांडेय ने बताया कि यूनिट्स की स्थापना से जिले में हृदयाघात के मरीजों की मृत्यु दर में कमी लाने में मदद मिल रही है। हमारा लक्ष्य है कि हर मरीज को गोल्डन पीरियड में इलाज मिले, ताकि उनकी जान बचाई जा सके। इस योजना से इलाज पूरी तरह निशुल्क मिलता है। प्रमुख सचिव स्वास्थ्य खुद इस प्रोजेक्ट की मॉनिटरिंग कर रहे हैं।

## सार-संक्षेप

### चार जिलों के अल्पज्ञात धार्मिक स्थलों का होगा विकास

**अमृत विचार, लखनऊ :** पर्यटन विभाग द्वारा करीब छह करोड़ 46 लाख रुपये की धनराशि से बदायूं, बरेली, बिजनौर और शाहजहांपुर में स्थित ऐतिहासिक एवं पौराणिक स्थलों का विकास कराया जाएगा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि बदायूं के उसावा रोड स्थित बोधिसत्व अम्बेडकर बुद्ध विहार में 56.86 लाख रुपये से पर्यटकों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराई जा सकेंगी। बरेली के अहिक्षेत्र पार्श्वनाथ अतिशय तीर्थ क्षेत्र दिगंबर जैन मंदिर एवं रामनगर किले के पर्यटन विकास के लिए कुल 1.39 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। बरेली के ही भोजीपुरा स्थित सेमीखेड़ा दाऊजी प्राचीन शिव मंदिर के लिए 1.39 लाख रुपये से अधिक की धनराशि स्वीकृत की गई है। शाहजहांपुर के पुवायां के ग्राम गुढ़िया स्थित 52 दरवाजा ठाकुर जी मंदिर का 45.39 लाख रुपए से पर्यटन विकास कार्य कराया जा रहा है।

### डॉ. मुखर्जी के बलिदान दिवस पर आज होंगी संगोष्ठियां

**लखनऊ :** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर सोमवार को भाजपा जिला स्तर पर संगोष्ठियां आयोजित करेगी। पार्टी के वरिष्ठ नेता, प्रदेश पदाधिकारी, क्षेत्रीय अध्यक्ष, सांसद, विधायक संगोष्ठियों के माध्यम से डॉ. मुखर्जी के प्रेरक जीवन पर संवाद करते हुए जनमानस को राष्ट्रीय और सामाजिक सरोकार से जोड़ेंगे।

### गन्ने की 243 सर्वोत्तम किस्में किसानों को दे रहीं लाभ

**अमृत विचार, लखनऊ :** गन्ने की 243 सर्वोत्तम किस्में प्रदेश के किसानों को ज्यादा लाभ दे रही हैं। इस बीच, राज्य सरकार ने गन्ना किसानों को समुचित सुविधाएं देने के निर्देश दिये हैं। अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में 10 वर्षों के भीतर गन्ने की जलवायु आधारित किस्मों का विकास किया गया है। प्रदेश में 59 प्रमुख किस्में उगाई जा रही हैं। इनमें 28 अगेती और 31 मध्य पछेती वर्तमान में काफी सफलतापूर्वक प्रयोग की जा रही हैं।

### जब्त किए गए दुकान से मिले घरेलू सिलेंडर

**बाराबंकी, अमृत विचार :** 2023 के दिसंबर माह में प्रसिद्ध समोसा की दुकान से बरामद हुए 7 घरेलू सिलेण्डरों को आवश्यक वस्तु एवं खाद्य अधिनियम के तहत जब्त करने की कार्रवाई की गई है। क्षेत्राधिकारी नगर, थाना कोतवाली नगर पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम ने 24 दिसंबर 2023 को दशहराबाग पंचम दास कुटी पर चल रहे प्रतिष्ठान समोसा सम्राट की दुकान पर छापा मारा। कार्यवाही के दौरान दुकान पर 7 घरेलू गैस सिलेण्डर का अवैध रूप से कामर्शियल रूप में प्रयोग होता मिला। इसके अलावा मौके पर 3 छोटे गैस चूल्हा व 1 बड़ा गैस चूल्हा भी बरामद हुआ था। बरामदगी के आधार पर थाना कोतवाली नगर पर आवश्यक वस्तु एवं खाद्य अधिनियम के तहत दुकान स्वामी वीरेन्द्र गुप्ता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई। घरेलू गैस सिलिण्डरों का अवैध रूप से व्यवसायिक रूप में प्रयोग कर आर्थिक एवं भौतिक लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से किया गया। डीएम के निर्देश के बाद इन सिलेंडरों को जब्त करने की कार्रवाई की गई।

### ईकेवाइसी की आखिरी मियाद 30 जून तक

**बाराबंकी, अमृत विचार :** एक बार फिर राशन कार्ड ई केवाइसी की अंतिम तिथि 30 जून तय की गई है। इसके बाद केवाईसी का अवसर न मिलने और राशन वितरण में परेशानी की बात कही गई है। जिला पूर्ति अधिकारी राकेश तिवारी ने बताया कि सभी राशन कार्डधारक अपने राशन कार्ड में शामिल समस्त यूनिट सदस्यों की ईकेवाइसी 30 जून तक अनिवार्य रूप से करवा लें। ऐसा न करने पर भविष्य में राशन वितरण में असुविधा हो सकती है साथ ही केवाइसी न कराने वाले परिवारों का नाम संभावित रूप से अपात्र सूची में जोड़ा जा सकता है। उन्होने कहा कि राशन कार्ड में सम्मिलित सभी सदस्यों की ईकेवासी कराना अनिवार्य है।

# महिला सुरक्षा में प्रदेश की रेटिंग देश में नंबर वन : अपर्णा

## आयोग की उपाध्यक्ष का भाजपा के नेताओं ने किया जोरदार स्वागत

कुमारगंज, अयोध्या

**अमृत विचार :** राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा के मामले में उत्तर प्रदेश पूरे भारत देश में नंबर एक पर है। कहा कि 2018 से पहले जब दूसरी सरकारें थीं तब रेटिंग आठवें और नौवें स्थान पर थी। प्रदेश 2022 के बाद 2025 में प्रथम स्थान पर है। कहा कि उन्हें कार्य करते हुए अभी एक ही वर्ष हुआ है।

वह अयोध्या में एक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद वाया अयोध्या-रायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग होते हुए लखनऊ जा रही थी। इस दौरान भाजपा नेताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। पत्रकारों से बातचीत में मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र से गुजरने वाली सुल्तानपुर यूनाइट ब्रांच नहर में पानी के अभाव के चलते किसानों की धान की नर्सरी से लेकर रोपाई तक बाधित होने के सवाल पर कहा कि हमारा केंद्रीय नेतृत्व किसानों की समस्याओं को लेकर बेहद संजीदा है। कर्ज माफी सहित जितनी योजनाएं किसानों के लिए भाजपा सरकार ने चलाई है। शायद ही किसी सरकार ने अब तक किया हो। उन्होंने कहा कि किसानों की समस्या और उनकी चिंता केंद्रीय नेतृत्व के समक्ष रखेंगे कि मिल्कीपुर क्षेत्र की जनता विद्युत समस्या एवं नहरों में पानी के अभाव में सिंचाई की समस्या से जूझ रही है।

मिल्कीपुर पेट्रोल पंप चौराहे पर विधायक चंद्र भानु पासवान, प्रधान अभिषेक सिंह, भोला, सरजू दुबे, बृजेश पाण्डेय, विनोद सिंह, दिनेश सिंह, लाल जी सिंह, अभिषेक सिंह, विनीत सिंह, शांति देवी सहित अन्य भाजपा नेता और कार्यकर्ताओं ने अभिनंदन किया।



रायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग पर राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव को रामलला का स्मृति चिह्न भेंट करते विधायक चंद्रभान पासवान



कृषि विवि के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में जल भरो से गोष्ठी की शुरुआत करतीं महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव, विधायक चंद्रभानु पासवान व कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह।

### छात्राओं को पढ़नी चाहिए सशक्त महिलाओं की जीवनी : अपर्णा

**कुमारगंज, अमृत विचार :** राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव आचार्य नरेंद्र कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में महिलाओं की समस्याएं एवं समाधान विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी में शामिल हुईं। जल-भरो के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। समस्त अतिथियों को सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि सभी छात्राओं को सशक्त महिलाओं की जीवनी के बारे में पढ़ना चाहिए और उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। सोशल मीडिया के उपयोग पर अपना विचार साझा किए। कन्या सुमंगला योजना से जुड़ने की बात कही। कार्यक्रम को कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह, मिल्कीपुर विधायक चंद्रभानु पासवान, रुदौली विधायक रामचंद्र यादव ने भी संबोधित किया। संयोजन अधिष्ठाता डॉ. साधना सिंह ने किया। सरिता श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों के प्रति धन्यवाद व्यापित किया। संचालन डॉ तृप्ति वर्मा ने किया। मौके पर दो सौ छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।



समारोह में सम्मानित हुए मेधावी मुख्य अतिथि महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी के साथ। अमृत विचार

### यूपी बोर्ड व सीबीएसई बोर्ड के हाईस्कूल व इंटर के 50 मेधावियों का हुआ सम्मान

**अयोध्या, अमृत विचार :** एक न्यास के तत्वावधान में रविववार को सर्किट हाउस में आयोजित सम्मान समारोह में जिले के यूपी बोर्ड व सीबीएसई बोर्ड के हाईस्कूल व इंटर के शीर्ष 50 मेधावी छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने प्रमाणपत्र, स्मृति चिन्ह, किट व प्रेरक पुस्तकें प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि साकेत महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ. अभय कुमार सिंह थे। समारोह की अध्यक्षता संयुक्त शिक्षा निदेशक डॉ. योगेंद्र प्रताप सिंह ने व संचालन आचार्य अभिनव शंकर ने किया। इस मौके पर न्यास अध्यक्ष अभिनव सिंह राजपूत, पूजा सिंह, शिवकरण सिंह, रविंद्र प्रताप सिंह, धर्मेंद्र सिंह, जयप्रकाश श्रीवास्तव, नलिन चतुर्वेदी आदि उपस्थित रहे।

## दो दिवसीय दौरे पर आज काशी पहुंचेंगे शाह

**अमृत विचार, लखनऊ:** काशी मंगलवार को ऐतिहासिक मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक की मेजबानी करने जा रहा है। इसकी अध्यक्षता के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सोमवार को दो दिवसीय दौरे पर वाराणसी पहुंचेंगे। बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी रहेंगे। सभी मुख्यमंत्री सोमवार शाम लाल बहादुर शास्त्री एयरपोर्ट पर अमित शाह का स्वागत करेंगे। सभी अतिथि काशी कोतवाल काल भैरव और बाबा विश्वनाथ का दर्शन करने के बाद मुख्यमंत्री योगी द्वारा आयोजित रात्रिभोज में शामिल होंगे। मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक मंगलवार को करीब सुबह 11 बजे से 2 बजे तक ताज होटल में प्रस्तावित है। बैठक को लेकर प्रशासन तैयारियों को अंतिम रूप दे रहा है। सुरक्षा की भी चाक चौबंद व्यवस्था की गई है। बैठक में चारों राज्यों के मुख्य सचिव समेत कई विशिष्टजन और नीति आयोग के साथ अंतरराज्यीय परिषद के प्रतिनिधि भी भाग लेंगे। वहीं गृह मंत्री अमित शाह के वाराणसी आगमन पर भाजपा ने परंपरा के अनुरूप 11 स्थानों पर स्वागत की तैयारी की है। गृह मंत्री काशी के विश्व प्रसिद्ध हस्तशिल्प जीआई टैग उत्पादों की प्रदर्शनी में भी हिस्सा लेंगे। इसमें काशी के 10 विशिष्ट जीआई-टैग वाले उत्पाद प्रदर्शित होंगे।

शोध निदेशालय
Directorate of Research
महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
Mahatma Jyotiba Phule Rohilkhand University, Bareilly
Phone No. : 0581-4022293 E-mail : director.dor@mjpru.ac.in
Ph.D. Admission Notice
Applications are invited for the admission to Doctor of Philosophy (Ph.D.) full time / part time and D.Sc./D.Litt. in various subjects from 18 June 2025. Only online applications are acceptable. Online application form and detailed instructions are available on www.mjpru.ac.in and https://mjprudor.ac.in.
REGISTRAR

# निजीकरण का टेंडर होते ही शुरू होगा सामूहिक जेल भरो अभियान

## बिजली महापंचायत में लिया गया फैसला, सभी किसान संगठनों का खुला समर्थन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बिजली कर्मियों के साथ रेल कर्मचारी, राज्य कर्मचारी, किसान और उपभोक्ता भी होंगे शामिल

**अमृत विचार :** ऊर्जा निगमों के निजीकरण का टेंडर होते ही बिजली कर्मी सामूहिक जेल भरो अभियान शुरू करेंगे। बिजली कर्मियों के साथ रेल कर्मचारी, राज्य कर्मचारी, किसान और उपभोक्ता भी अभियान में शामिल होंगे। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में रविवार को आशियाना में हुई बिजली महापंचायत में यह फैसला लिया।

महापंचायत में संघर्ष समिति के संयोजक शैलेंद्र दुबे, ऑल इंडिया रेलवे मेन्स फेडरेशन के राष्ट्रीय महामंत्री शिव गोपाल मिश्र, संयुक्त किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. दर्शन पाल, उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा, ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल इंडिया के कार्यकारी निदेशक रमानाथ झा, नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इम्प्लॉइज एंड इंजीनियर्स के संयोजक सुदीप दत्त, ऑल इंडिया पॉवर डिप्लोमा इंजीनियर्स फेडरेशन के अध्यक्ष आरके त्रिवेदी, ऑल इंडिया पॉवर इंजीनियर्स फेडरेशन के एके जैन और राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद व राज्य कर्मचारी महासंघ के सभी नेताओं ने लामबंद होकर निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मियों के साथ आंदोलन चलाने की घोषणा की। महापंचायत में राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर्स संगठन के संरक्षक सतनाम सिंह, अध्यक्ष अजय कुमार, महासचिव बलबीर यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अवधेश कुमार यादव, जीबी पटेल व जय प्रकाश ने संघर्ष के प्रस्ताव का समर्थन किया। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के प्रमुख पदाधिकारी संजय सिंह चौहान, जितेन्द्र सिंह गुर्जर, छोटे लाल दीक्षित आदि शामिल हुए।

वहीं, प्रदेश में किये जा रहे बिजली के निजीकरण के विरोध में 9 जुलाई को देश के 27 लाख बिजली कर्मी एक दिन की राष्ट्रव्यापी सांकेतिक हड़ताल करेंगे। हड़ताल की तैयारी में 2 जुलाई को देशभर में व्यापक विरोध किया जाएगा। संयुक्त किसान मोर्चा के नेता डॉ. दर्शन पाल और ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल के कार्यकारी निदेशक रमानाथ झा ने बिजली महापंचायत को ऑनलाइन संबोधित किया। साथ ही प्रदेश के बिजली कर्मचारियों को सभी किसान संगठनों की ओर से खुले समर्थन की घोषणा की। राज्य कर्मचारियों की ओर से सतीश पांडेय, शशि कुमार मिश्रा, एसपी तिवारी, हरिशरण मिश्र, मनोज पांडेय, अमरनाथ यादव, सुरजीत सिंह निरंजन, अटेवा के विजय बंधु व शिक्षक नेता रीना त्रिपाठी ने निजीकरण के विरोध में सामूहिक संघर्ष की घोषणा की।




लखनऊ में आशियाना स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर प्रेक्षागृह में आयोजित बिजली महापंचायत में शामिल कर्मचारी नेता। अमृत विचार

### एसपी की फटकार के बाद हत्या की रिपोर्ट दर्ज

**निन्दूरा, बाराबंकी, अमृत विचार :** घुघंटेर थाना क्षेत्र में एक झोपड़पट्टी में युवक का शव मिलने की घटना में आखिर थाना पुलिस बैकफुट पर आ गई। एसपी की फटकार के बाद पुलिस ने हत्या की रिपोर्ट दर्ज की। एक दिन पूर्व पुलिस इसे हत्या मानने से इंकार करते हुए तहरीर लेने को ही तैयार नहीं थी। बजगहनी गांव में अरविंद पिछले लगभग 15 वर्षों से बजगहनी गांव में माता प्रसाद गौतम के यहां रहकर गांव के पास रैगवां मार्ग स्थित पुल के समीप खेतों की रखवाली किया करता था। शनिवार सुबह उसका शव खेत के पास बनी झोपड़ी में मिला, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। शव के हालात बतां रहे थे कि युवक की हत्या की गई है। शव पर कई जख्मों के साथ ही एक हाथ टूटा मिला। पुलिस मौके पर तो पहुंची पर वह इसे हत्या मानने से इंकार करती रही। आरोप यह कि मनमाफिक तहरीर का जोर परिजनों पर डाला गया। परिजनों और ग्रामीणों के विरोध के बाद जब मामला पुलिस अधीक्षक तक पहुंचा, तो उनके निर्देश पर देर रात हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया। मृतक के संरक्षक माता प्रसाद गौतम ने बताया कि पुलिस ने पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही हत्या की तहरीर ली। रविवार को सीओ फतेहपुर जगतराम चौरसिया, थाना प्रभारी बेचू सिंह यादव तथा एसओजी टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल की गहन जांच की।

### क्रिकेट मैच को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**हैदरगढ़, बाराबंकी।** खेत में क्रिकेट मैच खेलने से मना करने पर दो पक्षों में मारपीट हो गई। पुलिस ने एक पक्ष की तहरीर पर आरोपी के विरुद्ध एससी-एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत कस्बा के पूरे मित्तई वार्ड निवासी करन रावत ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि रविवार सुबह एक कोचिंग इंस्टीट्यूट के पीछे अपने साथियों के साथ क्रिकेट मैच खेल रहा था। मौके पर पहुंचे लिल्हौरा वार्ड के निवासी इंद्रेश प्रताप सिंह ने उसकी पिटाई कर दी कोतवाल अभिमन्यु मल्ल ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। वहीं दूसरे पक्ष का कहना है कि अपने खेत में मैच खेलने से मना किया तो करन विवाद करने लगा।

# सबको मिलेगा न्याय : मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- जनता दर्शन में योगी ने सुनीं 200 लोगों की समस्याएं



**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार सुबह जनता दर्शन में पहुंचे लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। आश्वस्त किया कि सबको न्याय मिलेगा। अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर पीड़ित की समस्या पर तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए। इसमें हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

गोरखनाथ मंदिर परिसर में जनता दर्शन के दौरान करीब 200 लोगों से प्रार्थना पत्रों को लेकर मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। सबको न्याय मिलेगा और सबकी पीड़ा दूर की जाएगी। जनता दर्शन में आईं जमीन कब्जा संबंधी शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गरीबों की जमीन कब्जामुक्त कराएं और अवैध कब्जा करने वाले दबंगों को कानूनी सबक सिखाएं। उन्होंने कहा कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले भूमाफिया और कमजोरों को उजाड़ने वाले दबंग किसी भी दशा में बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति का अनुसरण करते हुए कठोर से कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**NOTICE**
I, Tamanna Aziz, daughter of Tarun Kumar, born on 13 August 1983, formerly known as Tamanna Kumar, hereby declare that I have changed my name to Tamanna Aziz. I confirm that all academic, legal, and personsl documents issued under the name Tamanna Kumar belong to me, Tamanna Aziz, and refer to the same person. It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

**सूचना**
सूचित हो कि मेरा बड़ा बेटा अजय वर्मा शराब पीकर मुझसे अभद्रता, गाली-गलौज व मारपीट करता है। जिससे मेरी सामाजिक स्थिति को ठेस पहुंच रही है। इसमें उनकी पत्नी अनीता बराबर की भागीदार है। इसलिए मैं अपने बेटे अजय वर्मा व उसकी पत्नी अनीता को अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर रहा हूं। आज से मेरा इस बेटे व उसकी पत्नी से किसी प्रकार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं है। **-रामस्वरूप वर्मा पुत्र बल्ला निवासी मोहल्ला-गढ़ी, कस्बा व परगना व थाना व तहसील बांगरमऊ उन्नाव।**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा घरेलू नाम कान्ती देवी तथा बाहरी नाम तारावती है। दोनों नाम मेरे ही हैं। अत: मुझे दोनों नामों से जाना व पहचाना जाता है। **कान्ती देवी उर्फ तारावती पत्नी हरीशचंद्र, ग्राम रतनपुर मशमूले प्रानपुर परगना, तहसील व जिला बलरामपुर**

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **लाल सिंह गौतम पुत्र स्व0 माधव प्रसाद निवासी ग्राम रामनगर परगना व तहसील मलिहाबाद जिला लखनऊ,** मेरे दो पुत्र क्रमशः अरूण कुमार व आशुतोष कुमार है। मेरे बड़े पुत्र अरुण कुमार का चाल-चलन व आचरण मेरे व मेरे परिवार के प्रति ठीक नहीं है तथा मुझसे व मेरे परिवार से हमेशा मारपीट करते हैं। मैं अपने बड़े पुत्र अरुण कुमार के खराब चालो-चलन व आचरण से काफी आहत हूँ इसलिए मैं उसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ आज से मेरा व मेरे परिवार से उनका कोई भी रिश्ता-नाता नहीं रहा है यदि वह कोइ भी अपकृत्य या अपराध कर हैं तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा मेरी व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**सूचना**
मै **महेंद्र पाल पुत्र श्याम बाबू नाई निवासी ऐरवा पछेला थाना ऐरवा कटरा जिला औरैया**, उत्तर प्रदेश का हूँ। मै अपने पुत्र सौरभ व इनकी पत्नी प्रिया के झगडालू स्वभाव के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। आज के बाद इनके द्वारा नैतिक अनैतिक कार्यो से मेरा व मेरे परिवार का कोई संबंध नही होगा। इन दोनों लोगो के द्वारा किये गए किसी भी कृत्यो के लिए यही जिम्मेदार होंगे।

**NOTICE**
I, Anil Bhatia, Authorised representative of M/s, Modern Laboratories .E-172, Transport Nagar Lucknow-226012. Sincerely declare that i have lost my road permit Form-38 of FY 2014-15 ( R.P.No.-1071551) when going to CA office on 24.05.25, I tried hard to find that permit but failed to find out

कार्यालय नगर पालिका परिषद
जलालपुर अम्बेडकर नगर

पत्रांक: 169/ न0पा0परि0ज0/2025-26 दिनांक- 21- 06-2-15

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद, जलालपुर जनपद अम्बेडकर नगर के द्वारा स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग/राज्य सरकार/केन्द्र सरकार/अन्य सरकारी विभाग में A/B/C/D/E श्रेणी (जैसा लागू हो) में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदा दाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर 15वां वित्त आयोग मद के 04 कार्य एवं राज्य वित्त आयोग मद के 06 कार्य, की ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| कमांक | विवरण | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | अन्तिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|
| 01 | निविदा देखने /डाउनलोड / खरीदने की तिथि | 23.08.2025 12:00 PM | 08.07.2025 01: 00 PM |
| 2 | बिड समाप्ति की तिथि | 08.07.2025 12: 00 PM | 08.07.2025, 01: 00 PM |
| 3. | बिड खोलने की तिथि एवं समय | | 06.07.2025 02:00 PM |

नियम एवं शर्ते-
1. सशर्त निविदायें मान्य नहीं होगी और स्वत: ही निरस्त समझी जायेगी।
2. बिना कारण बताये किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधिशासी अधिकारी/अध्यक्ष नगर पालिका परिषद जलालपुर को होगा।
3. निर्माण कार्यो की निविदा में वर्णित सामग्री आदि पर आयकर. जी.एस.टी.कर व अन्य करों की कटौती ठेकेदार के बिल से नियमानुसार की जायेगी।
4. निविदादाता को चरित्र प्रमाण पत्र, हैसियत प्रमाण पत्र, श्रम विभाग का पंजीयन, आयकर व जी0एस0टी0 प्रमाण पत्र की प्रमाणित छायाप्रति साथ में संलग्न करनी अनिवार्य होगी। जो वर्तमान समय तक वैध होनी चाहिए।
5. उक्त निविदा से संबंधित शेष नियम शर्ते बेवसाईट www.etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
जलालपुर अम्बेडकर नगर

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
जलालपुर अम्बेडकर नगर

# चकबंदी कार्यालय के बाबू ने मांगी रिश्वत, वीडियो वायरल

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

▸▸ मकान मालिक से किराए के भुगतान के लिए मांगी थी घूस

**अमृत विचार:** कलेक्ट्रेट परिसर स्थित चकबंदी कार्यालय में भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। कार्यालय में तैनात बाबू आरके कुशल चन्द्र रिश्वत लेते हुए कैमरे में कैद हो गए।

बता दें कि भीटी तहसील के मोहम्मदाबाद सेमरा के मदन मोहन तिवारी के मकान में चकबंदी कार्यालय चल रहा है। मकान का मासिक किराया 4 हजार 500 रुपये है। किराए का भुगतान हर साल मार्च में किया जाता है। बाबू कुशल चंद्र ने मकान मालिक से किराए के भुगतान के लिए 16 हजार रुपये की रिश्वत मांगी थी। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में बाबू पैसे लेते साफ दिख रहे हैं। वहीं इस घटना के बाद जनपद में लोगों में नाराजगी है। कलेक्ट्रेट परिसर में हुई इस घटना से सरकार की भ्रष्टाचार विरोधी नीति पर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय नागरिकों ने मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। हालांकि रिश्वत मांगने के बाबू के वायरल वीडियो की पुष्टि अमृत विचार नहीं करता है।

# नपा अध्यक्ष ने सफाई नायकों को लगाई फटकार

टांडा, अंबेडकरनगर

**सख्ती**

▸▸ जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों को व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए निर्देश

**अमृत विचार:** जनपद की नगर पालिका परिषद टांडा की अध्यक्ष शबाना नाज ने वार्ड 21 में भ्रमण कर स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने साफ-सफाई, पानी और प्रकाश व्यवस्था का निरीक्षण किया और जिम्मेदारों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

भ्रमण के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष ने सफाई नायकों को कड़ी फटकार लगाई और उन्हें सफाई व्यवस्था को और बेहतर ढंग से करने का निर्देश दिया। उन्होंने बंद समुदायिक शौचालय को तत्काल खोलने और नगर पालिका परिषद टांडा के टीएस शमशाद जुबैर को सफाई नायकों के वार्डों को बदलने का सख्त निर्देश दिया। अध्यक्ष ने अवर अभियंता दिनेश कुमार वर्मा और अवर अभियंता कृष्ण कुमार मौर्य को खस्ताहाल गलियों और मार्गों की पैमाइश करने और नालियों पर पटिया रखवाने के निर्देश दिए। इसके अलावा, जलकल अवर अभियंता आशीष कुमार चौहान को वाटर सप्लाई व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश दिया। भ्रमण के दौरान अध्यक्ष ने वार्ड नंबर 21 में निवास कर रहे लोगों से संवाद भी स्थापित किया और उनकी समस्याओं को सुना। इस दौरान वार्ड नंबर 21 के सभासद अशरफ लाल बाल ने पूरे वार्ड की समस्यायों को नगर पालिका अध्यक्ष शबाना नाज को बताया। इस दौरान टीएस शमशाद जुबैर, राहुल कुमार, सैय्यद अलीशान आब्दी, अली, सनी, सफाई नायक मोहम्मद अहमद, सफाई नायक मो. इदरीस सहित नगर पालिका परिषद टाण्डा के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।



वार्ड का निरीक्षण करतीं टांडा की अध्यक्ष शबाना नाज। अमृत विचार

# ईवीएम की सुरक्षा व्यवस्था में न बरतें लापरवाही

## ▶ जिला निर्वाचन अधिकारी ने अधिकारियों के साथ वीवीपैट मशीनों की सुरक्षा का जायजा लेकर दिए निर्देश

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार:** जिला निर्वाचन अधिकारी व जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार वीवीपैट मशीनों का रख-रखाव और सुरक्षा का अवलोकन किया।

बता दें कि निर्वाचन आयोग के निर्देश पर ईवीएम वेयर हाउस और वीवीपैट का त्रैमासिक निरीक्षण किया जाता है। जिलाधिकारी और जिम्मेदार अधिकारियों के निरीक्षण के दौरान आयोग के निर्देशानुसार राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में ताला खुलवाकर ईवीएम मशीनों की सुरक्षा व्यवस्था और सीसीटीवी कैमरों की जांच की। उन्होंने निर्देश दिए कि ईवीएम वेयरहाउस में सुरक्षा व्यवस्था और पारदर्शिता के उच्चतम मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाएं। उन्होंने कहा कि लापरवाही बरतने वाले जिम्मेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी के साथ में अपर जिलाधिकारी उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता, प्रभारी अधिकारी ईवीएम पीडी डीआरडीए अनिल कुमार सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी महेश चंद्र द्विवेदी, डीसी एनआरएलएम के साथ भारतीय जनता पार्टी, कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, बसपा सहित अन्य दलों के जनप्रतिनिध उपस्थित रहे।



ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण करते जिला निर्वाचन अधिकारी अनुपम शुक्ला, जनप्रतिनिधि और अधिकारी। अमृत विचार

## एडीएम ने सुरक्षा उपायों को लेकर की वार्ता




नागरिक सुरक्षा के संबंध में बैठक करते एडीएम डॉ. सदानंद गुप्ता व अन्य अधिकारी।

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में नागरिक सुरक्षा के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी ने मुख्यालय सेवा, संचार सेवा, वार्डन सेवा, हताहत सेवा, अग्निशमन सेवा, प्रशिक्षण सेवा, बचाव सेवा, कल्याण सेवा, पूर्ति सेवा, शव निस्तारण सेवा, सालवेज सेवा व डिपो और परिवहन सेवा के बिंदु पर चर्चा किया। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों से नागरिक सुरक्षा उपायों के क्रियान्वयन के लिए वार्ता की और जिम्मेदार अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक, उप जिलाधिकारी अकबरपुर, जिला पूर्ति अधिकारी, क्षेत्राधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद अकबरपुर बीना सिंह तथा संबंधित विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

## एक नजर

### शिक्षक संघ ने डीआईओएस से की मुलाकात

**अंबेडकरनगर :** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ एकजुट का प्रतिनिधि मंडल ने नए जिला विद्यालय निरीक्षक से मुलाकात किया। जिलाध्यक्ष प्रमोद वर्मा के नेतृत्व में शिक्षक प्रतिनिधियों ने नवनियुक्त डीआईओएस प्रवीण कुमार तिवारी का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। प्रतिनिधिमंडल ने पूर्व जिला विद्यालय निरीक्षक की कार्यशैली पर असंतोष जताया। उन्होंने बताया कि पिछले कार्यकाल में शिक्षकों की समस्याओं के समाधान में टालमटोल की गई। इससे जनपद के शिक्षकों में आक्रोश था। नए डीआईओएस ने शिक्षकों की समस्याओं पर त्वरित कार्रवाई का भरोसा दिलाया। इस मुलाकात में संदीप पटेल, रामबली, त्रिशरण, रवींद्र वर्मा, अरविंद यादव, कुंदन मौर्य समेत कई वरिष्ठ शिक्षक मौजूद रहे। प्रतिनिधिमंडल में जिला संरक्षक, जिला संयोजक, मंडल अध्यक्ष और जिला मंत्री व 20 शिक्षक शामिल थे।

### जहरीले कीड़े के काटने से दो लोगों की मौत

**अंबेडकरनगर :** जनपद के आलापुर और जलालपुर तहसील क्षेत्र में जहरीले कीड़े के काटने से अधेड़ समेत दो लोगों की मौत हो गई। आलापुर क्षेत्र के मनेरीपुर सरावां गांव में जहरीले कीड़े के काटने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान प्रदीप कुमार 43 के रूप में हुई है। प्रदीप अपने घर के बाहर सो रहे थे। इसी दौरान उसे कीड़े ने काट लिया। परिजन तुरंत उन्हें नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं जलालपुर के चैनपुर पूराबदलही के पास स्थित पयागपुर गांव में 50 वर्षीय फौजदार निषाद को जहरीले कीड़े ने काट लिया। परिजन तुरंत उन्हें चैनपुर के एक अस्पताल ले गए। स्थिति गंभीर होने के कारण डॉक्टरों ने उन्हें बसखारी के लिए रेफर कर दिया। बसखारी ले जाते समय रास्ते में ही फौजदार निषाद की मृत्यु हो गई। इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया है। गांव में शोक की लहर है। मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

### इंसानियत से भरा होना चाहिए जीवन : अकबर अली

**अंबेडकरनगर :** हर एक को मौत का मजा चखना है यह बात परवर दिगारे आलम ने पवित्र कुरान के माध्यम से कही है। अतः इसमें शक की गुंजाइश नहीं है। उक्त तथ्य मौलाना अकबर अली वाएज जलालपुरी ने मोमिनीन को मुखातिब करते हुए पेश किया। वह मोहल्ला मीरानपुर स्थित जामा मस्जिद में शुक्रवार को नमाज के बाद नमाजियों को संबोधित कर रहे थे। मेहदी अस्करी और सिब्ते अस्करी हसनैन की तरफ से एहसान हैदर नकवी इब्ने मतीन हैदर नकवी तथा मरहूमा मलका नकवी बिंते सैयद जफर अब्बास के पुण्य के लिए आयोजित मजलिस कार्यक्रम में बोलते हुए मौलाना अकबर अली ने आगे कहा कि कर्बला वालों में श्रद्धा रखने वाले अन्याय, अनाचार के खिलाफ संघर्ष में नतीजे की परवाह नहीं करते हैं। मौत एक हकीकत है। इंसान कितना भी ताकतवर, अमीर, जवान या मशहूर क्यों न हो, मौत से नहीं बच सकता। दुनिया फानी है, जिंदगी इम्तिहान और एक सफर है। इसलिए इंसानियत से जीवन भरा होना चाहिए।

**स्टॉक घोटाला: जिलाधिकारी की संस्तुति पर समिति के सचिव पर दर्ज किया गया मुकदमा**

**टांडा, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** जनपद के टांडा विकास खंड में सहकारी समिति में बड़े घोटाले का मामला सामने आया है। बीपैक्स दाउदचक समिति से 1140 बोरी गेहूं और 78 बोरी यूरिया गायब पाई गई है। एआर कोऑपरेटिव राघवेंद्र प्रताप शुक्ला ने बीते 9 जून को समिति के गोदाम का निरीक्षण करना चाहा। सचिव अजय कुमार निरीक्षण के लिए नहीं पहुंचे। अगले दिन 10 जून को सचिव की मौजूदगी में जांच की गई। समिति के सभापति मिश्रीलाल और उनकी टीम ने स्टॉक की जांच की। जांच में पता चला कि 50 किलोग्राम की 1200 बोरी के स्थान पर केवल 60 बोरी गेहूं मौजूद थीं। इसी तरह 30 बोरी डीएपी और 230 बोरी यूरिया के सापेक्ष 78 बोरी यूरिया कम मिली। गायब गेहूं की कीमत 13 लाख 82 हजार 250 रुपए और यूरिया की कीमत 20 हजार 787 रुपये है। सहायक विकास अधिकारी राम बचन ने जिलाधिकारी की संस्तुति पर समिति के सचिव अजय कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। सचिव को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त कर दिया गया है।

# पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को दबोचा

जलालपुर, अंबेडकरनगर।

▸▸ शादी की बात पर किशोरी का वीडियो वायरल की देता था धमकी

**अमृत विचार:** शादी का झांसा देकर लगातार दुष्कर्म करने और वीडियो बनाने को लेकर दर्ज मुकदमे में आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। जलालपुर कोतवाली पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर युवक के विरुद्ध दुराचार सहित आईटी एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया था।

बता दें कि कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासिनी किशोरी छात्रा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि सम्मनपुर थाना क्षेत्र के एक निजी विद्यालय में साथ पढ़ने वाला युवक शादी का झांसा देकर उसके साथ लगातार दुष्कर्म किया और इस कृत्य का वीडियो भी बनाया और वायरल करने की धमकी दे रहा है। युवक शादी करने की बात करने पर वीडियो वायरल करने की धमकी देता है। काफी प्रयास करने के बाद भी अब न तो बात करता है और न ही शादी करने के लिए तैयार है। आहत किशोरी ने पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। जलालपुर कोतवाली पुलिस ने किशोरी की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना शुरू की। इसी बीच रविवार को आरोपी राजबाबू उर्फ राज निवासी मोइनुद्दीनपुर थाना सम्मनपुर को मुखबिर की सूचना पर पट्टी चौराहे से सुरहुरपुर रोड से गिरफ्तार कर लिया है। टीम मे कोतवाल संतोष कुमार सिंह, उपनिरीक्षक गुलाम रसूल, राम किशोर सिंह रहे।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी युवक।

**गोवध के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार, जलालपुर, अंबेडकरनगर:** विकासखंड भियांव के ग्राम पंचायत पक्खनपुर में अस्थायी पशुशाला से मजदूर को बंधक बना कर पशुओं की चोरी करने के मामलें में पशुक्रूरता और गोवध अधिनियम समेत अन्य धाराओं में वांछित एक और अभियुक्त को पुलिस में गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।

बता दें कि ग्राम पंचायत पक्खनपुर की ग्राम प्रधान इंद्रदेवी ने जैतपुर पुलिस से शिकायत करते हुए बताया था कि गांव में अस्थायी पशुशाला में कुल 92 जानवर हैं। बीते 10 फरवरी की रात पिकअप गाड़ी से अज्ञात चोर पहुंचे और पशुशाला में मजदूर को कमरे में बंद कर दो पशु फरार हो गए थे। वहीं एसओ जैतपुर वन्दना अग्रहरि ने बताया कि उक्त मुकदमे में वांछित एक और अभियुक्त मोनी उर्फ मिस्टर निवासी सारैन थाना अहरौला जनपद आजमगढ़ को मुखबिर की सूचना पर रविवार को गिरफ्तार किया गया है।

# हरैया ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सहित 5 लोगों पर मुकदमा दर्ज

संवाददाता, आजमगढ़

**अमृत विचार:** जिले के हरैया बीडीओ ने थाना रौनापार में तहरीर देकर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सहित चार नामजद और एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। उन्होंने विकास खंड में 16 जून को आयोजित क्षेत्र पंचायत बैठक के दौरान खंड विकास अधिकारी रवि कुमार के साथ गाली-गलौज मामले में तहरीर दी है।

बीडीओ ने आरोप लगाया कि क्षेत्र पंचायत सदस्य संतोष सिंह, उनके भाई मिस्टर सिंह, निशू सिंह, रामसिंगार यादव और अन्य लोगों ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया। उनके साथ मारपीट की कोशिश की और बंधक बनाए रखा। बीडीओ ने बताया कि बैठक के लिए वह सुबह 10 बजे कार्यालय पहुंचे। उन्होंने लेखाकार शंभु प्रसाद को सदस्यों के बैठने और उपस्थिति रजिस्टर में हस्ताक्षर कराने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्हें सूचना मिली कि प्रमुख कक्ष में कुछ लोग उपस्थिति रजिस्टर में फर्जी हस्ताक्षर कराने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कर्मचारियों को केवल वास्तविक सदस्यों से हस्ताक्षर कराने का निर्देश दिया। इसके बाद संतोष सिंह और अन्य लोग उनके कक्ष में आए और जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए गाली-गलौज करने लगे। बीडीओ ने थानाध्यक्ष, 112 नंबर और जिला विकास अधिकारी को मामले की जानकारी दी। वहीं उन्होंने आरोप लगाया है कि आरोपियों ने ब्लॉक के शासकीय अभिलेख और उपस्थिति रजिस्टर कब्जे में ले लिया है, जिसमें फर्जी हस्ताक्षर होने की आशंका है। वहीं सीओ सगड़ी शुभम तोदी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

### पुलिस मुठभेड़ में दुष्कर्म का आरोपी घायल



अस्पताल में भर्ती आरोपी जावेद।

**संवाददाता, आजमगढ़ अमृत विचार :** जिले के मेंहनगर थाना क्षेत्र की पांच वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म करने वाले देवइत गांव निवासी आरोपी जावेद को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। रविवार को थाना प्रभारी अनुराग कुमार अपनी टीम के साथ देवरिया राजधरपुर गांव के पास आरोपी की घेराबंदी कर रहे थे, तभी भागने की कोशिश कर रहे जावेद ने पुलिस टीम पर फायर झोंक दिया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में आरोपी के पैर में गोली लग गई। उसे घायल अवस्था में तत्काल जिला अस्पताल भेजा गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। उधर, पांच वर्षीय बच्ची के साथ हुई अमानवीय घटना के बाद से ही क्षेत्र में भारी आक्रोश था। वहीं एसपी सिटी मधुवन कुमार सिंह ने बताया कि मुठभेड़ में आरोपी घायल हुआ है। घायल आरोपी का अस्पताल में इलाज कराया जा रहा है।

## सार-संक्षेप

### ओलंपिक दिवस पर प्रतियोगिताओं का आयोजन आज

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** विश्व ओलंपिक दिवस 23 जून को विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। जिसमें दौड़ के साथ हॉकी और हैंडबॉल प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगीं। इसकी जानकारी देते हुए ओलंपिक संघ के जिला सचिव डॉ. हनुमान प्रताप सिंह ने बताया कि इस प्रतियोगिता में विजेता, उप विजेता खिलाडय़िों को मेडल देकर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश हाकी के निर्देश पर एक खेल गोष्ठी के साथ प्रतिभा सम्मान समारोह का भी आयोजन किया जाएगा। जिसमें राष्ट्रीय स्तर पर खेलने वाले खिलाडियों को किट और मेडल से सम्मानित किया जाएगा। जिसमें हॉकी प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर खेलने वाले खिलाड़ियों में मधुलिका, सुषमा, मुस्कान, अंशिका, अरुणिमा, सेहरान और स्पोर्ट्स कॉलेज में चयनित सरस्वर, शुभम और जिया को पुरस्कृत किया जाएगा। साथ ही हैंडबॉल खिलाड़ी हिमांशु, नरसिंह, दीपक, सरिता, दीपांकर, समसूदीन को पुरस्कृत किया जाएगा।

### 26 केंद्रों पर होगी कनिष्ठ सहायक और कनिष्ठ लिपिक परीक्षा

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग लखनऊ की कनिष्ठ सहायक, कनिष्ठ लिपिक और सहायक स्तर तृतीय की मुख्य परीक्षा 29 जून को होगी। जनपद में 26 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित होगी। बता दें कि जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय द्वारा आयोजित इस परीक्षा में 11 हजार से अधिक अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा केंद्रों में बीएन इंटर कॉलेज अकबरपुर, बीएनकेबी पीजी कॉलेज अकबरपुर और राम अवध जनता इंटर कॉलेज बरियावन प्रमुख हैं। राजकीय विद्युत परिषद इंटर कॉलेज टांडा, जनता इंटर कॉलेज महरुआ गोला और गणेश कृष्ण जेटली इंटर कॉलेज अकबरपुर भी परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा को सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए बेसिक शिक्षकों के साथ माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों की भी ड्यूटी लगाई गई है। ड्यूटी में लगे सभी शिक्षकों को 25 जून को ही कार्यमुक्त करने का आदेश दिया गया है। परीक्षा के दिन सभी कक्ष निरीक्षकों को परीक्षा शुरू होने से दो घंटे पहले केंद्र पर पहुंचना होगा।

### मोहर्रम को लेकर सभी तैयारियां कराएं दुरुस्त

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** बड़ा इमामबाड़ा राजा साहब में आगामी मोहर्रम के संबंध में एक आवश्यक बैठक अंजुमन अकबरिया पंजीकृत के अध्यक्ष मिर्जा परवेज मेहदी की अध्यक्षता और सचिव इम्तियाज हुसैन जाफरी के संचालन में संपन्न हुई। बैठक में शोक का प्रतीक मोहर्रम के प्रथम 10 दिवस अशरए मोहर्रम एवं उसके बाद दो माह तक जारी रहने वाले अय्यामे अजा को सादगी, सौहार्द और परम्परागत ढंग से मनाए जाने पर बल दिया गया। कोई भी कार्य परम्परा के विपरीत न किए जाने पर एक स्वर से सहमति जताई गई। स्थानीय प्रशासन से मांग की गई कि बड़े इमामबाड़े से अंजुमन अकबरिया की देखरेख में दूसरी, चौथी, सातवीं मोहर्रम के अतिरिक्त पहली मोहर्रम को पेवाड़ा-मीरानपुर, छठवीं मोहर्रम को खादिम अब्बास करार के आवास तथा नवीं मोहर्रम की रात्रि में इमामबाड़ा के समीप जाहिद अली के आवास से निकलने वाले मातमी जुलूसों के मार्ग में लटक रही बिजली की केबलों को दुरूस्त करने, अतिक्रमण हटवाने, साफ.-सफाई, चूना छिड़काव, विद्दुत एवं जल व्यवस्था के साथ सुरक्षा की दृष्टि से प्रयाप्त पुलिस बल की तैनाती की मांग की गई। भीषण गर्मी को देखते हुए दो और सात मोहर्रम के जुलूस मार्ग मुख्य सडक़ पर टैंकर से जल छिड़काव कराने और चिकित्सकों की टीम के साथ एम्बुलेंस का इंतेजाम कराने की भी मांग की गई है।

### मंत्री ने हिंदू हित में किए गए आंदोलनों की ली जानकारी




विहिप की बैठक में शामिल पदाधिकारी। अमृत विचार

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** विश्व हिन्दू परिषद जिला इकाई की आवश्यक बैठक सिटी गार्डेन स्थित गेस्टहाउस में जिला पदाधिकारियों की आगंतुक कक्ष में संपन्न हुई। जिसमें प्रांत संगठन मंत्री विजय प्रताप ने विगत छह माह के कार्यक्रमों व हिन्दू हित में किए गए आंदोलनों की जानकारी ली और आगामी कार्यक्रमों की रुपरेखा तैयार की गई। उन्होंने कहा कि हम सब एक ऐसे संगठन के जिम्मेदार कार्यकर्ता हैं जिस पर हिन्दू समाज बहुत भरोसा करता है। हमें उस भरोसे को कायम रखना होगा। इसके लिए समाज के बीच में बने रहने की आवश्यकता है, जो कार्यक्रमों के माध्यम से ही संभव है। हमें आने वाले दिनों में अपनी सक्रियता समाज के सामने प्रस्तुत करना है। बैठक में प्रांत कार्यकरिणी सदस्य विहिप श्याम बाबू, जिला अध्यक्ष प्रदीप पांडेय, जिला मंत्री विकास मौर्य, जिला सहमंत्री संजय पांडेय, जिला उपाध्यक्ष बृजेश सिंह, जिला मातृ शक्ति संयोजिका शोभना गुप्ता, जिला कार्याध्यक्ष हृदयमणि मिश्र, जिला धर्माचार्य प्रमुख दीपक श्रीवास्तव, प्रदीप पांडेय जिला कार्यकारणी सदस्य, राजेश जायसवाल, दीपक कन्नौजिया मौजूद थे।

### संगठन के पदाधिकारी हमेशा व्यापारियों के साथ खड़े रहेंगे

**जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला मंत्री राजाबाबू गुप्ता ने विभिन्न बाजारों का दौरा किया। उन्होंने व्यापारियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना और समाधान का आश्वासन दिया। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल और जिलाध्यक्ष शिवकुमार गुप्ता के निर्देश पर यह जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य संगठन को और अधिक गतिशील बनाना है। राजेसुल्तानपुर नगर पंचायत के संगठन प्रभारी रहे राजाबाबू गुप्ता ने व्यापारियों के हितों की रक्षा का वादा किया। उन्होंने कहा कि संगठन के पदाधिकारी हमेशा व्यापारियों के साथ खड़े रहेंगे। व्यापारियों के साथ किसी भी प्रकार का अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। गुप्ता ने बताया कि केंद्र और प्रदेश सरकार भी व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए सार्थन प्रयास कर रही है।

### छात्र, किसान व व्यापारी हैं परेशान : त्रिभुवन दत्त

**जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** जनपद के आलापुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मूसेपुर कला में समाजवादी पार्टी द्वारा आयोजित पीडीए पंचायत का आयोजन किया गया। विकास खंड रामनगर में आयोजित इस कार्यक्रम में ग्रामवासियों और कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से विधायक का स्वागत किया। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव और विधायक त्रिभुवन दत्त ने कहा कि डॉ. भीमराव आंबेडकर द्वारा दिए गए संविधान और आरक्षण व्यवस्था को समाप्त करने का प्रयास हो रहा है। उन्होंने भाजपा सरकार पर संविधान की समीक्षा के बहाने आरक्षण समाप्त करने का आरोप लगाया। विधायक ने वर्तमान सरकार की आलोचना करते हुए बेरोजगारी, कानून-व्यवस्था और विभिन्न वर्गों की समस्याओं का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि छात्र, नौजवान, किसान, व्यापारी और बुनकर सभी परेशान हैं। दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों पर अत्याचार हो रहे हैं। जन प्रतिनिधियों और पुलिस अधिकारियों पर भी हमले की घटनाएं हो रही हैं। कार्यक्रम में त्रिभुवन दत्त ने लोगों को आगामी चुनाव में अखिलेश यादव के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी को समर्थन देने की अपील किया है। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष रविद्र यादव, युवा सपा नेता अजय गौतम, ग्राम प्रधान सुभाष यादव समेत कई कई लोग मौजूद रहे।

### सातवीं पुण्यतिथि पर याद किए गए पंडित कृष्णानंद

**आजमगढ़, अमृत विचार :** महाराजगंज विकासखंड निवासी पेशे से अध्यापक और ज्योतिष रहे स्वर्गीय पंडित कृष्णानंद मिश्रा की सातवीं पुण्यतिथि स्मरण दिवस के रूप में रविवार को एक मैरिज हॉल में मनाई गई। पूर्व प्रधान अशोक सिंह और इनके पुत्र दिनेश मिश्रा व शैलेश मिश्रा ने संयुक्त रूप से उनके चित्र पर पुष्प अर्पित श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर वक्ताओं ने उनके कृतित्व और जीवनी पर प्रकाश डाला।अशोक सिंह ने 250 बालिकाओं को डायरी और कलम और शिक्षकों को अंगवस्त्रम व दीवार घड़ी देकर सम्मानित किया। इस मौके पर बृजेश सिंह, दिनेश यादव, मोहम्मद इरशाद, गुलाब सिंह ,मुसाफिर विश्वकर्मा ,विपिन चंद्र तिवारी ,विजय लाल जायसवाल, अब्दुल कासिम, कुशाग्र तिवारी, साक्षम तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

**सुविधा** — एमएलसी ने सीएमओ की मौजूदगी में दीप प्रज्ज्वलित कर जन अरोग्य मंदिर का किया उद्घाटन, मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने भी किया संबोधित

# आम जनमानस को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार:** जनपद में विधान परिषद सदस्य हरिओम पांडेय ने नगरीय आयुष्मान आरोग्य मंदिर का उद्घाटन किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार शैवाल ने मुख्य अतिथि का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

आयुष्मान आरोग्य मंदिर का शुभारंभ फीता काटकर और मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि केंद्र का मुख्य उद्देश्य लोगों को घर के पास गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। यहां प्राथमिक स्तर के सभी उपचार के साथ टीकाकरण, परिवार नियोजन, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य और एनसीडी सेवाएं मिलेंगी। सभी जांच और दवाएं निःशुल्क दी जाएंगी। केंद्र में एक एमबीबीएस चिकित्सक, एक स्टाफ नर्स, एक एएनएम और दो सपोर्ट स्टाफ की नियुक्ति की गई है। मुख्य अतिथि डॉ. हरिओम पांडेय ने कहा कि आम जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने विश्वास जताया कि इस केंद्र से लोगों को लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में डॉ. रामानंद अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, रक्षाराम जनपदीय शहरी स्वास्थ्य समन्वयक, चंद्रेश कुमार मौर्या, हनुमान प्रसाद, आशीष कुमार गुप्ता और अंकुर भास्कर समेत अन्य लोग रहे।



नगरीय आयुष्मान आरोग्य मंदिर का फीताकाटकर उद्घाटन करते एमएलसी डॉ. हरिओम पांडेय, सीएमओ संजय कुमार शैवाल व अन्य। अमृत विचार

### फल विक्रेताओं के लिए बनेगी मंडी

**जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** थाना जहांगीरगंज परिसर में थाना प्रभारी अजय कुमार यादव के नेतृत्व में व्यापार मंडल की एक बैठक बुलाई गई। बैठक में बाजार की विभिन्न समस्याओं को देखते हुए विचार-विमर्श किया गया। जिसमें व्यापार मंडल सहित व्यापारियों की उपस्थिति रही। सबसे ज्यादा समस्या बाजार में जाम को लेकर सामने आई तो फल विक्रेताओं से भी विचार-विमर्श किया गया। सडक़ पर जाम की समस्या को देखते हुए नगर पंचायत अधिशासी अभियंता से बात करके राजे सुल्तानपुर मोड़ पर तालाब के दोनों पटरी पर ठेले पर फल बेचने वालों की मंडी बनायी जाएगी। जिससे सडक़ पर हो रहे जाम से निजात मिल सके और बाजार में तेज गति से चलने वाले वाहनों को रोकने के लिए बाजार में तीन जगह सडक़ पर ब्रेकर बनाने की बात हुई। जिसको थाना अध्यक्ष अपने माध्यम से और व्यापार मंडल लिखित लेकर लोक निर्माण विभाग को अवगत कराएगा। बैठक में आए हुए सभी व्यापारियों से थानाध्यक्ष ने अनुरोध किया कि सभी व्यापारी का अपने दुकानों में जो सीसीटीवी कैमरा लगवाएं हैं। एक कैमरा सडक़ की तरफ जरूर लगाए, जिससे अनहोनी से बचा जा सके। थानाध्यक्ष से शिकायत की गई की बाजार में पुलिस पिकेट की व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त की जाए और बाजार के दिन चौक में पुलिस व्यवस्था की जाए।



जहांगीरगंज थाने में व्यापारियों के साथ बैठक करते थाना प्रभारी अजय कुमार यादव। अमृत विचार

**बाबा रामनाथ स्मारक पी0जी0 कालेज, बिहामदपुर, आशापार, जिला-अम्बेडकरनगर उ0प्र0**

में आवश्यकता है

प्राचार्य–01 पद तथा स्नातक स्तर पर कला संकाय के अन्तर्गत बी0ए0 पाठ्यक्रम (अंग्रेजी) तथा परास्नातक स्तर पर कला संकाय के अन्तर्गत एम0ए0 पाठ्यक्रम (प्राचीन इतिहास, राजनीतिशास्त्र एवं समाजशास्त्र) प्रत्येक विषय में प्रवक्ता–02 पद

**योग्यता एवं वेतनमान–** यू0जी0सी0 एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार। इच्छुक अभ्यर्थी 07 कार्य दिवस के अन्दर अपने समस्त अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों की दो स्व–हस्ताक्षरित प्रतियों एवं दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ एवं दो स्वपता लिखे लिफाफे के साथ महाविद्यालय के उपरोक्त पते पर आवेदन करें।

**प्रबन्धक–गीता यादव**
मो0नं0–9452066511

अमृत विचार www.amritvichar.com

# मरीजों के लिए वरदान साबित हो रही ब्लड सेपरेशन यूनिट

## जिला ब्लड सेंटर में संचालित है सेपरेशन यूनिट, मरीजों को राहत

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार:** संयुक्त जिला चिकित्सालय स्थित ब्लड सेंटर में संचालित ब्लड सेपरेशन यूनिट खून की कमी वाले मरीजों के लिए वरदान साबित हो रहा है। अब लोगों को प्लाज्मा, प्लेटलेट्स व पैकसेल के लिए लखनऊ व कानपुर सहित हायर सेंटरों पर नहीं जाना पड़ता है। एक साल में ब्लड सेपरेशन यूनिट में करीब 10 हजार यूनिट ब्लड से रेड ब्लड सेल (आरबीसी), व्हाइट ब्लड सेल (डब्ल्यूबीसी), प्लाज्मा और प्लेटलेट्स अलग-अलग किए जा चुके हैं।

कोविड काल के दौरान कोरोना से पीड़ित मरीजों के इलाज में प्लाज्मा ट्रांसप्लांट की आवश्यकता को देखते हुए शासन ने बलरामपुर में ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन यूनिट के संचालन का निर्देश दिया था। इसके तहत ही संयुक्त जिला चिकित्सालय परिसर स्थित ब्लड सेंटर में ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन यूनिट की स्थापना की गई। इसके बाद 30 अगस्त 2024 को जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन यूनिट उद्घाटन कराया। ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन यूनिट का संचालन शुरू होने से अब रक्त से आरबीसी, डब्ल्यूबीसी, प्लाज्मा और प्लेटलेट्स चारों कंपोनेंट अलग-अलग हो जाते हैं। अब मरीजों को आवश्यकता के अनुसार आरबीसी, प्लाज्मा और प्लेटलेट्स आसानी से मिल जाते हैं। अब तक 500 से अधिक गंभीर मरीजों को आरबीसी, प्लेटलेट्स व प्लाज्मा देकर उनकी जान बचाई जा चुकी है।



बलरामपुर जिला संयुक्त अस्पताल स्थित ब्लड बैंक जहां लगी है ब्लड सेपरेशन यूनिट।

### हायर सेंटर भटकने से मिला छुटकारा

पहले डेंगू, एनिमिया व लीवर के रोगियों को प्लाज्मा के लिए हायर सेंटरों में भटकना पड़ता था। अब जिले में आरबीसी, प्लाज्मा और प्लेटलेट्स की उपलब्धता होने से अब मरीज व तीमारदारों को परेशान नहीं होना पड़ता है। ब्लड सेंटर में ही आवश्यकता के अनुसार प्लाज्मा और प्लेटलेट्स ले सकते हैं। एनीमिया, कैंसर व किडनी से संबंधित मरीजों को आरबीसी, जलने वाले मरीजों को प्लाज्मा व डेंगू, ब्लीडिंग की समस्या वाले मरीजों को प्लेटलेट्स की आवश्यकता पड़ती है।

> ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन यूनिट में अब तक 10 हजार से अधिक ब्लड यूनिट से चारों कंपोनेंट अलग-अलग किए जा चुके हैं। उन कंपोनेंट को आवश्यकता के अनुसार मरीजों को दिया भी जा चुका है। खून की कमी से किसी की जान न जाए, इसके लिए डिमांड के अनुसार कंपोनेंट दिए जाते हैं। **-डॉ. आकांक्षा शुक्ल,** पैथोलॉजिस्ट, संयुक्त जिला अस्पताल

# मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 2358 मरीजों का उपचार

**बलरामपुर, अमृत विचार:** रविवार को जनपद बलरामपुर के इकतीस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेलों का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गुलरिहा हिसामपुर में आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का निरीक्षण किया। जनपद में आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में कुल 2358 लाभार्थियों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान किया गया, जिसमें 1019 पुरुष, 764 महिलाएं तथा 575 बच्चे शामिल हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में इलाज कर रहे चिकित्सकों एवम पैरा मेडिकल स्टाफ को निर्देशित किया कि किसी भी मरीज को न तो बाहर की दवा और न ही बाहर की जांच लिखा जाय, यह सुनिश्चित किया जाए कि जन आरोग्य मेले में इलाज हेतु आए मरीजों को समस्त आवश्यक औषधियां व जांचे पीएचसी पर ही उपलब्ध हो।

# बारिश न होने से हाल बेहाल, सूख रहे पोखरे और ताल

## समाजसेवियों ने शुरू की तालाबों में जल भरवाने की मुहिम, प्रशासन मौन

उतरौला, बलरामपुर

**अमृत विचार:** क्षेत्र में बारिश की कमी के कारण तालाब और पोखरे सूख रहे हैं जिससे पशु-पक्षी और जानवर प्यास से बेहाल हैं। भीषण गर्मी के चलते लोग घरों में दुबकने को मजबूर हैं। इस स्थिति में समाजसेवी एजाज मलिक ने अपने निजी संसाधनों से क्षेत्र के कई सूखे तालाबों में पानी भरवाया जिससे परिंदों और जानवरों को राहत मिली है।

ग्रामीणों ने एजाज मलिक की इस पहल की सराहना की और इसे प्रेरणादायक कदम बताया। क्षेत्रीय निवासी आरिफ, राजेश तथा सरिता देवी ने कहा कि एजाज मलिक की यह पहल न केवल जीवों के लिए जीवनदायी है बल्कि समाज को एक सकारात्मक संदेश भी देती है। वर्तमान में क्षेत्र में बारिश नहीं हो रही है और आसमान में बादल नहीं दिखाई दे रहे हैं जिससे गर्मी बढ़ती जा रही है। एजाज मलिक की पहल से पशु-पक्षियों और जानवरों को पानी मिल गया है जिससे उनकी स्थिति में सुधार हुआ है। यह पहल समाज के लिए एक सकारात्मक उदाहरण भी प्रस्तुत करती है। यदि जल्द बारिश नहीं होती तो क्षेत्र में पानी की समस्या और भी गंभीर हो सकती है।


ट्यूबवेल चलवाकर तालाब में पानी भरवाते समाजसेवी एजाज मलिक व अन्य। अमृत विचार

# 291 पंचायत सहायकों पर गिरी गाज, सीएससी सेवाएं ठप मिलने पर अंतिम नोटिस जारी

**बलरामपुर, अमृत विचार।** ग्राम पंचायतों में ऑनलाइन सेवाएं देने के लिए बनाए गए पंचायत सचिवालयों में लापरवाही सामने आई है। जिले के 793 ग्राम पंचायतों में संचालित कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) में से 291 पंचायतों में अब तक एक भी प्रमाण पत्र जारी नहीं किया गया है। इससे ग्रामीणों को जरूरी सेवाओं के लिए अब भी ब्लॉक, तहसील व जिला मुख्यालय का चक्कर काटना पड़ रहा है। इस लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए जिला पंचायत राज अधिकारी श्रेया उपाध्याय ने सभी 291 पंचायत सहायकों को अंतिम नोटिस जारी किया है।

यह खुलासा ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल की समीक्षा के दौरान हुआ। समीक्षा में पता चला कि संबंधित पंचायतों में न तो जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किए गए हैं और न ही निवास, आय अथवा जाति प्रमाण पत्र। इससे ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है जो शासन के निर्देशों की खुली अवहेलना है। जिला पंचायत राज अधिकारी श्रेया उपाध्याय ने बताया कि संबंधित सचिवों को निर्देशित किया गया है कि वह पंचायत सहायकों से इस संबंध में स्पष्टीकरण प्राप्त करें। यदि संतोषजनक जवाब नहीं मिला तो जून महीने का मानदेय रोक दिया जाएगा। पहले भी इन सहायकों को निर्देश दिए गए थे। बावजूद इसके सीएससी से सेवाएं शुरू नहीं की गईं। सदर ब्लॉक के 54, गैड़ास बुर्जुग के 9, गैसड़ी के 53, हरैया सतघरवा के 47, पचपेड़वा के 52, श्रीदत्तगंज के 26, रेहरा बाजार के 15, तुलसीपुर के 25 और उतरौला ब्लॉक के 10 पंचायत सहायकों को अंतिम नोटिस जारी किया गया है।

## सार-संक्षेप

### एसपी ने 155 चौकीदारों को वितरित की साइकिल


चौकीदारों को साइकिल वितरण करते पुलिस अधीक्षक विकास कुमार व अन्य।

**बलरामपुर, अमृत विचार :** 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर एसपी विकास कुमार ने 155 ग्राम प्रहरियों/चौकीदारों को साइकिल वितरित की। इस मौके पर एसपी ने ग्राम प्रहरियों की पुलिस व्यवस्था में भूमिका पर चर्चा की। ग्राम प्रहरियों को देय भत्ते और सुविधाओं को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी उतरौला, क्षेत्राधिकारी नगर, क्षेत्राधिकारी ललिया/लाइंस और क्षेत्राधिकारी यातायात सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

### युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**करनैलगंज, अमृत विचार :** अज्ञात कारणों से एक 22 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना शनिवार देर शाम की है। जब ग्राम सुदई पुरवा निवासी अंशू मिश्रा (22) वर्ष करनैलगंज नगर में रूम लेकर रहता था। शाम को जब परिजन गांव से वापस आए तो उसका शव देखा। आनन फानन में उसे उतार कर देखा गया तो सांसें बंद हो चुकी थी। परिजन उसे लेकर अपने गांव चले गए। मृतक दो भाई थे, जिसमें यह छोटा था। परिजनों ने उसका अंतिम संस्कार किया। कोतवाल तेज प्रताप सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी या सूचना प्राप्त नहीं है।

### महिलाओं में हुई मारपीट, मुकदमा दर्ज

**नवाबगंज, गोंडा :** आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों की महिलाओं में मारपीट हो गई। एक पक्ष की महिला की तहरीर पर चार महिलाओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। थाना क्षेत्र के लोलपुर गांव के लमती मजरा निवासी रेखा सिंह पत्नी पिंटू सिंह ने थाने पर दर्ज कराए गए मुकदमे में बताया कि शुक्रवार की रात्रि में करीब आठ बजे आपसी विवाद को लेकर गांव की लक्ष्मी पत्नी छोटू सिंह, मुस्कान,बड़का तथा संध्या देवी आई और गाली देने लगी। मना करने पर लात घूसों से उसे मारा पीटा।

### मारपीट व बलवा करने के तीन आरोपी गिरफ्तार

**गोंडा कार्यालय :** कोतवाली देहात पुलिस ने मारपीट व बलवा करने के तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पुलिस ने रामकरन पुत्र रामदुलारे, सन्तोष कुमार पुत्र रामदुलारे, शिव कुमार पुत्र श्याम लाल निवासी इमलिया मिश्र थाना कोतवाली देहात को इमलिया मिश्र गांव से गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाल देहात संजय सिंह ने बताया कि चार लोगों की गिरफ्तारी पहले हुई थी, रविवार को तीन और आरोपी की गिरफ्तारी हुई है। अभी मामले की जांच की जा रही है।

### तीन दिन से लापता युवक का नहीं लगा सुराग

**करनैलगंज, अमृत विचार :** गांधीनगर मोहल्ले में रहने वाला एक युवक तीन दिन से लापता है। सिपाही लाल तिवारी ने तहरीर देकर बताया कि उनका 30 वर्षीय पुत्र ओम प्रकाश तिवारी 20 जून की रात से लापता है। लापता युवक की पत्नी निशी तिवारी और उसके माता-पिता का रो-रोकर बुरा हाल है। कोतवाल तेज प्रताप सिंह ने बताया कि सिपाही लाल तिवारी की तहरीर पर युवक की गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है।

### जन सूचना अधिकार अधिनियम के तहत मांगी सूचना

**गोंडा कार्यालय :** गांव के विकास को लेकर कहां-कहां पैसा खर्च किया गया है। कितने की कार्य योजना बनी है। कौन-कौन से लाभार्थी हैं, इनकी सूचना ग्रामीण में जन अधिकार सूचना अधिनियम के तहत खंड विकास अधिकारी झंझरी से मांगी है। विकासखंड झझरी के अंतर्गत लक्ष्मणपुर हरिवंश के रहने वाले प्रदीप मिश्रा की ओर से खंड विकास अधिकारी झंझरी से जन सूचना अधिकार अधिनियम के तहत मांगी गई जानकारी में कहा गया है कि वर्ष 2021 से लेकर 25 तक गांव में कहां-कहां विकास कार्य हुए उनका कितना एस्टीमेट है, ग्राम सभा में सुलभ शौचालय कहां बना है उसकी लागत क्या है, पूरे गांव में कितने लोगों को अनुदानित शौचालय का लाभ मिला उनकी सूची, मनरेगा से कहां-कहां गांव में कार्य कराए गए हैं, तथा किन लोगों का जाब कार्ड बना है और उनका भुगतान कितना गया, गांव में कितने लोगों को प्रधानमंत्री तथा इंदिरा आवास का लाभ मिला उनकी प्रमाणित सूची दी जाए। ग्रामीण में जन सूचना में दिये जाने मे अतिरिक्त खर्च किए जाने की बात कही है।

### करंट लगने से महिला की मौत

**पचपेड़वा, बलरामपुर :** राजस्थानी थाना क्षेत्र के विजयनगर निवासी मीना (29) पत्नी जयप्रकाश वर्षीय की करंट लगने से मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। पचपेड़वा थाना क्षेत्र के ग्राम विजयनगर निवासिनी मीना कपड़ा प्रेस करते समय करंट लगने से बेहोश हो गई। परिजनों द्वारा निजी साधन से पचपेड़वा विमला विक्रम हॉस्पिटल पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। कोतवाल सतेन्द्र बहादुर ने बताया कि मृतका के भाई सुभाष द्वारा तहरीर मिली है।शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### अलग-अलग गांवों में हुई मारपीट में 11 पर केस दर्ज

**मनकापुर, गोंडा :** अलग-अलग गांव में मारपीट के मामले में पीड़ितों के तहरीर पर पुलिस ने 11 लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मधुपुर निवासी गुनगुन ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही विपक्षी सोहिल, अंकित, मनोज, नक्कारी घर में जबरन घुस कर मारे-पीटे और धमकी दिए हैं। ग्राम चिरैया भिटौरा निवासी विवेक सिंह ने बताया कि वह एक फैशन हाउस की दुकान पर नौकरी करता है। शुक्रवार को ग्राम बंदरहा निवासी विवेक यादव अपने अन्य साथी पीलखाना निवासी विशाल यादव, शिवम यादव, पंकज यादव के साथ दुकान पर आकर पीटा और धमकी दी। वहीं ग्राम बनकसिया शिवरतन सिंह के अहिरनपुरवा निवासी अर्चना ने बताया कि शुक्रवार शाम पांच बजे पानी रोकने के विवाद को लेकर गांव के ही गोमती, हेमा, जगराइन ने मारा-पीटा है। कोतवाल मनोज कुमार पाठक ने बताया कि पीड़ितों के तहरीर पर एक महिला सहित 11 लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है।


खुदरा उर्वरक विक्रेता की दुकान चेक करते जिला कृषि अधिकारी व अन्य। अमृत विचार

### थोक व फुटकर उर्वरक विक्रेता के खिलाफ केस दर्ज

**बलरामपुर, अमृत विचार :** जिला कृषि अधिकारी पीसी विश्वकर्मा ने बताया कि शनिवार को शिकायत प्राप्त हुई कि रेहरा क्षेत्र में यूरिया उर्वरक अधिक मूल्य पर दी जा रही है। जबरन जिंक ऊर्जा दी जा रही है। डीएम के निर्देश पर जांच करने पर शिकायतकर्ता का बयान लिया गया, प्रथम दृष्टया शिकायत सही पाए जाने पर कार्यवाही करते हुए खुदरा उर्वरक विक्रेता रेहरा बाजार के प्रोपराइटर श्री संतराम एवं फुटकर उर्वरक विक्रेता को उर्वरक देने वाले थोक उर्वरक विक्रेता में हमीर बसिया एंड ब्रदर भगवती गंज के विरुद्ध उर्वरक अधिक मूल्य पर उर्वरक बेचने, उर्वरक के साथ अन्य उत्पाद की टैगिंग करने, किसान को रसीद नहीं दिए जाने का दोषी मानते हुए आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के अंतर्गत थाना रेहरा में प्राथमिक की दर्ज कराई गई है। जनपद के समस्त उर्वरक विक्रेताओं को निर्देशित किया जाता है कि किसानों को निर्धारित मूल्य पर उर्वरक की बिक्री करें एवं रसीद अनिवार्य रूप से दी जाए। किसी अन्य उत्पाद की टैगिंग नहीं की जाए, किसान को उनका आधार लेकर ही भूमि की जोत एवं बोई गई फसल की संतुत मात्रा के अनुपात में उर्वरक की बिक्री करें। भविष्य में भी यह कार्रवाई होती रहेगी। दोषी पाए जाने पर उर्वरक विक्रेता के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### 140 सखियां करेंगी बाढ़ में ग्रामीणों की सहायता

**बलरामपुर, अमृत विचार :** बाढ़ जैसी आपदा के समय ग्रामीणों की मदद के लिए जिले में 140 समूह सखियों को तैयार किया गया है। यह सखियां 180 ग्राम पंचायतों में तैनात की जाएंगी। उपायुक्त श्रम एवं रोजगार एनआरएलएम मंजू त्रिवेदी ने बताया कि इन सखियों को लखनऊ में सात दिवसीय विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। जिसमें आपदा प्रबंधन, राहत कार्य, प्राथमिक उपचार और बचाव उपायों की जानकारी दी गई। समूह सखियों की जिम्मेदारी बाढ़ के दौरान ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाना, राहत सामग्री वितरित करना और प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित करना होगा। प्रशिक्षित सखियां गांवों में जनजागरूकता अभियान भी चलाएंगी ताकि लोग आपदा के समय सतर्क रहें और समय पर राहत पा सकें। यह पहल ग्राम्य विकास विभाग और एनआरएलएम के संयुक्त प्रयास से की गई है, जिससे स्थानीय महिलाओं को सशक्त बनाने के साथ-साथ आपदा प्रबंधन में समुदाय की भागीदारी भी सुनिश्चित हो सके।


जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में योग करते लोग। अमृत विचार

### नियमित योग से मिलेगा दर्द और तनाव से छुटकारा

**बलरामपुर, अमृत विचार :** स्पोटर्स स्टेडियम में रविवार को योग जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि एमडी फिजिशियन डॉ. रमेश कुमार पांडेय ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज की तेज रफ्तार जिंदगी में योग ही वह साधन है, जो हमें शारीरिक और मानसिक संतुलन प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि आज कल लो बैक पेन एक आम समस्या बन चुकी है जो गलत बैठने की मुद्रा, लगातार कंप्यूटर या मोबाइल पर काम करने और व्यायाम की कमी के कारण हो रही है। योग से न केवल इस समस्या से छुटकारा पाया जा सकता है, बल्कि शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ती है। कार्यक्रम में इप्का कंपनी के एरिया मैनेजर दीप नारायण जायसवाल ने कहा कि स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाया जाना चाहिए। कार्यक्रम में डॉ. केबी तिवारी, डॉ. आरएन यादव, लवकुश वर्मा, विनोद कुमार और सुधीर आदि मौजूद रहे। सभी ने योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की। कहा योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि एक जीवनशैली है, जो व्यक्ति को तनावमुक्त, अनुशासित और ऊर्जा से भरपूर बनाती है। अंत में प्रतिभागियों ने नियमित योग करने का संकल्प लिया।

# किसान की जमीन का धोखे से कराया बैनामा

**नवाबगंज, गोंडा:** एक बुजुर्ग किसान की जमीन को दबंग व्यक्ति ने धोखे से बैनामा करा लिया। बुजुर्ग पीड़ित किसान ने लेखाकार सहित चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। विकास खंड नवाबगंज के लोहराडांड़ दुमचीपुर निवासी किसान छांगुर ने वजीरगंज थाने में दर्ज कराए गए मुकदमे में बताया कि उसका लड़का शराबी है। जिससे वह परेशान रहता है। जिससे वह अपनी जमीन को नातियों के नाम से वसीयत करने के बारे में विचार किया।जिसके बारे में गांव के आशीष मिश्रा से चर्चा किया। बीते चार फरवरी को आशीष मिश्रा ने कहा कि तरबगंज तहसील चलो वहां पर तुम्हारी जमीन को नातियों के नाम वसीयत करा देंगे। वह उनकी बातों में आ कर उनके साथ तरबगंज तहसील चला गया जहां उन्होंने उनकी छः बीघा जमीन अपनी पत्नी प्रियामणि मिश्रा के नाम से बैनामा करा लिया। बैनामा में एक गवाह वह खुद बन गए तथा दूसरा गवाह लेखाकार डीपी सिंह बने। बैनामे में उन्होंने अपने भाई राकेश मिश्रा के नाम से छह लाख रुपए का चेक दर्शाया था। लेकिन वह चेक न तो उसे दिया गया और न ही नगद पैसा दिया गया। कुछ दिन के बाद जब उसे जमीन के बैनामा होने की जानकारी हुई तो वह उनसे अपनी जमीन को वापस करने के लिए कहा तो उसे गाली देकर हुए जान से मारने की देते हुए भगा दिया।

# मुखिया विहीन भाजपा संगठन में सन्नाटा

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचार:** पार्टी कार्यालय में एक महिला के साथ अश्लील हरकत करने पर भाजपा के अमर किशोर कश्यप को पार्टी से बाहर निकाल दिया गया। इसके बाद कार्यालय पर जैसे ग्रहण लग गया है। हमेशा गुलजार रहने वाला कार्यालय सन्नाटे में है और पार्टी लाइन से जुड़े कार्यक्रम पूरी तरह ठप हो गए हैं। पार्टी की कमान संभालने के लिए अपनी वफादारी का पिटारा लेकर कई पदाधिकारी लखनऊ से दिल्ली तक दौड़ लगा रहे हैं। विधायक व सांसदों के आवासों पर दस्तक दे रहे हैं। प्रदेश के पदाधिकारियों की चौखट नापी जा रही है लेकिन पार्टी अभी तक किसी निर्णय पर पहुंची या नहीं इसका जवाब किसी के पास नहीं है।



भाजपा कार्यालय पर पसरा सन्नाटा।

छह माह पहले जब भाजपा ने जिलाध्यक्ष सहित जिला कार्यकारिणी के चुनाव कराने के लिए ब्लॉक से लेकर जिले तक चहलकदमी कर रही थी। पार्टी की गाइड लाइन के हिसाब से वही जिलाध्यक्ष की रेस में रह सकता है जिसके ऊपर कोई आरोप न हो, मंडल से लेकर जिला कार्यकारिणी में महत्वपूर्ण पदों पर रहा हो। लेकिन चुनाव के दौरान ऐसे लोगों ने भी आवेदन किए थे जो गाइड लाइन से मेल नहीं खाते थे। आपसी विवाद को देखते हुए बिना लोकतांत्रिक व्यवस्था अपनाए अमर किशोर कश्यप को पुनः जिलाध्यक्ष बना दिया गया था। जिलाध्यक्ष बनने के बाद कश्यप ने पूरे जिले में घूम घूम कर माला पहनने की पहल की। अपना स्वागत कराया और पदाधिकारियों से दूरियां बनाने की कोशिश की। उन पर यहां तक आरोप है कि वह अपने कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का फोन तक नहीं उठाते थे। कार्यकारिणी के बिना सीधे निर्णय लेते थे। इस संगठन में नाराजगी तो थी लेकिन इस पर कोई बोलने को तैयार नहीं था। लेकिन कश्यप की एक कारस्तानी ने न सिर्फ पार्टी की छवि धूमिल कर दी और बल्कि बेटी बचाओ व बेटी पढ़ाओ व महिला सम्मान को ठेस दिया। उनकी हरकत से उन्हें न सिर्फ पद से हाथ धोना पड़ा बल्कि पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। नए जिलाध्यक्ष की ताजपोशी के लिए कसरत शुरू हुई। एक माह हो गए अभी तक जिलाध्यक्ष की घोषणा नहीं हुई। सोशल मीडिया पर अपने-अपने चहेतों को जिलाध्यक्ष बनाने का ध्रुवीकरण शुरू हो गया है। अध्यक्ष बने या न बने लेकिन पार्टी कार्यालय पर सन्नाटा पसरा है। हर क्षण कार्यकर्ताओं की जुटने वाली भीड़ जैसे सिरे से गायब हो गई है। यहां तक कि पार्टी कार्यालय के सामने बड़े बड़े चेहेतों के बोर्ड अब भी लगे हैं। कश्यप की फोटो वाले बैनर पार्टी कार्यालय को मुहं चिढ़ा रहे हैं। कार्यक्रम सारे जमींदोज हो चुके हैं। पंचायत चुनाव को लेकर बनने वाली रणनीति धराशायी हो गई है।


इंडो-नेपाल बॉर्डर पर फूट पेट्रोलिंग करते पुलिस और सशस्त्र सीमा बल के जवान। अमृत विचार

### तस्करी रोकने को इंडो-नेपाल सीमा पर संयुक्त फूट पेट्रोलिंग

**गैंसड़ी/जरवा, बलरामपुर, अमृत विचार :** कोतवाली जरवा क्षेत्र की पुलिस टीम द्वारा सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के जवानों के साथ भारत-नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर तस्करी की रोकथाम के उद्देश्य से संयुक्त फूट पेट्रोलिंग अभियान चलाया गया। यह अभियान बीपीओ गुरंगनाका क्षेत्र में संचालित किया गया। इस संयुक्त पेट्रोलिंग का उद्देश्य मानव तस्करी, मादक पदार्थों एवं स्वापक औषधियों की तस्करी, वन्य जीवों की अवैध तस्करी, तथा जंगलों से हरे पेड़ों की कटाई एवं तस्करी जैसी आपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण पाना था। पेट्रोलिंग दल में उप निरीक्षक इंद्रदेव के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल संजय, कांस्टेबल हरवेंद्र और राजेश सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे। वहीं सशस्त्र सीमा बल की टीम ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई।

# किशोरी बरामद आरोपी गिरफ्तार

**नवाबगंज, गोंडा:** पुलिस ने अपहृत किशोरी को बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि क्षेत्र के एक गांव की 14 वर्षीय किशोरी बीते 13 जून को घर से गायब हो गई थी। पिता की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू की गई।

उन्होंने बताया कि रविवार की सुबह नंदिनी नगर महाविद्यालय के पास से किशोरी को बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम राजा सिंह निवासी तुलसी उद्यान के पीछे जिला अयोध्या बताया। किशोरी को वन स्टाप सेंटर भेजा गया है आरोपी को जेल भेजा दिया गया है।

# जालसाजी के दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** नगर कोतवाली पुलिस ने जालसाजी करने के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। नगर कोतवाली क्षेत्र के चन्द्रभान पुत्र रामसमुझ निवासी ग्राम पण्डित पुरवा पूरे काशीराम मौजा गिर्द ने थाना तहरीर दी गयी कि उनके चचेरे भाई गोविन्द पुत्र गन्ने विगत 30 वर्षों से लापता हैं और उनकी कोई जानकारी नहीं है। इसके बावजूद कुछ अज्ञात एवं विपक्षी व्यक्तियों ने फर्जी निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेज तैयार कर गोविन्द के नाम से भूमि गाटा संख्या-600, ग्राम गिर्द ग्रामीण को हड़पने का षड्यंत्र किया है। फर्जी दस्तावेजों के आधार पर एक फर्जी बैनामा व इकरारनामा तैयार कर संपत्ति का अवैध हस्तांतरण किया गया। पूर्व में गुमशुदगी की रिपोर्ट पर पुलिस द्वारा गोविन्द के लापता होने की पुष्टि की जा चुकी है। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली नगर में 04 नामजद आरोपी के विरूद्ध सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत हुआ। मामले में रविवार को नगर कोतवाली पुलिस ने विवेचना के दौरान दोषी पाए गए 2 आरोपी गोविन्द उर्फ राजू पुत्र गन्ने निवासी पंडितपुरवा, बभनी कानूनगो गिर्द, थाना कोतवाली नगर, वर्तमान पता सब्जी मंडी उत्तरौला रोड व सियाराम वर्मा पुत्र चन्द्रिका प्रसाद वर्मा निवासी पंडितपुरवा, पूरे काशीराम, थाना कोतवाली नगर को उनके घर से गिरफ्तार किया है। नगरकोट वाली विवेक त्रिवेदी ने बताया कि आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। जांच की जा रही है।

**बाबा गयादीन वैद्य बाबूराम स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मैनपुर, गोण्डा**

में आवश्यकता है

परास्नातक स्तर पर कृषि संकाय के अन्तर्गत एम.एससी0 कृषि पाठ्यक्रम में (एग्रोनॉमी, एग्रीकल्चर केमेस्ट्री, हार्टिकल्चर, जेनेटिक्स एण्ड प्लान्ट ब्रीडिंग एवं एनीमल हस्बैन्ड्री एण्ड डेयरिंग) प्रत्येक विषय में प्रवक्ता-02 पद

**योग्यता एवं वेतनमान-** यू0जी0सी0 एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार।

इच्छुक अभ्यर्थी 07 कार्य दिवस के अन्दर अपने समस्त अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों की दो स्व-हस्ताक्षरित प्रतियों एवं दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ एवं दो स्वपता लिखे लिफाफे के साथ महाविद्यालय के उपरोक्त पते पर आवेदन करें।

**प्रबन्धक-सत्य प्रकाश तिवारी**
मो0नं0-9721655000, 9628551000

**बाबू दुर्गा प्रसाद मिश्र महाविद्यालय, बहिराडीहा, छपिया, गोण्डा**

में आवश्यकता है

प्राचार्य-01 पद तथा परास्नातक स्तर पर वाणिज्य संकाय के अन्तर्गत एम. काम0 पाठ्यक्रम में प्रवक्ता-02 पद तथा परास्नातक स्तर पर कला संकाय के अन्तर्गत एम0ए0 पाठ्यक्रम में (राजनीतिशास्त्र) तथा विज्ञान संकाय के अन्तर्गत एम0एस0सी0 पाठ्यक्रम (भौतिक विज्ञान एवं गणित) प्रत्येक विषय में प्रवक्ता-02 पद

**योग्यता एवं वेतनमान-** यू0जी0सी0 एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार।

इच्छुक अभ्यर्थी 07 कार्य दिवस के अन्दर अपने समस्त अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों की दो स्व-हस्ताक्षरित प्रतियों एवं दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ एवं दो स्वपता लिखे लिफाफे के साथ महाविद्यालय के उपरोक्त पते पर आवेदन करें।

**प्रबन्धक-हरिद्वार मिश्र**
मो0नं0-9919424909

# कौमारी माता मंदिर के वार्षिकोत्सव पर बही भजनों की बयार

संवाददाता, गोंडा


श्री राधा व श्रीकृष्ण की रासलीला का दृश्य प्रस्तुत करते कलाकार। अमृत विचार


कार्यक्रम में उपस्थित कौमारी माता मंदिर के पदाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** सिद्ध पीठ श्री मां वैष्णो देवी एवं कौमारी माता मंदिर का वार्षिक उत्सव पर देवी जागरण का आयोजन किया गया। बहराइच रोड पर आयोजित विशाल जागरण में हजारों लोगों की भीड़ जुटी और मां के जयकारे के साथ पूरी रात जागरण चलता रहा। कलाकारों द्वारा प्रस्तुत की गई झांकियों ने देवी भक्तों को झूमने पर विवश कर दिया।

कौमारी माता मंदिर का यह 18 वां वार्षिकोत्सव चल रहा है। शनिवार की रात 9.30 बजे मां के मंदिर की ज्योति व कलश कार्यक्रम स्थल पर गाजे बाजे के साथ लाया गया। विधि विधान व वैदिक मंत्रों के बीच मां के जयकारे के साथ पांडाल में मां के चित्र के सामने दीप प्रज्वलित किया गया। हर साल की भांति डा अमित गुप्ता, रमेश गुप्ता, डा परमानंद गुप्ता, डा आशीष गुप्ता, बेबी गुप्ता, रूबी, मानसी, अर्चना, डा जया गुप्ता ने झूमते हुए मां के जयकारे लगाए और आरती उतारी। इसके बाद पंकज निगम की पार्टी ने भजनों की हाजिरी लगाई। पूरी रात भजनों के अमृत रस फूटते रहे और लोगों की भीड़ जुटती चली गई। इतनी भीड़ जुटी की गोंडा बस स्टेशन से बहराइच रोड पर जाम की नौबत आ गई लेकिन ड्यूटी पर लगे पुलिस कर्मी बीच में ही गायब हो गए। श्री कौमारी माता सेवा समिति के अध्यक्ष अंश गुप्ता लिटिल ने बताया कि श्री आनंदेश्वर महादेव का भव्य श्रृंगार एवं पूजन भी किया गया। उन्होंने बताया कि मंदिर के वार्षिक उत्सव के अवसर पर विशाल जागरण रात्रि 8:00 बजे से शुरू हुआ, रात भर चलता रहा। जागरण में गायक पंकज निगम, कंचन त्रिवेदी, प्रभात निगम, शिवा पंडित, मास्टर शिवा आदि लोग अपनी प्रस्तुति दी। गीतकारों के भक्ति गीत पर श्रद्धालु रात भर जयकारे लगाते रहे। जागरण के दौरान ही मोंटी नटराजन ग्रुप दिल्ली द्वारा झांकी प्रस्तुत की गई। जिसको देखकर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। इसके बाद रविवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।


शिविर में चेकअप कराते कांग्रेस कार्यकर्ता। अमृत विचार

## शहर कांग्रेस कमेटी की अगुवाई में लगाया स्वास्थ्य शिविर

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार:** शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शाहिद अली कुरैशी के नेतृत्व में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें ब्लड प्रेशर, शुगर, ऑक्सीजन, पल्स की निशुल्क जांच की गई। डॉक्टर अरशद हसमत चौधरी ने स्वास्थ्य चेकअप किया और दवा का वितरण किया। कार्यक्रम मनकापुर बस स्टॉप निकट एपीजे अब्दुल कलाम चौक पर किया गया। स्वास्थ्य जानकारी देते हुए डॉक्टर ने लोगों को गर्मी से बचाव, पानी अधिक पीने, नीबू, छाछ, दही का इस्तेमाल करने की सलाह दी। तली भुनी चीजों से बचने की सलाह दी। स्वास्थ्य शिविर आयोजन कार्यक्रम में मुख्य रूप से कांग्रेस प्रवक्ता शिवकुमार दुबे, खुर्शीद चतुर्वेदी, शहजादे मेवाती, वसीम सिद्दीकी, सुभाष चंद्र पांडे एडवोकेट, जरनील हयात, सलीम कुरैशी, राजू सेवादल, ननकन, शिवेंद्र शर्मा, ब्रिजेन्द्र कोरी, निर्मला देवी, शाहिदा बेगम, उमाशंकर, राधेश्याम, संगीता, सिद्ध नाथ वर्मा, सुधीर कुमार सिंह, कमल पाण्डेय सहित अन्य लोग रहे।

# मगरमच्छ ने किशोर को बनाया निवाला

## सरयू नदी में मवेशियों को नहलाते समय हुई घटना, ग्रामीणों में दहशत का माहौल

- उपजिलाधिकारी ने मौके पर पहुंचकर लिया जायजा

उमरी बेगमगंज, गोंडा


राजा बाबू यादव। (फाइल फोटो)

**पहले भी दो लोगों को निवाला बना चुका है मगरमच्छ**

गत मई माह में सोनाली मोहम्मदपुर में भैंस नहलाने गए एक 60 वर्षीय बुजुर्ग मुन्ना यादव पुत्र राम प्रसाद को तथा गढ़ी माझा के शिवकुमार निषाद पुत्र संगम 50 वर्ष को सरयू नदी में ही मगरमच्छ ने अपना निवाला बना लिया था।

**अयोध्या में स्नान करने वालों के लिए खतरे की घंटी**

सरस सलिला सरयू नदी में गोंडा से लेकर अयोध्या धाम तक लोग स्नान कर पुण्य अर्जित करते हैं और इस नदी में मगरमच्छों का आतंक बढ़ता जा रहा है जिससे अयोध्या में पहुंचकर पवित्र स्नान करने वाले भक्तों के लिए खतरा बढ़ता जा रहा है।

**अमृत विचार:** क्षेत्र के ग्राम पंचायत सोनौली मोहम्मदपुर में भिखारीपुर सकरौर तटबंध स्पर नंबर पांच के सामने सरयू नदी (घाघरा) में भैंस नहलाने गए एक 15 वर्षीय किशोर को मगरमच्छ ने अपना निवाला बना लिया।

घटना रविवार के दोपहर की है। मगरमच्छ के आतंक से गांव में दहशत का माहौल है। वहीं गत एक माह के दौरान यह दूसरी घटना है। सोनौली मोहम्मदपुर चैलहन पुरवा बच्चीमाझा निवासी राजा बाबू यादव (15) पुत्र कुंवर बहादुर रविवार को दोपहर बाद सरयू नदी में अपने मवेशियों को नहलाते हुए नदी पार कर रहा था। इसी बीच वहां पहले से ही रह रहे मगरमच्छ ने उनको दबोच लिया और अपना निवाला बना लिया। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई है। वहीं स्थानीय लोगों की मदद से शव की तलाश की जा रही है। लोगों ने बताया कि इस स्थान पर मगरमच्छों का बसेरा है और यहां अक्सर वह पानी से बाहर देखने को मिलते थे। एक माह के भीतर इस दूसरी घटना से गांव में दहशत का माहौल है। एसडीएम तरबगंज राजीव मोहन सक्सेना ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और पीड़ित परिवार को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।

# एसपी ने नौ उप निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में किया बदलाव

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार:** पुलिस अधीक्षक ने विनीत जायसवाल कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त करने के उद्देश्य से नौ उप निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में बदलाव करते हुए तत्काल स्थानांतरित किए गए उप निरीक्षक को नये जगह पर कार्यभार करने का आदेश दिया है। पुलिस अधीक्षक ने सत्यनारायण यादव को पुलिस लाइन से खरगूपुर, जैद सिद्दीकी को पुलिस लाइन से नगर कोतवाली, गौरी शंकर को महिला थाना से पुलिस लाइन, अरुण कुमार को करनैलगंज से पुलिस लाइन, अरविंद राय को कोतवाली देहात से पुलिस लाइन, रामा शंकर यादव को कौड़िया से उमरी बेगमगंज, अंकित कुमार सिंह को पुलिस लाइन से चौकी धोबहा बाजार कटरा बाजार, विजय प्रकाश को पुलिस लाइन से तरबगंज तथा अखिलेश कुमार राही को धोबहाराय कटरा बाजार से थाना मोतीगंज में स्थानांतरित किया गया है। सभी उप निरीक्षकों को तत्काल कार्यभार ग्रहण करने का निर्देश एसपी द्वारा दिया गया है।

# भीषण गर्मी से लोग रहे परेशान दिन भर चला धूप-छांव का खेल

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार:** रविवार को दिन भर धूप छांव का खेल चलता रहा। लोग चिपचिपाहट भरी से परेशान रहे। सुबह तेज हवा ने थोड़ी सी गर्मी से राहत जरूर दिलाई, लेकिन जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया वैसे गर्मी फिर प्रचंड रूप में आ गई। सुबह लोगों के लिए राहत भरी साबित हुई जब लोग बिस्तर से उठे तो हवा बह रही थी। कुछ देर बाद आसमान पर बादल छा गए। मौसम खुशगवार हुआ तो लोग घर से बाहर निकाल कर घूमने लगे, लेकिन यह सुकून भरा मौसम कुछ ही देर रहा उसके बाद फिर वातावरण में बदलाव शुरू हुआ जैसे-जैसे समय बीता धूप अपने तेवर में आ गई। दोपहर होते होते आसमान से आग बरसने लगी लोगों को घर से निकलना मुश्किल हो गया है। मौसम विभाग के मुताबिक अभी गर्मी से राहत मिलने वाली नहीं है। नवाबगंज क्षेत्र में बरसात हुई है। फिलहाल धूप और पसीने वाली गर्मी से लोग हलकान हो रहे हैं। बिजली आपूर्ति का भी बुरा हाल है। बार-बार बिजली चले जाने से लोग परेशान हो गए हैं। कुछ मोहल्ले में तो लो वोल्टेज बड़ी समस्या बनता जा रहा है। फिलहाल सुबह सुहावने मौसम के साथ शुरू हुआ लेकिन दोपहर तक गर्मी में सबको रुलाना शुरू कर दिया। बाजार आये रमेश ने बताया कि घर से निकले थे तो हल्का बादल था, हवा चल रही थी लेकिन दोपहर होते-होते आसमान से आग बरसने लगी। गर्मी के चलते परेशान हो रहे हैं। वहीं दोपहर मे प्राइवेट चिकित्सक के यहां आए राम फेर ने बताया कि सुबह जब घर से निकले थे तब मौसम अच्छा था।

# गृहकलह से तंग युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर दी जान

**रुपईडीह, गोंडा:** शनिवार की देर रात कौड़िया के पोखरा कौड़िया गांव निवासी संदीप (35) का शव गोंडा-बहराइच रेल मार्ग पर मुन्ना पुरवा के पास पाया गया। जीआरपी की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर विधिक कार्रवाई की। बताया गया कि गृह कलह से उसने ट्रेन के सामने कूद कर जान दी है। थानाध्यक्ष अरविंद सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी के दौरान के प्रथम दृष्टया यह पाया गया कि मृतक संदीप का उसकी पत्नी कमला देवी से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। जिससे गुस्सा होकर उसने गोंडा से बहराइच जा रही मालगाड़ी के सामने कूदकर जान दे दी। उन्होंने बताया कि दारोगा अमरजीत सोनकर द्वारा शव को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया है। मृतक संदीप बाहर रहकर ट्रक चलाता था। दस दिन पहले ही घर आया था। उसके पिता हीरालाल की मौत दस साल पहले हो चुकी है। उसके तीन पुत्र शिवा 13 शिवम 10 व संचित 8 वर्ष के है। सभी का रो-रो कर हाल बेहाल है।

# शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी में रिटायर्ड शिक्षकों का हुआ सम्मान

बेलसर, गोंडा


बेलसर में आयोजित शैक्षिक गोष्ठी में मौजूद शिक्षक व अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार:** सेवानिवृत शिक्षक इकबाल हसन की अध्यक्षता में बेलसर के जयनारायण सदन पर शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी आयोजित हुई। मुख्य अतिथि उप्र माध्यमिक शिक्षक संघ के मंडल अध्यक्ष अजीत सिंह रहे। उपस्थित समस्त सेवानिवृत्त शिक्षकों का माल्यार्पण कर उन्हें स्मृति चिह्न भेंट कर स्वागत किया गया।

अजीत सिंह ने कहा कि शिक्षकों की विभिन्न समस्याएं जैसे पुरानी पेंशन बहाली, कैशलेस चिकित्सा सुविधा एवं समान कार्य के लिए समान वेतन की लड़ाई संगठन जारी रखेगा। उन्होंने कहा कि 25 जून को प्रयागराज में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ का प्रदेश सम्मेलन एवं शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी का आयोजन किया गया है। जिसमें प्रदेश स्तर की समस्याओं के साथ-साथ गोंडा जनपद की समस्याएं जैसे मंडल मुख्यालय पर उप शिक्षा निदेशक एवं संयुक्त शिक्षा निदेशक का पद सृजित करना तथा 1991 जनपद के पूर्व के आठ शिक्षकों का जिनका विनियमितीकरण अभी तक नहीं हो पाया है आदि समस्याओं को प्रदेश सम्मेलन में उठाया जाएगा। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक गोंडा से अपेक्षा किया कि आगामी जुलाई से प्रवेश के नाम पर छात्रों से किसी प्रकार की अवैध वसूली न हो तथा विद्यालयों में राजकीय प्रशासन की ही पुस्तक लगाई जाए जिससे छात्रों पर अतिरिक्त बोझ न आए। तेज प्रताप सिंह ने कहा कि संगठन के बल पर ही हम सभी को अच्छी पेंशन और सम्मान मिल रहा है। सेवानिवृत शिक्षक रामदास गुप्त ने कहा कि पूर्व में हम लोगों को नाम मात्र का वेतन मिलता था और शिक्षक बेचारा कहा जाता था आज संगठन के बदौलत हम शिक्षकों को सब कुछ मिला हुआ है। शिक्षकों ने मुख्य अतिथि को जनपद स्तर पर शिक्षक हितों के लिए सदैव उत्कृष्ट कार्य करने पर उन्हें पुष्प माला अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। संचालन शिक्षक अशोक कुमार ने किया। इस अवसर पर राजबहादुर सिंह, तेज प्रताप सिंह, ओमप्रकाश गुप्ता, जय सिंह बहादुर सिंह, रामफेर गुप्त, रामनारायण वर्मा, कृष्ण कुमार सिंह, धीरेंद्र कुमार सिंह, राजेश कुमार सिंह, मोहम्मद यूनुस, जय नारायण सिंह, मोहम्मद इसरार, मनोज कुमार गुप्ता, मो. हनीफ, आदित्य गुप्ता, प्रशांत दुबे आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### महिला आयोग की सदस्य 25 को करेंगी जनसुनवाई

**गोंडा, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग लखनऊ की सदस्य ऋतु शाही व एकता सिंह 25 जून को प्रात : 11 :00 बजे से सर्किट हाउस गोण्डा में महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षा व महिला जनसुनवाई करेंगी। जनपद की ऐसी महिलायें जो किसी भी प्रकार की प्रताड़ना, उत्पीड़न अथवा घरेलू हिंसा से पीड़ित हों, तो त्वरित न्याय एवं महिलाओं से सम्बन्धित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से लाभांवित होने हेतु उक्त महिला जनसुनवाई में उपस्थित हों सकती है।

### पिता पुत्र की पिटाई, मुकदमा दर्ज

**इटियाथोक, गोंडा :** ग्राम इटियाथोक के विनोद कुमार गौतम ने बताया कि विपक्षीगण उसे गाली गलौज दे रहे थे। बेटा संजय गौतम शनिवार की दोपहर इटियाथोक बाजार आया था। वह घर वापस लौट रहा था। रास्ते में उसने गाली गलौज देते हुए सुना तो बीच बचाव करने लगा। इस पर भवानियापुर उपाध्याय के रंजीत और उसके बेटे शुभम ने उसे और बेटे को मारा पीटा और जाति सूचक गालियां दी। प्रभारी निरीक्षक शेषमणि पांडेय ने बताया कि आरोपी पिता पुत्र के खिलाफ मारपीट व एससी एसटी एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### स्वच्छ कार समुदाय चिंतन गोष्ठी का हुआ आयोजन


गोष्ठी में मौजूद स्वच्छता ग्राही। अमृत विचार

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** स्वच्छकार समुदाय चिंतन गोष्ठी का आयोजन मारवाड़ इंटर कॉलेज के समीप किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में देव कबीर तथा अमित नायब रहे। मुख्य अतिथि ने कहा कि यदि समाज को आगे बढ़ाना है तो सभी लोग संगठित हो, बिना एकता के मंजिल नहीं मिलती है। उन्होंने कहा कि जो अपने समाज से उच्च पदों पर हैं वह लोग अपने समाज को बढ़ाने में सहयोग करें। संगठन की मजबूती के लिए सभी लोगों को यह आना होगा। जिम्मेदारी तय करते हुए आगे बढ़ना होगा। उन्होंने कहा कि संगठन में ही ताकत होता है इसलिए सभी लोग एक होकर आगे बढ़े। अखिल भारतीय सफ़ाई मजदूर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मिथुन वाल्मीकि ने कहा कि हम लोग सभी को समाज के समस्याओं क्या निस्तारण में आगे आना होगा। गोष्ठी में सामाजिक समस्याओं पर व्यापक रूप से चर्चा की गई। कई लोगों ने समस्याओं को रखा उसके निदान पर व्यापक रूप से कार्य योजना बनाकर निस्तारण पर हुई चर्चा हुई।

### चोरी के माल समेत आरोपी गिरफ्तार

**मनकापुर, गोंडा :** कोतवाली क्षेत्र स्थित कंपोजिट विद्यालय, एएनएम सेंटर और कूड़ाघर से चोरी हुए लोहे के गेट की घटना का पुलिस ने तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से चोरी किया गया माल बरामद कर लिया। बीते गुरुवार की रात जैदवा गांव स्थित तीन सार्वजनिक स्थलों से लोहे के गेट चोरी कर लिए गए थे। ग्राम प्रधान की तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था।मामले में पुलिस ने रविवार को गन्ना क्रय केंद्र कसैला रोड के पास दो अभियुक्तों अंकित उर्फ विजय व बाल किशुन को गिरफ्तार किया। उनकी निशानदेही पर तीसरे आरोपी ओमकेश्वर को भी पकड़ा गया। इनके कब्जे से पांच लोहे के गेट बरामद हुए।

### मांगी पसीने की कमाई तो मिली लाठियों की मार

**खरगूपुर, गोंडा :** मजदूरी मांगने पर पिता तथा उसके दो बेटों पर लाठी डंडे से हमला कर घायल कर दिया गया। खरगूपुर के मदार पुरवा विशुनापुर में काम के एवज में मजदूरी मांगने पर इसी गांव के रहने वाले कलीम व हलीम तथा दोनों की पत्नियों ने मिलकर लाठी डंडे से हमला किया तथा धमकी दी। हमले में अत्ताउल्लाह तथा उनके बेटों नबीउल्लाह व अशरफ अली घायल हो गए। प्रभारी थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि महिला सहित चारों आरोपियों के विरुद्ध हमला तथा धमकी देने के मामले में मुकदमा किया गया है।घायलों को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया है।

### ईश्वर की भक्ति के लिए मिला है मानव जीवन

**करनैलगंज, गोंडा :** परमहंस स्वामी अड़गड़ानंद जी महाराज के उत्तराधिकारी व संत स्वामी नारद जी महाराज के आगमन से कचनापुर गांव का वातावरण आध्यात्मिक उत्साह से भर गया। संत के स्वागत के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। वरिष्ठ कांग्रेस नेता व पूर्व विस प्रत्याशी त्रिलोकी नाथ तिवारी के आवास पर उनका पारंपरिक ढंग से स्वागत किया गया। स्वागत कार्यक्रम उपरांत भव्य शोभायात्रा निकाली गई जो करनैलगंज मौर्य नगर चौराहे से प्रारंभ होकर पूरे क्षेत्र में भ्रमण करती हुई आयोजन स्थल तक पहुंची। शोभायात्रा में सैकड़ों भक्तों ने भाग लिया। मोटरसाइकिल व चार पहिया वाहनों के लंबे काफिले के साथ ढोल-नगाड़ों की गूंज और पुष्प वर्षा ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। श्रद्धालु नाचते-गाते गुरुजी का जयकारा करते चल रहे थे। कचनापुर में आयोजित प्रवचन में स्वामी नारद जी महाराज ने कहा कि मानव जीवन केवल भौतिक सुखों के लिए नहीं बल्कि ईश्वर भक्ति के लिए मिला है।

# सोते रहे चौकीदार, सोना ले उड़े चोर

संवाददाता, परसपुर


सीसीटीवी में कैद चोर की तस्वीर। अमृत विचार

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के चरसड़ी बाजार में चोरों ने सर्राफा दुकान का शटर काटकर सोना-चांदी पार कर लिया। चोर पांच ग्राम सोना, बीस ग्राम चांदी व इनवर्टर की बैटरी लेकर फरार हो गए। पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में दर्ज हो गई है, फिर भी पुलिस के हाथ अब तक खाली हैं।

नगर पंचायत निवासी सर्राफा व्यापारी शिवम सोनी ऊर्फ नवनीत के मुताबिक, रोजाना की तरह शनिवार को वह दुकान बंद कर घर आया था। देर रात चोर शटर काटकर घुसे और तिजोरी काटने का असफल प्रयास किया। इसके बाद बाहर रखा सामान समेटकर फरार हो गए। सुबह जब व्यापारी दुकान पर पहुंचा तो सीसीटीवी फुटेज में नकाबपोश चोर तिजोरी काटते और सामान उठाते नजर आए। घटना को लेकर परसपुर विकास मंच के अध्यक्ष डॉ. अरुण कुमार सिंह ने कहा पुलिस की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। यदि चोरी का खुलासा नहीं हुआ तो व्यापारी वर्ग आंदोलन को बाध्य होगा। व्यापारियों का कहना है कि यदि यही हाल रहा तो बाजार में दुकानें बंद करने की नौबत आ जाएगी। इस सम्बध में प्रभारी निरीक्षक हेमंत कुमार गौड़ ने कहा कि घटना की जांच-पड़ताल की जा रही है लेकिन जनता पूछ रही है क्या जांच सिर्फ औपचारिकता तक सीमित है।

### खरगूपुर इलाके में चोरों ने दो घरों को बनाया निशाना

**खरगूपुर, गोंडा :** चोरी की घटना में नगदी सहित हजारों रुपए कीमत के जेवरात चोरी होने की तहरीर पुलिस को दी गई है। खरगूपुर थाना क्षेत्र के भंगहा गांव में साधु विश्वकर्मा के घर शनिवार की रात चोरों ने दरवाजे का ताला तोड़कर चोरी की। पीड़ित साधु विश्वकर्मा ने बताया कि घटना में नकदी के अलावा हजारों रुपए कीमत के सोने एवं चांदी के जेवरात चोर चुरा ले गए। मामले की जानकारी भोर में हुई। पीड़ित व्यक्ति ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध पुलिस को तहरीर दी है। दूसरी और इसी गांव में स्थित शराब की कंपोजिट दुकान का ताला तोड़कर हजारों की शराब व नगदी चुरा ले गए। प्रभारी थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि घटना की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# एक कार्यक्रम का दो विभागों से लिया भुगतान, फर्म पर केस दर्ज

गोंडा, कार्यालय

**अमृत विचार:** जनपद में एक सरकारी कार्यक्रम में हुए खर्च को दो विभाग से भुगतान करा लिया गया है। अब इस मामले में पीडब्ल्यूडी के अवर अभियंता की ओर से नगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया है जिससे हड़कंप मचा हुआ है। वजीरगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत पार्वती अरगा झील के समीप बीते 2 फरवरी को में विश्व आर्द्रभूमि दिवस समारोह का आयोजन किया गया था। जिसमें एक बड़ा घोटाला सामने आया है। महेंद्र सिंह टेंट हाउस फर्म पर आरोप है कि उसने पार्वती अरगा झील पर आयोजित कार्यक्रम के लिए दो अलग-अलग विभागों से एक ही कार्य के लिए दो बार भुगतान लिया है। जिसमें लोक निर्माण विभाग और सोहेलवा वन्य जीव प्रभाग बलरामपुर ने संयुक्त रूप से भूमिका निभाई थी। कार्यक्रम में महेंद्र सिंह टेंट हाउस ने टेंट और खानपान की व्यवस्था की थी। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सीएम योगी आदित्यनाथ भी मौजूद थे । महेंद्र सिंह टेंट हाउस ने पहले सोहेलवा वन प्रभाग से 19.95 लाख रुपये का भुगतान लिया और बाद में पीडब्ल्यूडी से 69.30 लाख रुपये का भुगतान लिया। आरोप है कि फर्म ने पूर्व भुगतान की जानकारी छिपाई और 13.95 लाख रुपये का दोबारा भुगतान धोखे से प्राप्त कर लिया। मामले के खुलासा होने पर अवर अभियंता ललित कुमार पाठक की शिकायत पर नगर कोतवाली में धोखाधड़ी का केस दर्ज किया गया है। नगर कोतवाल विवेक त्रिवेदी ने बताया कि केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

**राहत** | मक्का खरीद के लिए 15 जून से खुले हैं क्रय केंद्र, 2225 रुपये प्रति क्विंटल के भाव से खरीदा जाएगा मक्का, 31 जुलाई तक चलेंगे केंद्र

# एक सप्ताह बाद आई क्रय नीति, मक्का खरीद की जगी उम्मीद

गोंडा कार्यालय


मंडी में खुला मक्का का क्रय केंद्र। अमृत विचार

**अमृत विचार:** जिले में मक्का किसानों की उपज खरीदने के लिए पांच क्रय केंद्रों का संचालन 15 जून से शुरू हो गया है, लेकिन क्रय नीति सप्ताह भर बाद आई है। लापरवाही के नतीजा है मक्का किसान भुगत रहे हैं। अधिकतर किसानों ने अपने उपज को व्यापारियों के बेच दिया है। इस बार मक्का खरीदने की जिम्मेदारी खाद्य विभाग को मिली है। केंद्र खुल गए और प्रभारी मक्का किसानों का आने का इंतजार करते देखे गए।क्रय नीति न आने से केंद्र प्रभारी के हाथ बंधे हुए थे। फिलहाल अभी तक किसी भी केंद्र की बोहनी नहीं हुई है। जिले के तीन तहसीलों में मक्के की खेती व्यापक रूप से की जाती है। इन तहसीलों में तरबगंज करनैलगंज तथा सदर हैं। सरकार की ओर से इस बार मक्का क्रय केंद्र नहीं खुलना था। जबकि जिले में मक्का की पैदावार ठीक-ठाक हुई है। मजबूरी में किसान मंडी के व्यापारियों को कम दामों पर अपनी उपज बेच रहे थे। मूल्य समर्थन योजना के तहत मक्के का मूल्य 2225 रुपए प्रति क्विंटल घोषित किया गया है, लेकिन व्यापारी किसानों से 2 हजार रुपये के आसपास के भाव से मकई की खरीद कर रहे थे। पश्चिम के कुछ जिलों में मक्का केंद्र न खुलने से नाराज किसानों की ओर से प्रदर्शन भी किया गया था, जिसके वजह से सरकार ने मक्का क्रय केंद्र खोलने का निर्देश प्रदेश के 22 जिलों को दिया। इन 22 जिलों में स्थानीय जिला भी है। जिला खाद्य विपणन अधिकारी की ओर से पांच केंद्र खोले जाने का अनुमोदन जिलाधिकारी को भेजा गया। अनुमोदन मिलने के बाद क्रय केंद्र का संचालन भी शुरू कर दिया गया है। तीन तरह केंद्र को बहराइच रोड स्थित कृषि उत्पादन मंडी समिति गोंडा में ही खोले गए हैं, जबकि एक क्रय केंद्र करनैलगंज तथा एक नवाबगंज मंडी में संचालित किया जा रहा है। कृषि उत्पादन मंडी समिति गोंडा में खोले गए तीनों क्रय केंद्र के प्रभारी संदीप सिंह, राजकुमार चौधरी तथा नितेश सिंह है। क्रय केंद्र पर बैनर लगा दिया गया है। किसानों के आने का इंतजार किया जा रहा है। हालांकि जिले में क्रय केंद्र देर से खुलने का पूरा लाभ व्यापारियों ने उठाया और सस्ते दामों पर काफी मात्रा में मक्के की खरीद कर ली है। कई किसान मंडी में आकर कर केंद्र पर मक्का बेचने को लेकर जानकारी भी किए हैं, क्रय नीति देर से जारी होने का फायदा व्यापारियों में बाखुबी उठाया है, अब नीति आ जाने से मक्का किसानों को अपनी उपज सरकारी केंद्रो पर बेचने की उम्मीद जगी है। जिला खाद्य विक्रम अधिकारी प्रज्ञा मिश्रा ने बताया कि शासन की ओर से मक्का खरीद केंद्र खोले जाने का निर्देश मिला था। जिले में पांच क्रय केंद् संचालन शुरू कर दिया गया है। मूल्य समर्थन योजना के तहत 2225 रुपए प्रति क्विंटल के भाव से मक्का की खरीद की जाएगी। किसानों से मक्का खरीदने को लेकर केंद्र प्रभारी तैयार हैं। सारे केंद्र संचालित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि मक्का खरीद के नोडल अधिकारी अपर जिलाधिकारी हैं। सरकारी क्रय केंद्र का संचालन 31 जुलाई तक किया जाएगा।

क्षिप्रं विजानाति चिरं शृणोति विज्ञाय चार्थं भजते न कामात्।
नासम्पृष्टो व्युपयुङ्क्ते परार्थे तत् प्रज्ञानं प्रथमं पण्डितस्य ॥

ज्ञानी लोग किसी भी विषय को शीघ्र समझ लेते हैं, लेकिन उसे धैर्यपूर्वक देर तक सुनते रहते हैं। किसी भी कार्य को कर्तव्य समझकर करते है, कामना समझकर नहीं और व्यर्थ किसी के विषय में बात नहीं करते।

## संपादकीय

# अमेरिकी हमलों के बाद

इजराइल और ईरान के बीच जारी युद्ध में अमेरिका भी कूद पड़ा है। अमेरिका ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को रोकने के मकसद से इजराइल की ओर से शुरू किए गए हमलों में शामिल होते हुए रविवार तड़के तीन ईरानी परमाणु केंद्रों पर हमले किए। बमबारी से क्षेत्रीय तनाव और बढ़ गया। चिंता की बात है कि वर्तमान भू-राजनीतिक तनाव बड़े पैमाने पर संघर्ष को जन्म दे सकते हैं। ईरान को कमजोर करने के लिहाज से अमेरिका का यह एक जोखिम भरा कदम है, जिससे बड़े पैमाने क्षेत्रीय संघर्ष छिड़ने की आशंका है। विशेषज्ञों के मुताबिक दुनिया के तीसरे विश्व युद्ध के कगार पर होने की बात एक जटिल और चिंताजनक स्थिति है। क्योंकि मध्य पूर्व में सैन्य हस्तक्षेप अक्सर अनपेक्षित परिणाम और क्षेत्रीय अस्थिरता का कारण बनते हैं। इसलिए मध्य पूर्व में शांति और स्थिरता न केवल क्षेत्र के लिए बल्कि वैश्विक स्तर पर भी महत्वपूर्ण है। ऐसे में विभिन्न देशों ने कूटनीतिक समाधान तलाशने और संयम बरतने की अपील की। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने कहा है कि वह ईरान के परमाणु केंद्रों पर अमेरिका के बम हमलों से चिंतित हैं। इस बात का जोखिम है कि यह संघर्ष तेजी से नियंत्रण से बाहर जा सकता है जिसके नागरिकों, क्षेत्र और दुनिया के लिए विनाशकारी परिणाम हो सकते हैं। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बढ़ते तनाव पर ईरान के राष्ट्रपति पेजेशकियान से बात करके चिंता जताई। यह अब तक का सबसे गंभीर संकट है और इसे आगे बढ़ने से रोका जा सकता है। मध्य पूर्व में शांति और सुरक्षा स्थापित करने के लिए कूटनीति ही एकमात्र रास्ता है, यह एक व्यापक रूप से स्वीकृत विचार है। कूटनीति, जो आपसी समझ और सहयोग पर आधारित है, स्थायी शांति और स्थिरता लाने में अधिक प्रभावी साबित हो सकती है। सैन्य हस्तक्षेपों के बजाय, बातचीत और राजनयिक प्रयासों के माध्यम से संघर्षों को सुलझाने पर जोर दिया जाता है। यह आवश्यक है कि दुनिया के देश कूटनीति और बातचीत के माध्यम से इन तनावों को कम करने के लिए मिलकर काम करें और यह सुनिश्चित करें कि परमाणु हथियारों का उपयोग न किया जाए। कूटनीति के माध्यम से ही शांति और सुरक्षा के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। जरूरी है कि सहयोग और विश्वास-निर्माण के प्रयासों को बढ़ावा देकर बहुपक्षीय कूटनीति का उपयोग हो। निःसंदेह मध्य पूर्व में शांति और सुरक्षा स्थापित करने के लिए। कूटनीति को एक महत्वपूर्ण और प्रभावी साधन के रूप में अपनाया जाना चाहिए।

# दुनिया जल रही है, मगर पहरेदार मौन है



वीरेंद्र कुमार
स्वतंत्र लेखक

उधर भारत और पाकिस्तान के बीच लंबे समय से चला आ रहा विवाद- विशेष रूप से जम्मू-कश्मीर को लेकर-संयुक्त राष्ट्र के लिए एक चुनौतीपूर्ण परीक्षण रहा है। लेकिन यह स्पष्ट रूप से कहा जाना चाहिए कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है, और रहेगा।

बीते कुछ वर्षों में अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर जिस गति से युद्ध, टकराव और राजनयिक असंतुलन की घटनाएं बढ़ी हैं, उसने पूरी दुनिया को एक बार फिर संयुक्त राष्ट्र की भूमिका पर सोचने को मजबूर कर दिया है। विशेष रूप से 24 फरवरी 2022 को शुरू हुआ रूस-यूक्रेन युद्ध अब तीसरे वर्ष में प्रवेश कर चुका है, और इसके प्रभाव केवल पूर्वी यूरोप तक सीमित नहीं हैं। लाखों नागरिक विस्थापित हुए, हजारों मारे गए, और यूक्रेन का बुनियादी ढांचा - स्कूल, अस्पताल, जल और बिजली संयंत्र -बर्बाद हो चुका है। वैश्विक खाद्य संकट गहराया है क्योंकि रूस और यूक्रेन, दोनों गेहूं और तेल बीजों के बड़े निर्यातक रहे हैं। इस भयावहता के बावजूद संयुक्त राष्ट्र की भूमिका बेहद सीमित और प्रतीकात्मक रही है। रूस, जो सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य है, हर निर्णायक प्रस्ताव पर वीटो का प्रयोग करता है। यूएन महासभा ने युद्ध की निंदा करते हुए कई प्रस्ताव पारित किए, लेकिन वे केवल 'अनुशंसा' हैं, बाध्यकारी नहीं। संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अध्याय VI के अंतर्गत शांतिपूर्ण समाधान की अपील और अध्याय VII के अंतर्गत दबावयुक्त कार्रवाई -दोनों ही कानूनी रूप से संभव हैं, लेकिन स्थायी सदस्य देशों की राजनीतिक सहमति के अभाव में कभी प्रभावी रूप से लागू नहीं हो पाते। यह स्थिति संयुक्त राष्ट्र की सबसे गंभीर विफलताओं में गिनी जा सकती है।

उधर भारत और पाकिस्तान के बीच लंबे समय से चला आ रहा विवाद - विशेष रूप से जम्मू-कश्मीर को लेकर-संयुक्त राष्ट्र के लिए एक चुनौतीपूर्ण परीक्षण रहा है। लेकिन यह स्पष्ट रूप से कहा जाना चाहिए कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है, और रहेगा। यह कोई विवादित क्षेत्र नहीं, बल्कि भारतीय गणराज्य की एक संवैधानिक और ऐतिहासिक इकाई है, जिसे पाकिस्तान बार-बार आतंकवाद के माध्यम से अस्थिर करने की कोशिश करता रहा है। वास्तव में, पाकिस्तान दशकों से आतंकवाद को राज्य नीति के रूप में इस्तेमाल करता आया है- वह लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद, हिजबुल मुजाहिदीन जैसे संगठनों को पनाह और प्रशिक्षण देता है, जो भारत में निर्दोष नागरिकों की हत्याएं करते हैं। 26/11 से लेकर पुलवामा तक और उरी से लेकर पठानकोट तक, हर हमले की जड़ें पाकिस्तान में पाई गई हैं। और यह सब तब है जब पूरी दुनिया जानती है कि ओसामा बिन लादेन जैसे वैश्विक आतंकी को भी पाकिस्तान ने अपने सैन्य अड्डों के पास वर्षों तक छिपा रखा था। फिर भी संयुक्त राष्ट्र, जो आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई का दावा करता है, इन गंभीर तथ्यों पर खामोश रहता है। पहलगाम में हुए हमले, जिसमें यात्रियों को धर्म पूछकर मारा गया, यह दिखाता है कि यह लड़ाई सीमा की नहीं, सभ्यता और बर्बरता की है। मगर एक बार फिर संयुक्त राष्ट्र ने वही ढुलमुल बयान दिया -'दोनों पक्ष संयम बरतें'। क्या अब भी यह स्वीकार किया जाएगा कि आतंकवाद के शिकार और पोषक को एक ही तराजू में तौला जाए? इसी प्रकार, इज़राइल और हमास के बीच का संघर्ष भी संयुक्त राष्ट्र की 'सामर्थ्यहीनता' को उजागर करता है। अक्टूबर 2023 में जब हमास ने इज़राइल पर रॉकेट हमले किए और इज़राइल ने जवाबी हमले में गाज़ा पट्टी को लगभग खंडहर बना दिया, तब भी संयुक्त राष्ट्र केवल 'गंभीर चिंता' और 'संयम बरतने' की अपीलों तक सीमित रहा। गाज़ा में संयुक्त राष्ट्र राहत एवं कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) के स्कूलों और शरणार्थी शिविरों पर हमले हुए, जिनमें महिलाओं और बच्चों की जान गई। फिर भी सुरक्षा परिषद कोई निर्णायक प्रस्ताव पारित नहीं कर सकी क्योंकि अमेरिका ने इज़राइल के खिलाफ किसी भी प्रस्ताव पर वीटो का प्रयोग किया। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या मानवाधिकारों का उल्लंघन भी अब राजनीतिक संबद्धता के आधार पर मापा जाएगा? यूएन चार्टर के अनुच्छेद 1(3) में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि "मानवाधिकारों और मूल स्वतंत्रताओं के लिए सम्मान को प्रोत्साहित और बढ़ावा देना" संयुक्त राष्ट्र के प्रमुख उद्देश्यों में शामिल है। लेकिन जब फिलिस्तीनी बच्चे मलबों में दफन हो जाएं और विश्व संस्था केवल 'चिंता व्यक्त' करे, तो यह लक्ष्य एक खोखला आदर्श बन जाता है। यही नहीं, कई स्वतंत्र मानवाधिकार समूहों ने संयुक्त राष्ट्र की निष्क्रियता पर गंभीर सवाल उठाए और इसे 'नैतिक दिवालियापन' तक कहा।

> 2024 में जब ईरान और इज़रायल के बीच अप्रत्यक्ष युद्ध खुलकर सामने आया – जिसमें इज़रायल ने दमिश्क में ईरान के कांसुलेट पर हमला किया, और ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड के वरिष्ठ कमांडर मारे गए –तब यह स्पष्ट था कि प्रतिक्रिया गंभीर होगी।

2024 में जब ईरान और इज़रायल के बीच अप्रत्यक्ष युद्ध खुलकर सामने आया - जिसमें इज़रायल ने दमिश्क में ईरान के कांसुलेट पर हमला किया, और ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड के वरिष्ठ कमांडर मारे गए -तब यह स्पष्ट था कि प्रतिक्रिया गंभीर होगी। अप्रैल 2024 में, पहली बार ईरान ने सीधे मिसाइल और ड्रोन हमलों के माध्यम से इज़राइल की ओर जवाबी कार्रवाई की, जिससे दोनों देशों के बीच दशकों पुरानी छाया-लड़ाई एक खुले युद्ध में बदल गई। यह स्थिति जून 2025 तक और गहराती गई, जब तीन दिनों तक मिसाइलें, ड्रोन, साइबर अटैक और वायुसेना हमले दोनों ओर से चलते रहे। इस पूरे घटनाक्रम के दौरान संयुक्त राष्ट्र केवल आपात बैठकें बुलाता रहा और "क्षेत्रीय स्थिरता बनाए रखने" जैसी सामान्य अपीलें जारी करता रहा। अमेरिका और रूस की भिन्न रणनीतियों के चलते कोई भी ठोस प्रस्ताव पारित नहीं हुआ। यह प्रतिक्रियाएं तब और भी निराशाजनक लगती हैं जब यह संघर्ष पूरी मध्य-पूर्व की स्थिरता और वैश्विक तेल आपूर्ति को संकट में डाल चुका था। क्या यह वह स्थिति नहीं थी जब संयुक्त राष्ट्र को ठोस, निष्पक्ष और साहसिक निर्णय लेना चाहिए था? संयुक्त राष्ट्र के पास ताक़त की कमी नहीं है, लेकिन उसके अंदर निर्णय लेने की संरचना ही सबसे बड़ी बाधा है। यूएन चार्टर का अध्याय VII स्पष्ट रूप से कहता है कि अगर कोई देश अंतर्राष्ट्रीय शांति को खतरे में डालता है, तो उसके खिलाफ आर्थिक प्रतिबंध से लेकर सैन्य हस्तक्षेप तक की कार्रवाई की जा सकती है। मगर व्यवहार में, सुरक्षा परिषद के पाँच स्थायी सदस्य -अमेरिका, रूस, चीन, फ्रांस और ब्रिटेन -अपने-अपने राजनीतिक और आर्थिक हितों के आधार पर वीटो का प्रयोग करते हैं। यह वीटो किसी प्रस्ताव को पारित होने से रोक सकता है, भले ही वह प्रस्ताव बाकी सभी देशों द्वारा समर्थित हो। यही कारण है कि चाहे रूस का यूक्रेन पर हमला हो, या इज़राइल का गाजा में सैन्य अभियान, या फिर चीन का दक्षिण चीन सागर में सैन्य विस्तार -यदि कोई स्थायी सदस्य उस देश का मित्र है, तो संयुक्त राष्ट्र केवल बयान तक सीमित रह जाता है। यह ढांचा अब न्याय की बजाय सत्ता के समीकरणों को प्राथमिकता देता है। यहीं से संयुक्त राष्ट्र की नैतिकता पर प्रश्नचिह्न लगने लगते हैं, और वैश्विक जनमत में इसकी साख गिरती चली जाती है।

आज जब दुनिया जल रही है- कहीं युद्ध, कहीं दमन, कहीं मानवाधिकारों का संहार -तब सबसे बड़ा सवाल यह है कि जिस संस्था को द्वितीय विश्व युद्ध के बाद शांति स्थापना के उद्देश्य से बनाया गया था, वह अपने मौलिक कर्तव्यों से विमुख क्यों हो गई है। संयुक्त राष्ट्र की सबसे बड़ी विफलता यह है कि वह निष्पक्ष न्याय के बजाए कूटनीतिक संतुलन के पीछे छिप गया है। क्या अब समय नहीं आ गया कि इसके ढांचे में आमूलचूल बदलाव हो? क्या यह जरूरी नहीं कि वीटो की व्यवस्था पर पुनर्विचार हो, और अंतर्राष्ट्रीय न्याय को सदस्य देशों की मर्जी पर न छोड़ा जाए? वरना आज जो चुप्पी हम देख रहे हैं, वही कल किसी और देश की तबाही की गूंज में बदल सकती है- और तब शायद कोई भी संस्था इतनी विश्वसनीय न रह पाए कि उस पर भरोसा किया जा सके। अगर संयुक्त राष्ट्र को प्रासंगिक बनाना है, तो उसे मौन दर्शक की भूमिका से बाहर आना ही होगा।

## प्रसंगवश

# विधवाओं को आर्थिक सुरक्षा की जरुरत

**दिवस विशेष**



अरविंद जयतिलक
वरिष्ठ पत्रकार

आज अंतर्राष्ट्रीय विधवा दिवस है। यह दिन विधवाओं के लिए पूर्ण अधिकार और मान्यता प्राप्त करने के लिए कार्यवाही का अवसर का भी दिन है। गत वर्ष पहले सर्वोच्च न्यायालय ने वृंदावन सहित देश के अन्य शहरों में रह रही विधवाओं के मसले पर सुनवाई करते हुए गंभीर टिप्पणी की थी। उसने कम उम्र की विधवाओं के आश्रमों में रहने पर चिंता जताते हुए सरकार से जानना चाहा था कि विधवा विवाह को कल्याणकारी योजनाओं का हिस्सा क्यों नहीं होना चाहिए। न्यायमूर्ति मदन बी लोकुर व न्यायमूर्ति दीपक गुप्ता की पीठ ने कहा था कि विधवाओं के पुनर्वास की बात तो की जाती है लेकिन उनके विवाह के बारे में कोई बात नहीं करता। सर्वोच्च अदालत ने दो टूक कहा था कि सामाजिक बंधनों से मुक्त होकर विधवाओं के पुनर्वास से पहले उनके विवाह को प्रोत्साहन देने की जरुरत है। सर्वोच्च न्यायालय ने सरकार के सॉलिसिटर जनरल के इस आश्वासन पर कि विधवाओं के लिए स्वास्थ्य बीमा योजना है और विधवा गृहों में रहने वाली महिलाओं के लिए वोकेशनल ट्रेनिंग की योजना है पर नाराजगी जताते हुए कहा था कि आपकी योजनाएं सिर्फ कागजों पर दिखती हैं। जबकि जमीनी हकीकत कुछ और ही है। तब न्यायालय ने सुझाव दिया था कि विधवा गृहों में रह रही महिलाओं को पास के बाल सुधार गृह और वृद्धा आश्रमों में मौका दिया जाना चाहिए।

उल्लेखनीय है कि देश में सर्वाधिक विधवाएं राधा-कृष्ण की नगरी वृंदावन में रहती हैं। उन्हें अपनी जीविकोपार्जन के लिए मंदिरों में भजन-कीर्तन करने के अलावा अन्य कई कार्य करने पड़ते हैं। ध्यान दें तो भजन-कीर्तन के एवज में उन्हें महज पांच रुपए से पचास रुपए तक मिलते हैं और वे इन पैसों से बमुश्किल अपनी जरुरतें पूरी कर पाती हैं। कई स्वयंसेवी संगठनों ने अपने सर्वेक्षण में पाया है कि विधवाएं अपनी भूख मिटाने के लिए न सिर्फ भीख मांगती हैं बल्कि कुछ विधवाएं तो अपनी जरुरत पूरा करने के लिए कई घरों में चौका-बर्तन भी करती हैं। भरपेट भोजन न मिलने से वे एक जिंदा लाश के रुप में तब्दील होती जा रही हैं। इसी का कुपरिणाम है कि उन्हें कई तरह की गंभीर बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है।

फोग्सी फेडरेशन ऑफ ओब्स्टेट्रिक एंड गायनकोलॉजिकल सोसायटी ऑफ इंडिया द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में पाया गया कि वृंदावन में वास कर रही विधवा माताओं में तकरीबन 25 प्रतिशत महिलाओं में कैल्सियम की भारी कमी है और उनकी हड्डियां खोखली हैं। 10 प्रतिशत विधवाएं डायबिटिज और 60 प्रतिशत एनेमिक की शिकार हैं। 98 प्रतिशत विधवाएं रक्तचाप से पीड़ित हैं और 60 प्रतिशत विधवाएं पेट संबंधी गंभीर बीमारियों की चपेट में हैं। वृंदावन धार्मिक नगरी है और मंदिरों के लिए प्रसिद्ध है। वृंदावन का शाब्दिक अर्थ है तुलसी का वन। यहां आश्रमों में हजारों की तादाद में विधवाएं रहती हैं। यहां के प्रसिद्ध बांके बिहारी मंदिर का इलाका हो अथवा इस्कॉन मंदिर का इलाका, माथे पर तिलक और गले में कंठी धारण किए कम उम्र व उम्रदराज विधवाएं देखी जा सकती हैं। आमतौर पर माना जाता है कि यहां रह रही विधवाएं कृष्ण भक्त हैं और मोक्ष के लिए आई हैं। लेकिन एक सच यह भी है कि इनमें से कई विधवाएं ऐसी भी हैं जो स्वयं से यहां नहीं आई हैं। अधिकांश परित्यक्ताएं हैं जो या तो अकेले होने के कारण या घरवालों के खराब व्यवहार के कारण परेशान होकर यहां आकर बस गई हैं। ज्यादतर विधवाओं के परिवार में या तो कोई सदस्य नहीं बचा है या उनके परिवार वाले उनकी देखभाल को तैयार नहीं हैं। समाज के रिश्ते-नातों और दुनिया के रंगों से अलग कर दी गयी ये विधवाएं बदलते वक्त के साथ समाज की मुख्य धारा में लौटना चाहती हैं। इन विधवाओं में कई के मन में विवाह बंधन में बंधने की लालसा भी है। लेकिन समाज की दकियानुसी बेड़ियों के कैद से मुक्त हो पाना इनके लिए पहाड़ लांघने जैसा है। आज जरूरत इस बात की है कि सरकार के साथ-साथ समाज भी विधवाओं के प्रति मानवीय और उदार बने। विधवाओं के जीवन को सुगम बनाने की जिम्मेदारी सिर्फ सरकार के कंधे पर ठेलकर निश्चिंत नहीं हुआ जा सकता।

# कबाड़ और विरासत में भेद करने का विवेक



डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

> भारतीय समाज में एक विशेष प्रवृत्ति देखी जाती है – अतीत का व्यामोह।

हर जीवन प्रणाली-जैविक हो या सांस्कृतिक-स्वयं के भीतर एक अपशिष्ट-निर्माण तंत्र रखती है। यह एक्सक्रीटा केवल शारीरिक नहीं, बौद्धिक और सांस्कृतिक भी होता है। कोई भी प्रणाली यदि अपने ही उत्पादित एक्सक्रीटा को न पहचान सके, न अलग कर सके, न निष्कासित कर सके-तो वह जड़, अस्वस्थ और अंततः आत्म-घाती हो जाती है।

भारत की मौजूदा सभ्यता इस रोग से ग्रस्त है। हम पुरातन के मोह और पश्चिम के परजीवित्व के द्वंद्व में फंसे हुए हैं, जहां हम न तो अपना कबाड़ फेंक पा रहे हैं, न बाहर का कबाड़ पहचान पा रहे हैं। हमारी सोच में अपशिष्ट-बोध का अभाव है। इस पूरे ढांचे में हमारी संस्कृति, हमारी तकनीकी नीति, और हमारी बौद्धिकता-सब एक सांस्कृतिक जंकयार्ड में बदल गई हैं।

भारतीय समाज में एक विशेष प्रवृत्ति देखी जाती है - अतीत का व्यामोह। यह उस स्मृति-विन्यास का हिस्सा नहीं है जो परंपरा को जीवित रखता है, बल्कि वह अंधा मोह है जो कबाड़ को विरासत समझ बैठता है। सांस्कृतिक संस्थाएं-संग्रहालय, अकादमियां, विश्वविद्यालय-इन सबमें यह व्यामोह व्याप्त है। वे विचारों और प्रतीकों के कूड़े को 'स्मृति' और 'गौरव' के नाम पर सहेजते हैं। कबाड़ और एंटीक के बीच का अंतर ग़ायब हो चुका है। फलस्वरूप, हमारी संस्कृति गतिशील परंपरा के बजाय एक स्थिर, दुर्गंधयुक्त संस्कृति-वस्त्रालय बन गई है - जहां वस्त्र नहीं, उनके चिथड़े हैं।

भारतीय विकास की एक मूलभूत समस्या है -टेक्नोलॉजी का जुगाड़ आयात। जब कोई तकनीक पश्चिम में पुरानी हो जाती है, जब वहां उसका मूल्यह्रास हो चुका होता है, तब हम उसे 'नई' मानकर भारत में अपनाते हैं। यह स्पिलओवर इफेक्ट भारत के लिए 'आयातित विकास' का आधार बन चुका है।

लेकिन मशीनें अपने आप नहीं चलतीं। उन्हें प्रशिक्षित मानव चाहिए। तकनीकी साक्षरता, कार्य संस्कृति, रखरखाव की नीतियां, और प्रयोग में उद्देश्यबोध। परंतु भारत इस दिशा में बेहद खोखला है। हमारे पास तकनीकें तो हैं, पर आदमी नहीं हैं। जुगाड़ से केवल कुछ मशीनें चलती हैं, सभी नहीं और समाज तो कतई नहीं। नतीजा यह होता है कि भारत जंक टेक्नोलॉजी का कब्रिस्तान बन जाता है - उन मशीनों का संग्रहालय जो चली नहीं, और उन तकनीकों का स्मारक जो समझी नहीं गईं।

हमारे विश्वविद्यालयों और पाठ्यक्रमों में वही यूरो-अमेरिकन विचार पढ़ाए जाते हैं, जिन्हें वहां के समाजों ने 30-40 साल पहले त्याग दिया था। पोस्टमॉडर्निज़्म, डेरीदा, फ्रायड, मार्क्स, हबर्मास, कींस, सैमुएल्सन-इन सबका अध्ययन वहां आलोचनात्मक ढंग से हो चुका है, पर यहां उन्हें धर्मग्रंथों की तरह पढ़ाया जाता है।

वहीं भारतीय ज्ञान परंपरा-न्याय, सांख्य, योग, मीमांसा, लोक-कथाएं, दार्शनिक आख्यान-या तो गायब हैं या उन्हें रूढ़िवादी कैदी के रूप में दिखाया जाता है। आधुनिक भारतीय शिक्षा नीति में न तो पश्चिम की आधुनिकता का विवेक है, न भारत की परंपरा की आत्मा।

आज के सोशल मीडिया-प्रेरित बौद्धिक वर्ग में विचारों की गहराई नहीं, ट्रेंड की सतही व्याकुलता है। एक विचार वायरल होता है, फिर सड़ जाता है। बिना संदर्भ, बिना समीक्षा, बिना परिपक्वता-केवल बौद्धिक टिक-टॉक बनकर रह जाता है।

ट्विटर थ्रेड्स, इंस्टाग्राम रील्स, यूट्यूब शॉर्ट्स- इन माध्यमों ने सोचने के समय और स्थान को छीन लिया है। वे विचारों को उपभोक्ता-सामग्री बनाते हैं, न कि बौद्धिक अनुशासन का साधन। और इसी कचरे से हमारा नव-बौद्धिक वर्ग पनप रहा है-ज्ञान नहीं, राय का साम्राज्य।

एक स्वस्थ सभ्यता वही होती है जो यह जानती हो कि कब क्या छोड़ना है। आत्म-शुद्धि, आत्म-आलोचना, और परंपरा की समयोचित संधियों के बिना कोई भी संस्कृति जीवित नहीं रहती। इसके लिए जरूरी है-कबाड़ और विरासत में भेद करने का विवेक। पुरातनता के मोह से बाहर निकलने की ईमानदारी। विदेशी विचारों को आत्मसात करने की बजाए उनकी जांच-परख मूल्यहीन हो चुकी टेक्नोलॉजी को केवल 'नई' मानने की प्रवृत्ति का त्याग शिक्षा को बौद्धिक स्वराज की दिशा में मोड़ना

हमें सांस्कृतिक अपशिष्ट-बोध की आवश्यकता है-ऐसा विवेक जो कबाड़ को कबाड़ समझ सके, और असली चीज़ को संरक्षित कर सके। बिना इसके हम केवल कबाड़ संग्रहकर्ता रहेंगे, निर्माता नहीं।

## सोशल फोरम

# डरा हुआ मध्यम वर्ग



डॉ. हेमंत कुमार झा
एसोसिएट प्रोफेसर, पाटलिपुत्र विवि, पटना (बिहार)

द ग्रेट इंडियन मिडिल क्लास आजकल थोड़ा हिला हुआ है। थोड़ा डरा हुआ भी है। एयर इंडिया के प्लेन क्रैश ने उसे अंदर से हिला दिया है। उसका भरोसा दरका है इस सिस्टम से... कि कहीं न कहीं कुछ प्रॉब्लम तो है। और, अब वह डर गया है युद्ध से। दुनिया अचानक से अशांत हो उठी है और भारत का मिडिल क्लास भविष्य की डरावनी संभावनाओं से आशंकित है। वह युद्ध से इसलिए डर गया है कि तमाम विशेषज्ञ आशंकाएं जता रहे हैं कि युद्धों के इस सिलसिले और अंतर्राष्ट्रीय तनावों के गहराते जाने से वैश्विक जीडीपी के लुढ़कने का खतरा सामने आ गया है, भारत भी इस लपेटे में आएगा ही आएगा और...इन सबके कारण पहले से ही आर्थिक चुनौतियों से जूझते भारतीय मिडिल क्लास की परेशानियां और अधिक बढ़ेंगी।

ईरान इजरायल युद्ध और मध्यपूर्व में बढ़ते तनावों ने तेल की कीमतों के बढ़ने की आशंकाएं पैदा कर दी हैं, इधर महंगाई भी कुलांचें भरने को तैयार ही है। निवेश की प्राथमिकताएं तय करने में अब सरकारें नए सिरे से सोच रही हैं। भारत भी सोच विचार की मुद्रा में है। भारतीय वायुसेनाध्यक्ष ने वायुसेना के आधुनिकीकरण की प्रक्रिया के मंद रहने को लेकर क्षोभ व्यक्त किया है और रक्षा विशेषज्ञों का समूह भी चेतावनी दे रहा है कि भारत को अपनी रक्षा प्रणाली को चाक चौबंद करने के लिए बड़े पूंजी निवेश के बारे में गंभीरता से सोचना ही होगा। युद्ध और मध्य वर्ग की आर्थिक आकांक्षाओं के बीच भारी अंतर्विरोध हैं। हाल में युद्धों के बढ़ते सिलसिलों ने उसके मन में इस अंतर्विरोध को अधिक स्पष्ट रूप से रेखांकित किया है। वह चाहता है कि अब यह सब खत्म हो और नेता लोग उसकी बेहतरी के लिए अपने दिमाग और देश के संसाधनों को लगाएं। लेकिन, मुश्किल यह है कि नवउदारवाद के हिलोर में भारतीय ही नहीं, दुनिया के अनेक हिस्सों में मध्य वर्ग के जिस मानस का विकास हुआ है, उसने जिन और जैसे नेताओं को राजनीति के रंगमंच पर प्रतिष्ठापित किया है, उनमें "कंस्ट्रक्टिव थिंकिंग" का अभाव है। उनकी डोर लोकतांत्रिक आकांक्षाओं से अधिक कॉरपोरेट के हितों से संचालित होती है।

**-फेसबुक वॉल से**

# कूनो में चीता पुनर्वास पर वैज्ञानिक अध्ययन



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

> दक्षिणी अफ्रीका में चीतों के अवलोकन से दर्ज किए गए अनुभवों से पता चलता है कि नए परिवेश में अनुकूलन की प्रक्रिया चीता के व्यक्तिगत व्यवहार पर निर्भर करती है।

प्रकृति और जीवों के विकास क्रम में मॉलिक्यूलर और जेनेटिक स्तर पर क्या घटित होता है और किस प्रकार से जीव अपने परिवेश के प्रति एक समयावधि में अनुकूलन कर लेते हैं यह बात भारत में मध्यप्रदेश के कूनो अभयारण्य में चीते की पुनर्स्थापना से साबित होती है। अफ्रीका के नामीबिया और साउथ अफ्रीका से लाए गए चीतों को कूनो में स्थापित करने से पहले वहां के चीतों के बारे में दो किस्म का डाटा जुटाया गया था- परिवेश और चीतों का आनुवंशिक विकास। कूनो में चीतों के पुनर्वास की दो वर्ष की अवधि में जीव विज्ञानियों ने बारीकी से किए गए अवलोकन से मिली जानकारी के आधार पर कुछ खास पहलुओं को ध्यान में रखते हुए तीन स्टडीज को डिजाईन किया और कूनों में छोड़े गए चीतों के बारे में नया डाटा जुटाया। ये तीनों अध्ययन फ्रंटियर्स इन कंज़र्वेशन साइंस जर्नल के 9 जून 2025 के अंक में प्रकाशित हुए हैं जो एनवायरनमेंटल और जूलॉजिकल साइंस में अभी तक किए गए अध्ययनों में जानकारी के हिसाब से आश्वस्त करने वाले अधिक हैं।

1952 में भारत से चीता विलुप्त घोषित किया गया। 75 वर्ष बाद नामीबिया और दक्षिण अफ्रीका से भारत में 20 चीतों का स्थानांतरण और पुनर्वास एक समग्र पारिस्थितिकीय पहल है जिसका उद्देश्य देश में चरागाहों और खुले वन पारिस्थितिकी तंत्रों में शिकार प्रजातियों की सुरक्षा और अन्य लुप्तप्राय जीवों की रक्षा करते हुए चीता की आबादी को पुनर्जीवित करना है। सन 2022 और 2023 में भारत में नामीबिया से आठ और साउथ अफ्रीका से 12 चीते लाए गए थे। प्रारंभ में चीतों के लिए कूनो अभ्यारण्य के परिवेश में खुद को ढालना चुनौती रहा।

नामीबिया से लाए गए बीस चीतों में से मरने वाले दस की ऑटोप्सी रिपोर्ट में मौत का कारण कार्डियोवैस्कुलर फैल्योर, मादा से हुई झड़प में घायल होना, अंतरंगों की कमजोरी, मैगॉट्स के पर्याक्रमण से उत्पन्न माइयासिस रोग बताया गया। फ्रंटियर्स जर्नल में प्रकाशित तीन पेपर्स में चीता पुनर्वास से संबंधित विस्तृत जानकारी के विश्लेषण से निकाले गए निष्कर्षों में लिखा है कि प्रोजेक्ट चीता की आलोचनाएं वैचारिक पूर्वाग्रहों, अति सरलीकृत अनुमानों और सनसनीखेज कथाओं पर आधारित थीं न कि विज्ञानविधि के अनुसार गहन अवलोकन और निरीक्षण पर आधारित की गईं। दो शोधपत्रों में इशेंदु जोशी, स्टेफ़नी क्लारमैन, लुई वाल, जेम्स डिमेल्बी, बोगडान क्रिस्टेस्कु, कथम बंद्योपाध्याय, निकोला जेन रूनी और लॉटरी मार्कर शामिल रहे। शनाह मुलिया, वैभव माथुर, हेमंत सिंह, अभिषेक, संजयन कुमार और गोबिंद भारद्वाज और अन्य आठ द्वारा प्रस्तुत शोध एवं समीक्षा पत्रों में दिए गए निष्कर्षों से पता चलता है कि कूनो अभ्यारण्य की पारिस्थितिकी में चीतों द्वारा अनुकूलन करने की क्षमता है। भारत में चीतों के लिए कूनो की सीमाओं के भीतर की पारिस्थितिकी और चीतों द्वारा विस्तृत भू-भाग में विचरण करते समय उपयोग में लाए जाने वाले तौर-तरीकों के पारिस्थितिकीय प्रभाव को वैज्ञानिक बारीकियों के रूप से परिभाषित करना अभी जल्दबाजी होगी, ऐसा भी कहा गया।

दक्षिणी अफ्रीका में चीतों के अवलोकन से दर्ज किए गए अनुभवों से पता चलता है कि नए परिवेश में अनुकूलन की प्रक्रिया चीता के व्यक्तिगत व्यवहार पर निर्भर करती है। कूनो के स्थानीय संदर्भ यथा, भू-दृश्य, जलकुंड और प्रवाहित जल-धाराएं, वर्षाकाल की आर्द्रता, वर्षभर के तापमान में उतार-चढ़ाव, शिकारी जंतुओं और चीता के लिए शिकार की उपलब्धता, छाया और सूखा, जंगल में वृक्षों, घास और झाड़ियों का घनत्व, मनुष्य आबादी की निकटता, सूर्य रश्मियों और अल्ट्रावायलेट किरणों की प्रखरता जोकि चीता के चमड़ी और बालों में रंग परिवर्तन कर सकती है, आदि के बारे में डाटा जुटाया गया। अनुभवजन्य पिछला डाटा और इस नए डाटा से उन्नत और सूक्ष्म समझ पैदा हुई जिससे परियोजना का अध्ययन करने वालों द्वारा चीतों के पुनर्वास और संरक्षण प्रयास का मूल्यांकन किया गया। परियोजना अभी प्रारंभिक चरण में है और, निश्चित निष्कर्ष तब निकलेंगे जब कूनों में चीतों की पांच-छः पीढ़ियां विकसित हो जाएंगी और इनकी संख्या बढ़ेगी। कूनो नेशनल पार्क के मुख्य क्षेत्र से परे पड़ोसी संरक्षित क्षेत्रों को शामिल करते हुए एक भूदृश्य-स्तरीय विस्तार रणनीति लागू की जा रही है जिसके लिए गुजरात में बन्नी घास के मैदान और मध्य प्रदेश में गांधी सागर वन्यजीव अभयारण्य में चीतों के अतिरिक्त विचरण एवं प्रजनन क्षेत्र तैयार किए जा रहे हैं। इस प्रकार भारत में तीन स्थलों से चीतों के संरक्षण सम्बन्धी डाटा जुटा कर इनके पुनर्वास की कारगरता की परीक्षा इंसानी पहल किए जाने से कुदरत ही एक बार पुनः तय करेगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना*** 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharayodhya@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

# बिजली कटौती से नाराज लोगों ने घेरा उपकेन्द्र, हंगामा

## दो दिनों से आपूर्ति ठप होने से पैदा हो गया था पेयजल का संकट, लोगों ने की विभाग के खिलाफ नारेबाजी

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार**। शहर के बशीरगंज स्थित बिजली उपकेन्द्र के नाजिरपुरा बंजारी मोड़ फीडर लाइन मे अंडरफाल्ट पर दो दिनो से आपूर्ति ठप होने पर जलापूर्ति व अन्य गतिविधियों पर असर पड़ा है। इससे नाराज लोग शाम से ही उपकेन्द्र के चक्कर लगाने लगे। इसी दौरान एआईएमआईएम नेत्री व हाईकोर्ट अधिवक्ता जूही रजा सिद्दीकी के पहुंचते ही हजारों लोगों ने उपकेंद्र का घेराव कर लिया और हंगामा व नारेबाजी करने लगे। सूचना मिलते ही बशीरगंज पुलिस चौकी प्रभारी ने उपकेन्द्र के आगे बैरिकेडिंग कर लोगों को समझाने का प्रयास किया। शनिवार रात लगभग 12 बजे बिजली आपूर्ति बहाल होने के बावजूद रात डेढ़ बजे तक लोग जमे रहे।

भीषण गर्मी व बारिश के चलते शहर का मौसम दो दिनों से काफी उमस भरा है। ऐसे में बशीरगंज बिजली उपकेन्द्र के नाजिरपुरा बंजारी मोड़ फीडर की अंडरलाइन में गुरूवार से फाल्ट के चलते काजीपुरा, नाजिरपुरा पूर्वी व पश्चिमी, बशीरगंज, नई बस्ती, बंजारी मोड़ व रामगांव में घंटों आपूर्ति ठप होने से पेयजल के लिए त्राहि मच गई। उद्योग धंधे प्रभावित होने के साथ आम जनजीवन पर प्रतिकूल असर पड़ा। घंटों आपूर्ति ठप होने से लोगों का धैर्य जवाब दे गया। लोगों का आरोप था कि बशीरगंज उपकेन्द्र पर तैनात कर्मी अंडरलाइन फाल्ट होने व तलाश कर रहे है, कहकर लोगों को टरका रहे थे। इसी दौरान आईएमआईएम की नेत्री जूही रजा सिद्दीकी के बशीरगंज उपकेन्द्र पर पहुंचते ही हजारो लोग उमड़ पड़े और उपकेंद्र का घेराव कर दिया।

लोग बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। उपकेन्द्र पर तैनात कर्मियों ने अंडरलाइन फाल्ट बताकर पल्ला झाड़ना चाहा। इस पर जूही रजा सिद्दीकी ने पोल से लाइन चालू करवाने को कहा। खबर मिलते ही मौके पर पहुंचे चौकी प्रभारी ने लोगों को समझाकर हटाना चाहा पर लोग डटे रहे। शनिवार रात 12 बजे बिजली आपूर्ति बहाल होने पर भी काफी लोग वही जमा रहे। उनका मानना था कि बिजली आपूर्ति फिर प्रभावित हो सकती है। आधे घंटे बाद फिर आपूर्ति ठप होते ही फिर बिजली महकमे के कर्मियों ने फाल्ट दुरूस्त कर आपूर्ति शुरू कराई। अवर अभियंता सीडी गुप्ता ने बताया कि अंडर लाइन फाल्ट होने से नाजिरपुरा बंजारी फीडर से आपूर्ति प्रभावित हुई थी। फाल्ट दुरुस्त कर आपूर्ति बहाल कर दी गई है।

### नवाबगंज क्षेत्र में बिजली व्यवस्था हुई बेपटरी

**नवाबगंज ,बहराइच, अमृत विचार।** सरकार द्वारा जारी रोस्टर के बावजूद विद्युत विभाग की उदासीनता से नवाबगंज क्षेत्र की बिजली व्यवस्था पूरी तरह से बेपटरी हो गई है। कस्बा से गांव तक लो वोल्टेज व बिजली कटौती को लेकर उपभोक्ताओं में त्राहि-त्राहि मचा है। विभागीय अधिकारियों द्वारा फोन न उठाने से नहीं उठाते फोन लोगों में आक्रोश व्याप्त है। नानपारा सबस्टेशन पावर हाउस से नवाबगंज क्षेत्र में लगभग 270 गांवों के लिए विद्युत सप्लाई होती है। बीते कई सप्ताह से अघोषित बिजली कटौती की जा रही है। व्यापार मंडल के अध्यक्ष मुजीब अहमद, जमील अहमद, रंजीत गुप्ता, प्रेम सागर, ननकू प्रसाद, अनिल कुमार मिश्रा, जुनैद अहमद, संतोष कुमार आदि का आरोप है कि कटौती के समय जब विभागीय कर्मचारियों व अधिकारियों को फोन किया जाता है, तो उनका फोन भी नहीं उठता है।

### बिजली बिलों में बढ़ोतरी को लेकर आप करेगी प्रदर्शन

**बहराइच, अमृत विचार।** बहराइच पहुंचे आप सांसद संजय सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार के दोनों इंजन फेल हो चुके हैं जनता परेशान हैं सरकार हजारों स्कूलों में तालाबंदी करने की योजना बना रही है जिसके खिलाफ आप कार्यकर्ता सड़कों पर उतर कर प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने बिजली बिलों में की जाने वाली बढ़ोतरी को लेकर भी सरकार को घेरा। सिंह अभिनंदन बैंक्वेट हाल में आम आदमी पार्टी द्वारा आयोजित बौद्ध प्रान्त कार्यकर्ता सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे थे इस दौरान उन्होंने सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कुछ दिन में दो नई चीज़ें आने वाले दिनों में होने वाली है। सरकार द्वारा 27 हजार स्कूलों को बंद करने की योजना है। भाजपा सरकार बिजली के दामों में 35 प्रतिशत तक वृद्धि करने जा रही है। आम आदमी पार्टी इसका पुरजोर तरीके से योगी सरकार का विरोध करेगी।

### 2 हफ्ते पहले क्षतिग्रस्त लाइन, नहीं हुई मरम्मत

**नवाबगंज बहराइच अमृत विचार।** क्षेत्र मे 2 सप्ताह पहले 11000 की लाइन क्षतिग्रस्त हो गई थी। विभागीय अधिकारियों की उदासीनता से अभी तक इसकी मरम्मत नहीं कराई गई है। इससे क्षेत्र में बिजली सप्लाई बाधित है। खेतों में धान की नर्सरी सूख रही है। नवाबगंज के ग्राम पंचायत रामनगर सेमरा के कई गांओं के किसानों द्वारा खेतों में फसल सिचाई के लिए दर्जन भर से ज्यादा समरसेबल कनेक्शन लिये गये हैं। 15 दिन पूर्व ग्राम सेमरा के निकट 11000 की लाइन क्षतिग्रस्त हो गया था जिसकी शिकायत उपभोक्ताओं के द्वारा विभाग को किया गया परंतु अब तक क्षतिग्रस्त बिजली लाइन का मरम्मत किया गया। किसानों का कहना है कि विद्युत सप्लाई ठप होने से खेतों मे लगे समरसेबल पंप प्रभावित हैं। खेतों में लगी धान की नर्सरी सूखने के कगार पर है।

# बिजली के साथ सोलर एनर्जी से जोड़ें जायें सीसीटीवी

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार**। जनपद के निकायों में टाइड एवं अनटाइड ग्रांट से सीसीटीवी कैमरो की स्थापना, इण्टरलॉकिंग व सीसी रोड का निर्माण, एल.ई.डी., सालिड वेस्ट मैनेजमेन्ट के लिए उपकरण, मोबाइल टॉयलेट एवं वाटर कूलर क्रय इत्यादि के प्रस्तावों की स्वीकृति के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी मोनिका रानी ने निर्देश दिया कि शासन द्वारा निर्धारित गाइड लाइन का पालन सुनिश्चित कराते हुए अग्रिम कार्यवाही की जाय।

सीसी रोड व इण्टरलाकिंग निर्माण प्रस्तावों के अनुमोदन पर चर्चा के दौरान जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिये गये कि प्रस्तावों के साथ लाभान्वित होने वाले लोगों की संख्या का भी उल्लेख भी किया जाय। डीएम ने निर्देश दिया कि सीसीटीवी कैमरों के संचालन के लिए विद्युत के साथ-साथ सोलर एनर्जी की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाये। जिससे स्थापित कैमरे राउण्ड द क्लाक क्रियाशील रहें। उन्होंने नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी निकायों में जुलूस मार्गों तथा अतिसंवेदनशील स्थानों पर प्राथमिकता के आधार पर सीसीटीवी कैमरे अवश्य स्थापित किये जायें। डीएम ने निर्देश दिया कि स्थापित किये गये सीसीटीवी कैमरों की प्रभावी ढंग से मॉनीटरिंग भी की जाय। डीएम ने निर्देश दिया कि तकनीकी स्वीकृति का अधिशासी अधिकारी अपने स्तर से भी अवश्य परीक्षण कर लें। जिलाधिकारी ने नगर निकायों को निर्देश दिया कि वर्षा ऋृतु से पूर्व नाली नालों की समुचित साफ-सफाई के साथ-साथ फागिंग एवं एण्टीलार्वा का छिड़काव भी कराया जाए। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद नानपारा के अध्यक्ष अब्दुल वहीद, अध्यक्ष नगर पंचायत रूपईडीहा डॉ. उमा शंकर वैश्य, अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी सदर पूजा चौधरी तथा नगर निकायों के अधिशासी अधिकारी मौजूद रहे।



कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक करतीं जिलाधिकारी मोनिका रानी।

### वादों की प्रतिदिन सुनवाई कर निस्तारण करें

**बहराइच।** कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व वादों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने उप जिलाधिकारियों, तहसीलदारों व नायब तहसीलदारों को निर्देश दिया कि दायरे के सापेक्ष निस्तारण की समीक्षा करते हुए यह सुनिश्चित करें कि दायरे से कम निस्तारण नहीं होना चाहिए। डीएम ने कहा कि जिन ग्रामों के अधिक वाद हों, सम्बन्धित उप जिलाधिकारी ऐसे गांवों का नियमित रूप से भ्रमण कर वास्तविक स्थिति से अवगत हो लें। डीएम ने कहा कि ग्राम के भ्रमण के दौरान ग्राम से सम्बन्धित आईजीआरएस व अन्य माध्यमों से प्राप्त हुई शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता का भी जायज़ा लें। डीएम ने कहा कि के समय सीमा उपरान्त सभी वादों का निस्तारण माह जून में कर दिया जाय। इसके अलावा धारा 80 का कोई भी वाद समय सीमा के उपरान्त लम्बित न रहने पाये।

## सआदत इंटर कॉलेज नानपारा के भवन का हो रहा व्यावसायिक इस्तेमाल

**नानपारा, (बहराइच)**। सआदत इंटर कॉलेज नानपारा में शिक्षा की जगह अब व्यापार को प्राथमिकता दी जा रही है। कॉलेज परिसर में स्थित कुछ कमरों को कथित रूप से किराए पर देकर व्यावसायिक गोदाम के रूप में प्रयोग में लाया जा रहा है। कमरों को आम का स्टोर बना दिया गया और आम रखने के साथ ही पकाने का भी कार्य जारी हैं। आज सुबह जब इसकी यहां के निवासी विवेक स्कूल के बगल से गुजर रहे थे तो उन्होंने इसपर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी को दूरभाष के जरिए इसकी सूचना दी उन्होंने बताया कि उसके कुछ समय बाद डीआईओ एस बहराइच का फोन आया जिस पर पूरी सूचना उनको दी। गई कुछ देर बाद देखा गया कि आम से भरे कमरे ठेकेदार द्वारा खाली कर दिए गए अब सवाल यह है कि सालों से इन कमरों की जो किराए द्वारा आने वाली कमाई किसकी जेब में जा रही थी किस अधिकारी के संरक्षण देने पर वह इस तरह के कार्य कर रहे थे। तहसीलदार अंबिका चौधरी ने बताया कि इस बात की सूचना नहीं थी जांच कराई जाएगी।

# स्टे के बाद डिगिहा टैक्सी स्टैंड पर पुलिस व पालिका की मुहिम

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार**। नगर क्षेत्र के माल गोदाम रोड पर संचालित डिगिहा टैक्सी स्टैंड के विरुद्ध पुलिस व पालिका प्रशासन मुहिम छेड़े हुए हैं। पिछले अप्रैल माह में स्टैंड संचालक को थाना दरगाह कोतवाली देहात में कारण बिठाए रखा गया।

अब टैक्सी स्टैंड के मुख्य द्वार पर जेसीबी से गड्ढा खोदवाया गया जिसका स्टैंड संचालक ने विरोध किया और हाई कोर्ट से इस पर स्टे होने की बात बताई। गड्ढा खोदने वाले लोग इस पर मिट्टी डालकर चले गए पीड़ित संचालक ने नगर पालिका प्रशासन की अधिशासी अधिकारी समेत कई के विरुद्ध न्यायालय की अवधारणा का वाद दायर करने की तैयारी शुरू कर दी है। डिगिहा टैक्सी स्टैंड के संचालक हरीशचंद्र रस्तोगी ने बताया कि उन्होंने संबंधित विभाग की अनापत्ति प्रमाण पत्र के बाद स्टैंड संचालक का काम शुरू किया लेकिन कुछ विरोधियों के इशारे पर इस कार्य में बाधा डालने की कोशिश की गई। इस पर सिविल कोर्ट में वाद दायर किया गया और सिविल कोर्ट से इस मामले में स्थगन आदेश जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि इसके बावजूद विगत अप्रैल माह में उन्हें पहले कोतवाली देहात और उसके बाद थाना दरगाह में अनावश्यक बैठाएं रखा गया बाद में जाने को कहा गया। इसके बाद से आए दिन पुलिस व नगरपालिका कर्मियों के माध्यम से स्टैंड संचालन कार्य में बाधा डालने की कोशिश की जा रही है। विगत शुक्रवार को उस समय विवाद की स्थिति बन गई, जब टैक्सी स्टैंड के सामने नगर पालिका की ओर से जबरन जेसीबी से खुदाई करवाई गई। हैरानी की बात यह रही कि जिस स्थान पर खुदाई की गई, उससे जुड़ा स्वामित्व विवाद अभी न्यायालय में विचाराधीन है और सिविल कोर्ट द्वारा यथास्थिति बनाए रखने का आदेश भी दिया गया है। टैक्सी यूनियन अध्यक्ष ने इस कार्रवाई को अदालत के आदेश की खुली अवहेलना बताया है। उन्होंने कहा कि नगर पालिका की अधिशाषी अधिकारी अधिकारी, ट्रैफिक पुलिस इंचार्ज और स्थानीय पुलिस के मौखिक निर्देश पर यह काम कराया गया, जिससे न सिर्फ टैक्सी स्टैंड की व्यवस्था बाधित हुई, बल्कि यात्रियों को भी भारी परेशानी उठानी पड़ी। उन्होंने उच्च अधिकारियों को पत्र लिखकर इस मामले में सिविल कोर्ट के आदेश की अवहेलना न होने देने की अपेक्षा की है तथा स्वयं की सुरक्षा की गुहार लगाई है।

# नेपाल के रास्ते पहुंच रहे चायनीज कृत्रिम पौरुष अंग

भागवत शुक्ला,बहराइच

**अमृत विचार**। कभी सोना, चरस, चावल, सिगरेट और शराब की तस्करी के लिए विख्यात भारत- नेपाल सीमा अब एक नये 'आइटम' के लिए फेमस हो रही है यह आइटम और कुछ नहीं बल्कि चीन निर्मित रबर के पुरुष जननांग हैं जिन्हें यहां पर कृत्रिम पौरुष अंग कहा जाता है इन्हें नेपाल के रास्ते भारत के विभिन्न महानगरों में भेजा जा रहा है। तस्करी के इस अवैध कार्य में अंतर्राष्ट्रीय तस्करों की संलिप्तता बताई जा रही है इन तस्करों ने भारतीय व नेपाली क्षेत्र में अपना पूरा नेटवर्क तैयार कर रखा है।

नेपाल सीमा से सटे लखीमपुर जिले की गौरीफंटा में सुरक्षा बलों ने अभी बीते सात जून को बड़े पैमाने पर चीन निर्मित रबर के इन कृत्रिम पौरुष अंगों की भारी तादाद में बरामदगी की। बरामद किये गये इन कृत्रिम पौरुष अंगों की संख्या 10 लाख से भी ज्यादा थी जो 134 बड़े बड़े कार्टूनों में पैक थे इसकी अनुमानित कीमत लगभग दो करोड़ रुपए आंकी गयी। यह तस्कर इन कार्टूनों को एक डीसीएम में लेकर जा रहे थे जो सुरक्षा बलों के हत्थे चढ़ गये। इस माल के साथ दो लोग नईम व अनीस अहमद को भी गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में इन लोगों ने बताया कि भारतीय क्षेत्र के लखनऊ, कानपुर, दिल्ली, मुंबई , हैदराबाद आदि महानगरों में इसकी काफी डिमांड होती है तथा काफी अच्छे कीमत में इनकी बिक्री हो जाती है।

इसके अतिरिक्त इसी माह की 10 जून को नेपाल के रुपनदेही जिले की पुलिस ने भारी तादाद में रबर के इन चाइनीज़ कृत्रिम पौरुष अंगों की जिसकी अनुमानित कीमत लगभग चालीस लाख नेपाली करेंसी के आसपास थी बरामद किया गया तस्करी का यह माल भारतीय क्षेत्र में आना था इस बारे में नेपाल के रुपनदेही जिला मुख्यालय के पुलिस प्रवक्ता डीएसपी गणेश साव्कोटा बताते हैं कि तस्करी के इस माल के साथ भारतीय क्षेत्र के जिला कन्नौज व बिजनौर के दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया था डीएसपी साव्कोटा बताते हैं कि यह लोग चीन से लगी सीमा क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं को पैसे का लालच देकर कैरियर्स का कार्य करवाते हैं और जब ज्यादा माल एकत्र हो जाता है तो उसे भारतीय क्षेत्र में थोड़ा थोड़ा कर पहुंचाते हैं।

भारत नेपाल बार्डर पर नेपाली गांव जैसपुर व नेपालगंज का युवा वर्ग तथा रुपईडीहा के तस्करों के साथ देश के विभिन्न शहरों के रहने वाले तस्कर भी तस्करी के इस अवैध कार्य में संलिप्त हैं। यह लोग कैरियर्स के माध्यम से छोटे छोटे पैकेटों में इन्हें बाइक व साइकिलों द्वारा रुपईडीहा व सीमा से सटे शहरों व कस्बों में स्थित निश्चित गोदामों में डंप करते हैं। जहां से यह लोग इसे लखनऊ, कानपुर, दिल्ली, मुंबई, कलकत्ता व हैदराबाद तक पहुंचा देते हैं। सूत्र बताते हैं कि रुपैडिहा जो कि नेपाल सीमा से सटा कस्बा है यहां से भी इसकी पर्याप्त तस्करी होती है।इस बारे में जब अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी से बात की गयी तो उन्होंने बताया कि सीमा पर तस्करी रोकने के लिए पर्याप्त इंतजामात किये गये हैं यहां के मुख्य मार्गों के अतिरिक्त ग्रामीण क्षेत्रों के ऐसे रास्ते जिनसे दोनों देशों में अवागमन हो सकता है उन रास्तों पर भी पर्याप्त सुरक्षा व निगहबानी की व्यवस्था की गयी है ऐसे में यहां से किसी तरह की तस्करी या अवांछित तत्वों की घुसपैठ मुमकिन नहीं है।

### करंट की चपेट में आकर किशोर की मौत

**मटेरा/बहराइच।** खैरीघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत एकघरा गांव में उस वक्त चीख पुकार शुरू हो गई। जब एक किशोर की हाई टेंशन लाइन के चपेट में आने से मौत हो गई। गांव निवासी अनिल कुमार वर्मा का 15 वर्षीय लड़का रजनीश कुमार वर्मा रविवार सुबह पास के चौराहे पर टेंट का सामान लाने गया हुआ था। टेंट का पाइप ट्राली में लादते समय ऊपर से निकली ग्यारह हजार की लाइन से पाइप टकरा गया। जिससे रजनीश वर्मा की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी होते ही परिजनों में चीख पुकार शुरू हो गई। बताया जा रहा है कि रजनीश के दादी की तेरहवीं संस्कार था। उसी में लगाने के लिए टेंट लाने गया हुआ था। थानाध्यक्ष सूरज कुमार ने बताया कि ऐसी कोई सूचना नहीं मिली है। जानकारी करवाते हैं।

## सार-संक्षेप

### 'ओ' लेवल ट्रिपल सी कम्प्यूटर प्रशिक्षण के लिए मांगे गए आवेदन

**बहराइच, अमृत विचार।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी मंजरी भारद्वाज ने बताया कि शैक्षणिक वर्ष 2025-26 अन्तर्गत पिछड़े वर्ग के शिक्षित बेरोज़गार युवक-युवतियों को नि:शुल्क 'ओ' लेवल, ट्रिपल सी कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रदान किया जाना है। इच्छुक अभ्यर्थी विभागीय वेबसाइट ओबीसी कम्प्यूटर ट्रेनिंग डाट यूपीएसडीसी डाट जीओवी डाट इन लिंक पर 14 जुलाई 2025 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। योजना की जानकारी देते हुए सुश्री भारद्वाज ने बताया कि ऐसे अभिभावक जिनकी वार्षिक आय रू. 01 लाख, न्यूनतम शैक्षिक योग्यता इण्टरमीडिएट उम्र 35 वर्ष से अधिक न हो तथा किसी भी संस्था से छात्रवृत्ति न प्राप्त कर रहे हों, अर्ह होंगे। सुश्री भारद्वाज ने अभ्यर्थियों को सुझाव दिया है कि आनलाइन आवेदन के पश्चात पूर्ण आवेदन-पत्र समस्त संलग्नकों सहित विकास भवन स्थित जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी के कार्यालय में 14 जुलाई 2025 की शाम 05 :00 बजे तक उपलब्ध करा दें।

### सखौता में धूमधाम से मना जहूर शाह का उर्स

**कैसरगंज, बहराइच,अमृत विचार।** तहसील कैसरगंज अन्तर्गत ग्राम पंचायत सखौता में हजरत जहूर शाह रहमत अलैह के आस्ताने पर कव्वाली का आयोजन किया गया। जिसमे कव्वाल रिजवान चिश्ती व उजमा नाज़ द्वारा जवाबी कव्वाली की गई। जिसमे पूरी रात दर्शको ने खूब आनंद लिया। इस मौके पर कार्यक्रम के आयोजक आयोजक डॉ महशर खान ने आये हुए मुख्य अतिथि डॉ तरीक लखनऊ, विशिष्ट अतिथि इ0 जफ़र भाई, फिरोज हसन साजू, जलालुद्दीन प्रधान, हसनैन कमाल प्रधान, शाने आलम प्रधान, समाल अहमद , आफजल प्रधान को माल्यार्पण व साफा पहनाकर मेहमानों का स्वागत किया। इस मौके पर उर्स कमेटी के अध्यक्ष डॉ महशर खान ,रफीक अंसारी, जमाल अहमद,सकीम उर्फ़ बाबू, कायम अली, कमरुज्जमा, मुहीस खान, बरकत ,ग्राम प्रधान नियाज अहमद, इमरान मिस्त्री व ग्रामीण मौजूद रहे।

### योगाभ्यास कर खुद को मजबूत बनाएं युवा : मेजर सिंह

**बहराइच, अमृत विचार।** विश्व योग दिवस पर शनिवार को किसान पीजी कॉलेज के जिमनेजियम हॉल में एनसीसी व एनएसएस के संयुक्त तत्वावधान में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम रक्षा मंत्रालय से जुड़ा रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महसी के विधायक व पुरातन छात्र परिषद के अध्यक्ष सुरेश्वर सिंह रहे। अध्यक्षता कॉलेज प्रबंध समिति के अध्यक्ष संजीव सिंह ने की। मुख्य अतिथि ने योगासन का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि प्राइवेट स्कूलों को बंद कर सरकारी स्कूलों के माध्यम से ही देश के सभी बच्चों को समान शिक्षा दी जानी चाहिए तभी हमारा देश और समाज उन्नति करेगा। अध्यक्ष संजीव सिंह ने छात्र-छात्राओं का आह्वान किया कि वे योगासन को अपने दैनिक जीवन में उतारें। सचिव मेजर डॉ. एसपी सिंह ने आभार ज्ञापित करते हुए छात्रों का आह्वान किया कि वे योगासन से स्वयं की मजबूती पर ध्यान दें। उन्होंने कहा कि इजरायल की स्थिति देखकर युवाओं को यह समझना चाहिए कि वह स्वयं को मजबूत बनाएं और किसी दूसरे की ताकत पर भरोसा ना करें। इस मौके पर एनसीसी के लेफ्टिनेंट डा. एसबी रावत, मोहम्मद उस्मान, पंकज सिंह, लेफ्टिनेंट देवशरण, थर्ड अफसर रामेंद्र मिश्रा, चीफ प्रॉक्टर किसुनवीर,एनसीसी के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अजय प्रताप सिंह, डॉ. धर्मेंद्र कुमार त्रिपाठी तथा आईसीएलएम के सूरज शुक्ल समेत अनेक लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महाराज सिंह इंटर कॉलेज व राजकीय इंटर कॉलेज बहराइच के एनसीसी कैडेट ने संयुक्त रूप से प्रतिभाग किया।

### सेवा पथ पुस्तक भेंट कर सीओ नानपारा को किया सम्मानित

**रुपईडीहा बहराइच, अमृत विचार।** उत्तर प्रदेशीय अपराध निरोधक समिति लखनऊ चेयरमेन यशस्वी कमलेश श्रीवास्तव के दिशा निर्देश पर समिति के बहराइच सचिव व जेल विजिटर जिला कारागार बहराइच केशव कुमार मौर्या एवं नगर पंचायत रुपईडीहा निवासी जिला उपाध्यक्ष शेरसिंह कसौधन के कुशल नेतृत्व में जिला संगठन मंत्री व मीडिया प्रभारी संतोष मिश्रा, नगर पंचायत रुपईडीहा उपाध्यक्ष इरशाद हुसैन, एवं नगर मंत्री महबूब अहमद द्वारा पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रद्युम्न सिंह को उत्तर प्रदेशीय अपराध निरोधक समिति टीम बहराइच द्वारा सेवा पथ दर्पण पुस्तक देकर सम्मानित किया गया। सेवा के 87 वर्ष पूरे होने पर अपराध रोकने के साथ-साथ अपराधी को सुधारने का मानवीय प्रयास का संकल्प भी दोहराया गया। इसलिए मौके पर पुलिस क्षेत्राधिकारी श्री सिंह ने अपराध निरोधक समिति के कार्यों की सराहना करते हुए समिति को अपना हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

**रसिक बिहारी महाविद्यालय, बड़नापुर, कंछर, विशेश्वरगंज, बहराइच**

में आवश्यकता है

प्राचार्य–01 पद तथा स्नातक स्तर पर कला संकाय के अन्तर्गत बी0ए0 पाठ्यक्रम (चित्रकला, शिक्षाशास्त्र, अंग्रेजी, भूगोल, गृहविज्ञान, हिन्दी एवं समाजशास्त्र) एवं बी.एस.सी. पाठ्यक्रम (जंतु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित) प्रत्येक विषय में प्रवक्ता–01 पद तथा परास्नातक स्तर पर कला संकाय के अन्तर्गत एम0ए0 पाठ्यक्रम में (शिक्षाशास्त्र, भूगोल एवं गृहविज्ञान) तथा विज्ञान संकाय के अन्तर्गत एम0एस0सी0 पाठ्यक्रम (जन्तु विज्ञान) प्रत्येक विषय में प्रवक्ता–02 पद

**योग्यता एवं वेतनमान** – यू0जी0सी0 एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार।

इच्छुक अभ्यर्थी 07 कार्य दिवस के अन्दर अपने समस्त अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों को दो छाया प्रतियों के साथ महाविद्यालय के उपरोक्त पते पर आवेदन करें।

**प्रबन्धक–समीरात्मज श्रीवास्तव**

मो0नं0–9839769610

## वर्ग पहेली-10

**बाएं से दाएं**

3. चीन देश की भाषा।
4. नदी, सरिता।
7. तपन, उष्णता, गरमी।
8. 1. कंपकपी 2. कांपना।
9. 1. पृथक, अलग, किसी स्थान विशेष से हट कर, फासले पर 2. देशकाल के विचार से बहुत अंतर पर।
10. किसी चीज़ को ख़ूब दलना और मलना, अच्छी तरह कुचलना

**ऊपर से नीचे**

1. बहुत बड़ी नदी।
2. 1. खुरचना, खोदना 2. लकीर खींचना 3. कंघी करना, बाल झाड़ना।
5. 1. किसी को उतरने में मदद करना 2. प्रतिलिपि करवाना, नकल करवाना।
6. 1. अस्पृश्यता, अस्पृश्य मानने की प्रथा, एक सामाजिक बुराई 2. हिंदुओं में जन्म के आधार पर ऊंच-नीच का भेद करने का विचार 3. एक प्रकार का रोग।
7. 1. चार वेदों से ग्रहण की गई लौकिक कलाओं या विद्याओं का सामूहिक नाम



### वर्ग पहेली -9 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ■ | 1 कु | ■ | ■ | 2 अ | घी |
| ■ | 3 बे | सु | रा | ■ | मि | ■ |
| ■ | ■ | म | ■ | ■ | य | ■ |
| 4 अ | ति | श | यी | 5 क | र | ण |
| ग | ■ | र | ■ | 6 री | स | ■ |
| वा | ■ | ■ | ■ | म | ■ | 7 गि |
| 8 न | जू | ल | ■ | ■ | 9 लो | नी |

## सुडोकू -17

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | | | | | 5 | | 2 |
| | | | 8 | | | | 1 | |
| | 9 | 2 | | | 7 | | 3 | |
| 2 | 4 | | | 5 | | 7 | 9 | |
| | | 9 | | | | 8 | | |
| | 7 | 3 | | 1 | | | 5 | 4 |
| | 5 | | 6 | | | 2 | 8 | |
| | 2 | | | | 3 | | | |
| 6 | | 1 | | | | | 4 | 9 |

### सुडोकू - 16 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 7 | 8 | 9 | 6 | 1 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 4 | 5 | 7 | 2 | 6 | 9 |
| 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 2 | 8 | 7 | 5 |
| 9 | 3 | 5 | 6 | 2 | 4 | 7 | 8 | 1 |
| 8 | 4 | 1 | 3 | 7 | 9 | 5 | 2 | 6 |
| 7 | 6 | 2 | 5 | 1 | 8 | 3 | 9 | 4 |
| 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 5 | 7 |
| 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 3 | 9 | 1 | 2 |
| 1 | 7 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 | 3 | 8 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति :23 जून, सोमवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी-22.09 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

**मेष** – आज आपके ऊपर काम का काफी दबाव रहेगा लेकिन उसे आप जिम्मेदारी पूर्वक निभा ले जायेंगे। व्यापार की स्थिति सामान्य रहेगी। ग्लैमर क्षेत्र से जुड़े लोगों को मेहनत का शानदार लाभ मिलेगा। परिवार के साथ अच्छा समय बितायेंगे। वैवाहिक जीवन रोमान्टिक रहेगा।

**वृष** – आज आप परिजनों का विशेष ध्यान रखेंगे। युवा प्रेमी परिवार में विवाह को लेकर चर्चा कर सकते हैं। विद्यार्थी उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश ले सकते हैं। कार्यक्षेत्र का वातावरण आपके अनुकूल रहेगा। इसके कारण आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मिथुन** – आज प्रेमी जोड़े किसी पर्यटन स्थल की ओर घूमने जा सकते हैं। मित्रों से आपको पर्याप्त सहायता प्राप्त होगी। अपने दिल की बात प्रेमीजन से कर सकते हैं। आर्थिक स्थिति काफी संतोषजनक रहेगी। तनाव आपके पाचन पर कुप्रभाव उत्पन्न करा सकता है।

**कर्क** – आज कार्यस्थल पर आपका प्रदर्शन बेहतरीन रहेगा। कानूनी मामलों में आपको विजय प्राप्त होगी। अटके हुए कार्यों में सुधार आने की संभावना है। परिवार के लोगों के बीच आपका सम्मान बढ़ेगा। पिता से आपको उत्तम सहयोग प्राप्त होगा।

**सिंह** – आज आप हर स्थिति में अपनी पूरी क्षमता और दक्षता के साथ काम करते रहेंगे। लोग आपकी ओर खिंचते चले आयेंगे। सही समय पर उचित निर्णय लेने के कारण लोग आपकी प्रशंसा करेंगे। प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता मिलने के आसार हैं।

**कन्या** – आज जीवनसाथी के साथ एकांत के पल बितायेंगे। जिसके कारण तनावमुक्त और ऊर्जावान महसूस करेंगे। आप लोगों के लिए प्रेरणा बन सकते हैं। पुराने कर्जों को उतारने के पूरे अवसर मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में अधिकारी वर्ग की शिकायत दूर कर देंगे।

**तुला** – आज विद्यार्थियों के लिए समय बहुत ही अच्छा रहने वाला है। भूमि संबंधी खरीदारी की योजना बनेगी। सभी कार्य सोच-समझकर ही करें। रिश्तेदारों से लाभ प्राप्त होगा। अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में कामयाब रहेंगे। मौसमी बीमारियों को लेकर सावधान रहें।

**वृश्चिक** – आज जीवनसाथी के साथ आप पर्यटन के लिए जा सकते हैं। सरकारी योजनाओं का आपको लाभ मिलेगा। अविवाहित लोगों का विवाह तय होने के योग बन रहे हैं। सभी काम निरंतर गति से पूर्ण होते रहेंगे। परिजनों के साथ आपको समय बिताना चाहिए।

**धनु** – आज ऑनलाइन करोबार से आपको जबरदस्त लाभ मिल सकता है। कमीशन से जुड़े मामलों के लिए बेहद शुभ है। होटल इण्डस्ट्री से जुड़े लोगों की आय बढ़ सकती है। लोग आपकी कार्यप्रणाली की प्रशंसा करेंगे। घरवालों के साथ वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।

**मकर** – आज सामाजिक कार्यों में आप जुड़ सकते हैं। आप अपने लक्ष्यों के प्रति दृढ़ प्रतिज्ञ रहेंगे। कारोबारी यात्रा होने की प्रबल संभावना है। दांपत्य संबंधों में परस्पर समर्पण की भावना का विकास होगा। प्रेमी जन की भावनाओं का सम्मान करें।

**कुंभ** – आज समाजसेवी संस्थाओं से आप जुड़ने का प्रयास कर सकते हैं। पुराने मित्रों से आपकी मुलाकात हो सकती है। प्रेमी जन से अपने दिल की बात कर सकते हैं। वकालत के पेशे से जुड़े लोगों को बड़े केस मिल सकते हैं।

**मीन** – आज धन से जुड़ी समस्याओं का निदान होने की संभावना है। साझेदारी के व्यापार में आपको लाभ मिलेगा। आप अपने विरोधियों पर भारी पड़ेंगे। जमीन और संपत्ति से आपको धन लाभ होगा। युवाओं को अपनी योग्यता का प्रदर्शन करने के अवसर मिलेंगे।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**– पूर्व **ऋतु**– ग्रीष्म।

चन्द्रबल–वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।

ताराबल–भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र–कृतिका 15.16 तक तत्पश्चात रोहिणी।

## एक नजर

### दीपक सोनी बने व्यापार मंडल के जिला मंत्री



सुलतानपुर, अमृत विचार : जिला उद्योग व्यापार मंडल द्वारा संगठन विस्तार के तहत दीपक सोनी को जिला मंत्री नियुक्त किया गया है। यह जानकारी जिलाध्यक्ष विजय प्रताप सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि दीपक सोनी की संगठन के प्रति निष्ठा, ईमानदारी और सक्रिय भागीदारी को देखते हुए यह दायित्व सौंपा गया है। वर्तमान में दीपक सोनी हनुमानगंज के युवा अध्यक्ष के रूप में भी कार्यरत हैं और संगठन की जमीनी मजबूती में उनका योगदान उल्लेखनीय रहा है।

### आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 2,096 का इलाज

सुलतानपुर, अमृत विचार : रविवार को जिले के सभी 47 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आरोग्य स्वास्थ्य मेला आयोजित किया गया। स्वास्थ्य मेले का संचालन जनपद के कुल 63 चिकित्सकों एवं 289 पैरामेडिकल स्टाफ के सहयोग से किया गया। इस मेले में कुल 2,096 लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया, जिसमें 968 पुरुष, 914 महिलाएं तथा 214 बच्चे शामिल रहे। साथ ही, 6 गोल्डेन कार्ड भी बनाए गए, जिससे लाभार्थियों को आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत निशुल्क इलाज की सुविधा प्राप्त होगी।

### गोसाईगंज पुलिस ने किया 40 बाइकों का चालान

गोसाईगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार : रविवार को थाना गोसाईगंज क्षेत्र के कटका बाजार सेमरी मोड़ पर पुलिस ने सघन बाइक चेकिंग अभियान चलाया। सीओ आशुतोष के नेतृत्व में 40 बाइकों का चालान किया गया और कई लोगों को चेतावनी देकर छोड़ा गया। अभियान में हेड कांस्टेबल व सिपाही सक्रिय रहे। पुलिस ने बताया कि यह अभियान जन सुरक्षा व नियम पालन के लिए आगे भी जारी रहेगा।

# आपत्तिजनक रील के विरोध में किया चक्काजाम

## ब्राह्मण समाज के सैकड़ों युवाओं ने दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

सूरापुर, सुलतानपुर



रोड जाम कर प्रदर्शन करते ब्राह्मण समाज के लोग। अमृत विचार

अमृत विचारः सोशल मीडिया पर हिन्दू धर्म और एक विशेष जाति के विरुद्ध आपत्तिजनक रील वायरल होने के बाद रविवार दोपहर ब्राह्मण समाज के सैकड़ों युवकों ने कस्बे के मुख्य चौक पर प्रदर्शन कर मार्ग अवरुद्ध कर दिया। चिलचिलाती धूप के बीच युवाओं ने आरोपी युवकों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने की मांग को लेकर जोरदार नारेबाजी की।

जौनपुर जनपद के सरपतहां थाना क्षेत्र के डीह अशरफाबाद निवासी अश्वनी मिश्रा ने पुलिस को दिए गए पत्र में बताया कि इंस्टाग्राम, फेसबुक सहित अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर कुछ युवकों द्वारा हिन्दू धर्म व जाति विशेष पर आपत्तिजनक रीलें बनाई गई हैं, जिनसे हिन्दू समाज की भावनाएं आहत हुई हैं। आरोप लगाया गया कि यह रीलें वाट्सएप ग्रुप और सोशल मीडिया के माध्यम से फैलाकर हिन्दू और जातीय हिंसा भड़काने का प्रयास किया जा रहा है। तीनों आरोपितों में से एक चन्द्रसेन पुत्र चुलबुल निवासी डीह अशरफाबाद के खिलाफ सरपतहां थाने में मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। शेष दो आरोपी अनिल पुत्र सम्पत्ति निवासी पहाड़पुर, थाना करौंदी कला एवं शेखर पुत्र राम आसरे निवासी गौराटिकरी, थाना करौंदी कला के विरुद्ध कार्रवाई हेतु थानाध्यक्ष करौंदी कला को मौके पर बुलाया गया। घटना के समय कादीपुर रोड, शाहगंज रोड, मुडिला रोड और विजेथुआ रोड पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। दुपहिया वाहन सवार लोग खेतों के खड़ंजे व चकमार्गों से निकलने को मजबूर रहे। करीब दो बजे थानाध्यक्ष करौंदी कला चन्द्रभान वर्मा मौके पर पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ तत्काल मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने चक्का जाम समाप्त कर दिया। इस विरोध प्रदर्शन में वैभव पांडेय, मदन तिवारी, विनीत मिश्र, कल्लू पांडेय, नीरज पांडेय, प्रिंस पांडेय सहित भारी संख्या में ब्राह्मण समाज के युवक मौजूद रहे।

# जमीनी विवाद में दो पक्ष भिड़े 8 लोगों पर नामजद केस दर्ज

▸▸ भूपतिपुर गांव में जमीन की खोदाई को लेकर हुआ विवाद

कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचारः कोतवाली क्षेत्र के भूपतिपुर गांव में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। घटना में दोनों ओर से दो लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर कुल आठ नामजद और दो अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव निवासी मलखान का आरोप है कि दोपहर करीब तीन बजे विपक्षीगण उनके घर के सामने स्थित विवादित भूमि की खुदाई करने लगे। जब उन्होंने विरोध किया तो विपक्षियों ने लाठी, डंडे और फावड़े से हमला कर दिया। मारपीट में मलखान को गंभीर चोटें आईं। इस मामले में पुलिस ने विनोद, सुनायक, अमन, शिवानी, अंजनी और दो अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। वहीं, दूसरे पक्ष की ज्योति पत्नी शिवनायक ने आरोप लगाया कि मलखान पक्ष के लोग उनके घर पर आकर गाली-गलौज करने लगे। डर के कारण जब वह घर के अंदर गईं तो आरोपियों ने पीछा करते हुए घर में घुसकर अश्लील हरकतें कीं। विरोध करने पर धारदार हथियार और लाठी-डंडों से हमला कर उन्हें घायल कर दिया गया। इस आधार पर पुलिस ने मलखान के विरुद्ध नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस दोनों पक्षों के बयान दर्ज कर मामले की जांच में जुटी है।

# परिवार सोता रहा और चोरों ने सेंध लगा उड़ाया लाखों का माल

▸▸ गांववालों में दहशत का माहौल पुलिस जांच-पड़ताल में जुटी

कूरेभार, सुलतानपुर, अमृत विचारः स्थानीय थाना क्षेत्र के सिद्दीगनेशपुर गांव स्थित सुखचौन का पुरवा में बीती रात चोरी की एक बड़ी वारदात सामने आई है। चोरों ने घर में सेंध काटकर लाखों रुपये के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। घटना से गांव में दहशत का माहौल है।

पीड़ित राम रूप मौर्य ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 21 जून की रात वे घर के बाहर बरामदे में सो रहे थे। इसी दौरान चोरों ने घर में घुसकर बक्से का ताला तोड़कर उसमें रखा 1 सोने की चेन, 1 सोने की अंगूठी, 1 चांदी की हँसुली, 1 करधन, 12 पीस चांदी का लाक्षा, 3 जोड़ी पायल और 60 हजार रुपये नकद चोरी कर लिए। सुबह जब पीड़ित की नींद खुली और उन्होंने घर के अंदर का नजारा देखा तो अलमारी व बक्से खुले पड़े थे और सामान बिखरा हुआ था। पीड़ित ने तत्काल पुलिस को सूचना दी।

कूरेभार थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर छानबीन में जुट गई है। वहीं गांव में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं को लेकर ग्रामीणों में भय और आक्रोश का माहौल है। लोग रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग कर रहे हैं।

# पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर डीसीएम पलटी, बचे गोवंश

▸▸ चालक समेत दो घायल, पुलिस जांच में जुटी, अवैध रूप से ले जाए जा रहे थे गोवंश बचे

संवाददाता, सुलतानपुर



पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर पलटी हुई ट्रक व हादसे में सुरक्षित कराए गए जानवर।

अमृत विचारः पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पशु तस्करों के लिए मुफीद हो चला है। आए दिन वाहन पलटने पर ही यह पता चलता है। रविवार सुबह पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर एक बड़ी घटना टल गई। हरदोई से आजमगढ़ की ओर जा रही एक डीसीएम ट्रक एलएम-5 के 94.600 किमी प्वाइंट पर पलट गई। ट्रक में अवैध रूप से कई गोवंश को ले जाया जा रहा था। हादसे के समय वाहन चालक मुन्ना को नींद आ गई, जिससे ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया।

दुर्घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को जानकारी दी। कुछ ही देर में पुलिस और प्रशासनिक टीमें भी घटनास्थल पर पहुंच गईं। हादसे में चालक मुन्ना निवासी खिलौना बाजार, हरदोई समेत दो अन्य व्यक्ति घायल हो गए। सभी घायलों को बल्दीराय के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि वाहन नहीं पलटता, तो ये सभी गोवंश कत्लखाने भेज दिए जाते। सौभाग्य से सभी पशु सुरक्षित बच गए। पुलिस ने मौके पर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर यातायात बहाल कराया और मामले की जांच शुरू कर दी है। गौरतलब है कि इससे पहले भी इस मार्ग पर ऐसे कई हादसे हो चुके हैं, जिनमें पशुओं की जान जा चुकी है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि गोवंश कहां से लाए गए थे और इन्हें किसके द्वारा अवैध रूप से भेजा जा रहा था।

### पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर ट्रक डिवाइडर से टकराई, हादसा टला



डिवाइडर से टकराई हुई ट्रक।

विंदेश्वरीगंज, सुलतानपुर : पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर रविवार सुबह एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब फर्रूखाबाद से सुलतानपुर जा रही एक ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। यह दुर्घटना थाना बल्दीराय क्षेत्र अंतर्गत माइलस्टोन 101 के पास पूरे कल्पू तिवारी गांव के समीप सुबह करीब 8 बजे हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रक का अचानक टायर फट गया, जिससे वाहन लगभग 100 मीटर तक डिवाइडर को तोड़ते हुए चला गया। ट्रक में काली खाद लदी हुई थी और टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में ट्रक चालक वीरेंद्र और सहचालक सुधीर को मामूली चोटें आईं, लेकिन वे बाल-बाल बच गए। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि उस समय एक्सप्रेसवे पर अधिक ट्रैफिक होता, तो यह हादसा और भी भयानक हो सकता था। सूचना मिलने पर हाईवे पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू कार्य कर यातायात व्यवस्था बहाल कराई। प्रशासन ने चालक की सतर्कता और लोगों की सजगता को बड़ी दुर्घटना टलने का कारण बताया है।

# जमीनी विवाद को लेकर 2 पक्षों में मारपीट, 5 घायल

▸▸ पुलिस ने क्रास केस दर्ज कर शुरू की मामले की जांच

कादीपुर, सुलतानपुर

अमृत विचारः कोतवाली क्षेत्र के रानीपुर कायस्थ गांव में शनिवार को जमीनी विवाद को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए। देखते ही देखते बात गाली-गलौज से मारपीट तक पहुंच गई। घटना में दोनों पक्षों के कुल पांच लोग घायल हो गए। मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर क्रॉस केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, गांव निवासी रजनीश तिवारी का अपने पड़ोसियों से भूमि विवाद चल रहा था। शनिवार की सुबह विपक्षियों ने उनके दरवाजे पर पहुंचकर गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर लाठी-डंडों से रजनीश की पिटाई कर दी गई। बीच-बचाव करने आई उनकी पुत्रियां ज्योति और स्वाति को भी नहीं बख्शा गया। आरोप है कि महिलाओं से मारपीट कर उनके कपड़े तक फाड़ दिए गए। इस मामले में रजनीश तिवारी की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही संजय दुबे, अजय दुबे, अमित दुबे, चंद्रिका, सीता देवी, श्रद्धा और रूबी के खिलाफ नामजद केस दर्ज कर लिया है। वहीं, दूसरी ओर अमित दुबे ने आरोप लगाया कि रजनीश तिवारी पक्ष के लोग उनके दरवाजे पर आकर गाली-गलौज करने लगे। जब विरोध किया गया तो फावड़े से सिर पर वार कर दिया गया, जिससे उनका सिर फट गया। बीच-बचाव करने आई उनकी मां सीता देवी को भी मारा गया, जिससे उनका दाहिना हाथ टूट गया। अमित दुबे की तहरीर पर पुलिस ने रजनीश तिवारी के खिलाफ केस दर्ज किया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

### घरेलू विवाद में मारपीट, पति-पत्नी और बेटे घायल

▸▸ दोनों पक्षों के 11 के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

कादीपुर, सुलतानपुर : कस्बे के तुलसी नगर मोहल्ले में शनिवार को घरेलू विवाद ने उग्र रूप ले लिया। पारिवारिक विवाद के चलते दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई, जिसमें पति, पत्नी और बेटों सहित कई लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर 11 नामजद व कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।तुलसी नगर निवासी सुशीला देवी पत्नी सभाजीत ने आरोप लगाया है कि घरेलू विवाद के चलते शनिवार सुबह उनके पति सभाजीत और बेटे पंकज व संजय ने ईंट और डंडों से उन्हें पीटा, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। सुशीला की तहरीर पर पुलिस ने पति सभाजीत, बेटे पंकज, संजय, मोहल्ले के राजकुमार, आलोक सहित कुछ अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। वहीं, दूसरे पक्ष से पंकज यादव ने आरोप लगाया कि उसी सुबह परिजनों ने उन्हें, उनके पिता सभाजीत और भाई संजय को भी लाठी-डंडों और ईंटों से पीटा, जिससे तीनों घायल हो गए। इस पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने रोहित, राहुल, विजयलक्ष्मी, लक्ष्मी, कमलेश कुमारी और मेनका के विरुद्ध नामजद एफआईआर दर्ज की है। पुलिस ने सभी आरोपों की जांच शुरू कर दी है और घटनास्थल पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सतर्कता बरती जा रही है।

# पुरानी रंजिश में घर में घुसकर मां-बेटी को पीटा, 5 नामजद

▸▸ कादीपुर कोतवाली क्षेत्र के मैनेपारा (तकियवा) की घटना

कादीपुर, सुलतानपुर

अमृत विचारः पुरानी रंजिश को लेकर विपक्षियों ने एक घर में घुसकर महिला और उसकी बेटी को बुरी तरह मारपीट कर घायल कर दिया। घटना को लेकर पीड़िता की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार, कोतवाली क्षेत्र के मैनेपारा (तकियवा) गांव निवासी खलीकुन निशा पत्नी सुनीर अली का अपने विपक्षियों से पुराना विवाद चला आ रहा था। आरोप है कि 18 जून की सुबह करीब 7 बजे गांव के ही रफाकत अली अपने रिश्तेदार अशरफ, समीरू, नुरुद्दीन और जाविर के साथ खलीकुन निशा के घर में घुस आए और गालियां देने लगे। विरोध करने पर लाठी-डंडों और लात-घूंसों से मारपीट की गई। बीच-बचाव करने आई उनकी पुत्री शहनाज को भी हमलावरों ने नहीं छोड़ा और बुरी तरह पीट डाला। मारपीट में मां-बेटी दोनों को गंभीर चोटें आई हैं। घटना के संबंध में शनिवार को पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने पांचों नामजद आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है और आगे की जांच शुरू कर दी है।

## सार-संक्षेप



गोमती मित्र मंडल के स्वयंसेवकों ने किया श्रमदान। अमृत विचार

### गोमती मित्रों ने साफ किया सीताकुंड धाम

सुलतानपुर, अमृत विचार : गोमती मित्र मंडल के रविवार को आयोजित साप्ताहिक श्रमदान में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष मदन सिंह ने जनसामान्य के स्नेह को संगठन की सबसे बड़ी पूंजी बताते हुए कहा किसी भी सामाजिक संगठन के लिए इससे बड़ी उपलब्धि क्या हो सकती है कि जनमानस उसके कार्यों की चर्चा करे और खुले दिल से सम्मान दे। मीडिया प्रभारी रमेश महेश्वरी ने बताया कि स्वच्छता जागरूकता अभियान के शुरुआती दो-तीन वर्षों को छोड़ दिया जाए तो अब नगरवासी भी मां गोमती की स्वच्छता के प्रति गंभीर हो गए हैं। संगठन के प्रबंधक राजेंद्र शर्मा ने प्रशासनिक उदासीनता की ओर इशारा करते हुए दुख जताया कि सीताकुंड जैसे पावन धाम में अभी तक पक्का घाट और सीढ़ियों का निर्माण न होना चिंता का विषय है। इस अवसर पर संरक्षक रतन कसौधन, मीडिया प्रभारी रमेश माहेश्वरी, संत कुमार प्रधान, राकेश सिंह दद्दू, मुन्ना पाठक, राजेंद्र शर्मा, दिनकर सिंह, अजय प्रताप सिंह, मुन्ना सोनी, आलोक तिवारी, रामू सोनी, अभय मिश्रा, प्रांजल, विपिन सोनी, राजीव कसौधन, सुजीत कसौधन, जन्मेजय प्रताप सिंह, राज मिश्रा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### श्रेष्ठा परीक्षा 2025 में कार्तिक ने हासिल की सफलता



सुलतानपुर, अमृत विचार : जिले के प्रतापपुर कमैचा ब्लॉक स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय साढ़ापुर के छात्र कार्तिक पुत्र विजय बहादुर ने श्रेष्ठा परीक्षा 2025 में सफलता प्राप्त कर न केवल अपने विद्यालय व परिवार, बल्कि पूरे बेसिक शिक्षा विभाग का मान बढ़ाया है। कार्तिक ने इस प्रतिष्ठित परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 1606 अर्जित की है। श्रेष्ठा योजना भारत सरकार की एक महत्वाकांक्षी पहल है, जिसके अंतर्गत देश भर के लगभग 3000 अनुसूचित जाति के छात्र-छात्राओं को निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठित आवासीय विद्यालयों में नि :शुल्क शिक्षा प्रदान की जाती है। इस योजना का उद्देश्य समाज के वंचित वर्गों को मुख्यधारा से जोड़ना और उनकी शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाना है। छात्र कार्तिक पहले भी ऑल इंडिया सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा तथा राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा (एनएमएमएस) में सफलता अर्जित कर चुका है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक सत्येन्द्र कुमार सिंह ने कार्तिक को बधाई देते हुए कहा कि उसकी मेहनत, लगन और अध्यापकों के मार्गदर्शन से यह सफलता पाई है।

### प्रो. श्रीप्रकाश सिंह बने गढ़वाल विश्वविद्यालय के कुलपति



दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के मुरैनी गांव निवासी प्रो. श्रीप्रकाश सिंह को हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय (उत्तराखंड) का नवीन कुलपति नियुक्त किए जाने की सूचना मिलते ही उनके गांव व क्षेत्र में हर्ष की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों व शुभचिंतकों ने मिठाई बांटकर खुशी जाहिर की। प्रो. श्रीप्रकाश सिंह मुरैनी गांव निवासी बांके सिंह के पुत्र हैं। वे राजनीति विज्ञान के प्रख्यात विद्वान हैं और इससे पूर्व दिल्ली विश्वविद्यालय के साउथ कैंपस के निदेशक रह चुके हैं। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की उपसचिव श्रेया भारद्वाज द्वारा नियुक्ति आदेश जारी किया गया, जो बीते दिनों विश्वविद्यालय के कुलसचिव को प्राप्त हुआ। कुलपति बनने पर उनके परिवार, मित्रों और क्षेत्रवासियों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। बधाई देने वालों में प्रमुख रूप से प्रेम सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष अजय सोनी, पंडित राम सजीवन शर्मा, पंकज सिंह, जितेंद्र सिंह, सत्य नारायण सिंह, अजय सिंह, महंथ यादव, राजेश यादव सहित अनेक लोग शामिल रहे।

### निमंत्रण से लौटते समय हादसे का शिकार हुआ युवक

चांदा, सुलतानपुर, अमृत विचार : प्रतापगढ़ जनपद के आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र अंतर्गत सोनपुरा निवासी विनोद कुमार एक सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। वह चांदा कोतवाली क्षेत्र के सदरपुर गांव स्थित अपने रिश्तेदार के यहां आयोजित निमंत्रण में शामिल होने आए थे। घटना उस समय हुई जब विनोद निमंत्रण से वापस लौट रहे थे। रास्ते में चांदा क्षेत्र के ढाकापुर गांव के पास एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर कमैचा पहुंचाया। स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उनकी हालत को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज हेतु जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी है।

### बाइक की टक्कर में युवक घायल

बल्दीराय, सुलतानपुर, अमृत विचार : रविवार सुबह हलियापुर-सुलतानपुर मुख्य मार्ग पर दो बाइकों की आमने-सामने जबरदस्त भिड़ंत हो गई। यह हादसा महुअरिया कारीभीत के समीप हुआ, जिसमें एक युवक के पैर में गंभीर चोट आई है। जानकारी के अनुसार, अमेठी जनपद के कोड़री निवासी करमजीत पारा से बाइक लेकर सुलतानपुर की ओर जा रहे थे। तभी सामने से आ रहे बल्दीराय के मऊ गांव निवासी मोहम्मद एजाज की बाइक से उनकी सीधी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि मोहम्मद एजाज के पैर में गंभीर चोटें आईं, जबकि करमजीत भी चोटिल हुए हैं। सूचना मिलते ही पारा पुलिस चौकी प्रभारी चंद्रशेखर सोनकर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने दोनों घायलों को एंबुलेंस की मदद से अस्पताल भेजवाया। पुलिस ने दुर्घटना के संबंध में विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

### डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस पर गोष्ठी का आयोजन आज

सुलतानपुर, अमृत विचार : भाजपा सोमवार को जनसंघ संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के 72वें बलिदान दिवस पर जिला कार्यालय पर गोष्ठी आयोजित करेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी करेंगे, जबकि मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री व राज्यसभा सांसद अमरपाल मौर्य कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। सुबह 10 बजे कार्यकर्ता जिला पंचायत गेट पर डॉ. मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। 10 :45 बजे अमहट चौराहे पर अतिथि का स्वागत होगा। इसके बाद कार्यालय परिसर में पौधारोपण और 11 बजे से गोष्ठी होगी। भाजपा 25 जून को आपातकाल की बरसी पर भी कार्यक्रम आयोजित करेगी, वहीं 29 जून को बूथ स्तर पर पुष्पांजलि व मन की बात, 6 जुलाई को मंडल स्तर पर जन्म जयंती मनाई जाएगी। यह जानकारी मीडिया प्रभारी विजय सिंह रघुवंशी ने दी है।

# गिरफ्तार हों अधिवक्ता हत्याकांड के आरोपी

▸▸ कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने सीओ से की मुलाकात

▸▸ कादीपुर कार्यालय में दिया गया ज्ञापन, परिजनों की सुरक्षा की उठाई गई मांग

कादीपुर, सुलतानपुर



सीओ कादीपुर से मुलाकात करता कांग्रेस का प्रतिनिधि मंडल। अमृत विचार

अमृत विचारः अखंडनगर थाना क्षेत्र के मरुई किशुनदासपुर निवासी अधिवक्ता महेंद्र मौर्य की हत्या के मामले में कांग्रेस पार्टी सक्रिय हो गई है। रविवार को कांग्रेस नेता हृदय नारायण शुक्ल की अगुवाई में पार्टी का प्रतिनिधिमंडल क्षेत्राधिकारी (सीओ) विनय गौतम से उनके कार्यालय में मिला और हत्यारों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की।

प्रतिनिधिमंडल में मृतक अधिवक्ता के भाई सीताराम मौर्य भी मौजूद रहे। उन्होंने सीओ से परिजनों को पर्याप्त सुरक्षा देने की मांग भी रखी। इस पर सीओ विनय गौतम ने भरोसा दिलाया कि पुलिस पूरे प्रकरण की गंभीरता से जांच कर रही है और दोषियों को बहुत जल्द गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा। गौरतलब है कि 8 जून की रात अधिवक्ता महेंद्र मौर्य की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी, जिससे क्षेत्र में रोष है। प्रतिनिधिमंडल में कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ता विश्वनाथ मिश्र, महेश सिंह और शंभू लाल सहित कई लोग शामिल रहे।

**अनदेखी** देहली मोड़ पर भरा गंदा पानी, सालों से बरकरार समस्या पर जिम्मेदारों की नहीं पड़ी नजर

# पहली ही बारिश में जलमग्न हुई सड़क, दुकानदारों ने जताई नाराजगी

विंदेश्वरीगंज, सुलतानपुर



देहली मोड़ पर बाजार की मुख्य सड़क पर जलभराव से बढ़ समस्या। अमृत विचार

बल्दीराय तहसील क्षेत्र के देहली बाजार में पहली ही बारिश ने स्थानीय प्रशासन की तैयारियों की पोल खोल दी। वल्लीपुर-देहली संपर्क मार्ग पर देहली मोड़ के पास हल्की बारिश होते ही सड़क पूरी तरह जलमग्न हो गई, जिससे राहगीरों व दुकानदारों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

देहली मोड़ पर जल निकासी की व्यवस्था न होने के कारण बारिश का पानी सड़क पर भर गया है। जगह-जगह कीचड़ और गंदगी से राहगीरों का निकलना मुश्किल हो गया है, वहीं दुकानदारों के सामने जमा गंदे पानी के चलते ग्राहक भी दूरी बना रहे हैं, जिससे उनका व्यापार प्रभावित हो रहा है। स्थानीय दुकानदार विनोद शुक्ला, शरीफ और मोहनलाल ने बताया कि यह कोई नई समस्या नहीं है। हर वर्ष बारिश आते ही यही हाल होता है, लेकिन विभागीय अधिकारी आंख मूंदे बैठे हैं। दुकानों तक पहुंचने में ग्राहक हिचकते हैं, जिससे आय पर सीधा असर पड़ता है। ग्रामीणों ने मांग की है कि जल निकासी की समुचित व्यवस्था कराई जाए और सड़क की जल्द से जल्द मरम्मत की जाए ताकि आने वाले दिनों में लोगों को इस चमतमददपंस समस्या से राहत मिल सके।

### धान की खेती को मिली संजीवनी, किसानों के चेहरों पर लौटी मुस्कान



बारिश के बाद धान की नर्सरी को फायदा। अमृत विचार

विंदेश्वरीगंज, सुलतानपुर : बल्दीराय तहसील क्षेत्र में लंबे समय से भीषण गर्मी और उमस से जूझ रहे लोगों को आखिरकार झमाझम बारिश से बड़ी राहत मिली है। रविवार को देहली बाजार, बहुरांवा, बल्दीराय, धनपतगंज और हरौरा क्षेत्रों में अच्छी वर्षा हुई, जिससे न केवल मौसम सुहावना हो गया, बल्कि खेतों में नमी बढ़ने से किसानों के चेहरों पर भी रौनक लौट आई। क्षेत्र के किसान इस बारिश को अमृत तुल्य मान रहे हैं। किसान अश्वनी मिश्रा का कहना है कि यह वर्षा धान की नर्सरी को मजबूती प्रदान करेगी और रोपाई के लिए उपयुक्त वातावरण तैयार करेगी। इससे सिंचाई पर निर्भरता कम होगी, साथ ही उत्पादन लागत में भी कटौती होगी। बारिश के बाद गांवों में ठंडी हवाएं और खुशनुमा माहौल बन गया है। बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं सभी मौसम के इस परिवर्तन से प्रसन्न नजर आए। खेतों में फिर से ट्रैक्टरों की गूंज सुनाई देने लगी है और किसान जोश के साथ खेतों में उतर गए हैं।

**स्व0 संतराम तिवारी विधि महाविद्यालय पारासराय, इटियाथोक, गोण्डा**

में स्ववित्तपोषित योजनांतर्गत स्नातक स्तर पर विधि संकाय के अंतर्गत एल.एल.बी.(त्रिवर्षीय) पाठ्यक्रम हेतु

**में आवश्यकता है**

प्राचार्य – 01 पद

विधि प्रवक्ता – 10 पद

**योग्यता एवं वेतनमान–** यू.जी.सी. राज्य विश्वविद्यालय एवं बी.सी.आई. के मानकानुसार।

इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि के 10 दिवसों के अन्दर अपने शैक्षिक अभिलेखों के साथ महाविद्यालय के पते पर सम्पर्क स्थापित करें।

**प्रबंधक**

मो0नं0–7234065611

# समस्या का समाधान होगा, सबको न्याय मिलेगा: सीएम

## जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने सुनीं करीब 200 लोगों की समस्याएं, निस्तारण के लिए अफसरों को दिए निर्देश

संवाददाता, गोरखपुर


जनता की फरियादों को गोरखनाथ मंदिर में सुनते हुए मुख्यमंत्री। फोटो: अमृत विचार

**अमृत विचार।** गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार सुबह जनता दर्शन में पहुंचे लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और त्वरित व संतुष्टिपरक समाधान का भरोसा दिया। आश्वस्त किया कि सबको न्याय मिलेगा। जनता की समस्या सुनते हुए सीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर पीड़ित की समस्या पर तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए। इसमें हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जनता दर्शन का आयोजन गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने किया गया था। यहां कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान करीब 200 लोगों से मुलाकात की। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। सबको न्याय मिलेगा और सबकी पीड़ा दूर की जाएगी। जनता दर्शन में दूसरे जिलों से भी लोग आए थे। जनता दर्शन में आईं जमीन कब्जा संबंधी शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गरीबों की जमीन पर कब्जामुक्त कराएं और अवैध कब्जा करने वाले दबंगों को कानूनी सबक सिखाएं। उन्होंने कहा कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले भूमाफिया और कमजोरों को उजाड़ने वाले दबंग किसी भी दशा में बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति का अनुसरण करते हुए कठोर से कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए। इस दौरान व्हीलचेयर पर आए एक व्यक्ति को देखकर मुख्यमंत्री भावुक हो गए। आश्वस्त किया इलाज में सरकार धन की कमी आड़े नहीं आने देगी।

### बच्चों को दुलारकर सीएम ने दिया आशीर्वाद


बच्चों को चॉकलेट देते हुए मुख्यमंत्री। फोटो: अमृत विचार

गोरखनाथ मंदिर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की रविवार सुबह की दिनचर्या परम्परागत रही। गुरु गोरखनाथ का दर्शन पूजन करने तथा अपने गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि पर मत्था टेकने के बाद वह मंदिर परिसर का भ्रमण करने निकले। इस दौरान उनकी नजर परिजनों के साथ मंदिर आए बच्चों पर पड़ी तो उन्होंने बच्चों को पास बुला लिया। नाम और पढ़ाई के बारे में पूछा, उनके साथ हंसी-ठिठोली की और खूब दुलारकर आशीर्वाद और चॉकलेट दिया।

# बिना उपचार वापस न जाए कोई भी मरीज: मुख्यमंत्री

संवाददाता, गोरखपुर

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर (एमजीयूजी) परिसर के हॉस्पिटल एवं गुरु श्री गोरखनाथ चिकित्सालय के चिकित्सकों का आह्वान किया है कि वे यह सुनिश्चित करें कि कोई भी मरीज उपचार के बिना वापस न जाए। सेवाभाव के साथ उपचार ही शीर्ष प्राथमिकता होनी चाहिए। पैसा किसी के भी इलाज में बाधक नहीं बनना चाहिए।

मुख्यमंत्री शनिवार रात एमजीयूजी परिसर के मेडिकल कॉलेज के हॉस्पिटल और गुरु श्री गोरखनाथ चिकित्सालय के करीब सवा सौ चिकित्सकों के साथ बैठक कर रहे थे। गोरखनाथ मंदिर के सभाकक्ष में हुई बैठक में सीएम योगी ने कहा कि भौगोलिक रूप से अलग-अलग होने के बावजूद दोनों चिकित्सालय एक यूनिट हैं। दोनों को मिलकर और समन्वय बनाते हुए उपचार करना है। उन्होंने बताया कि गुरु श्री गोरखनाथ चिकित्सालय की भांति बालापार स्थित एमजीयूजी परिसर के हॉस्पिटल में भी अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरण उपलब्ध हैं। अगले माह से सीटी स्कैन, एमआरआई की सुविधा भी शुरू हो जाएगी। मुख्यमंत्री ने सभी चिकित्सकों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि एमजीयूजी के मेडिकल कॉलेज/हॉस्पिटल के पास योग्य चिकित्सकों की फौज है। यहां मेदांता अस्पताल के चिकित्सकों की सेवा भी ऑनलाइन आईसीयू में उपलब्ध है। एम्स के रिटायर्ड चिकित्सक भी सेवा दे रहे हैं। सीएम योगी ने चिकित्सकों से उनका फीडबैक भी लिया और कहा कि हर मरीज को तत्काल फर्स्ट एड मिलना चाहिए। गुरु श्री गोरखनाथ चिकित्सालय के चिकित्सक बालापार के हॉस्पिटल में भी मरीजों को देखें। गुरु श्री गोरखनाथ चिकित्सालय में जगह न होने पर बालापार के हॉस्पिटल में भर्ती कर मरीज को सभी सुविधा दें। कोई भी मरीज उपचार बिना वापस न जाए। यह ध्यान रखें कि मरीजों की सेवा ही दोनों अस्पतालों के ध्येय है। पैसा किसी की दवा में बाधक न बने। बैठक में एमजीयूजी के कुलपति डॉ. सुरिंदर सिंह, मेडिकल डायरेक्टर डॉ. हिमांशु दीक्षित, डॉ. राजीव श्रीवास्तव, एमजीयूजी के मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनुराग श्रीवास्तव, आयुर्वेद कॉलेज के प्राचार्य डॉ. गिरिधर वेदांतम, मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. रोहित एलानी, डॉ. राकेश सिंह मौजूद रहे।

# किशोरी व युवक ने पेड़ से लटक कर दे दी जान

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम सिंहोरवा व डोहरिया बुजुर्ग में अलग अलग कारणों से युवक व किशोरी ने पेड़ से लटक कर जान दे दी। पहली घटना शोहरतगढ़ थानांतर्गत कोटिया बाजार पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम सिहोरवा में घटी। शनिवार को विक्रम (20) ने किसी बात से नाराज़ होकर अपने घर से 300 मीटर की दूर एक बाग में पेड़ पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। देर शाम उसका शव पेड़ से उतारा गया। विक्रम अहमदाबाद में मजदूरी करता था। दो माह पहले वह अपने भाई की शादी में घर आया था। मृतक के पिता रामसुमेर ने बताया कि विक्रम की अगले वर्ष शादी होनी थी। थाना प्रभारी बिंदेश्वरी मणि त्रिपाठी ने कहा कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। इसी थानाक्षेत्र के ग्राम डोहरिया बुजुर्ग निवासी सीताराम मल्लाह काफी गरीब है। उनकी नाबालिग पुत्री को किडनी में पथरी हो गई थी। चिकित्सक ने आपरेशन का सुझाव दिया था। पिता पैसे की जुगाड़ में लगा था। दर्द से छटपटा रही उसकी पुत्री जानकी (15) ने शनिवार की शाम गांव के बाग में फंदा लगाकर जान दे दी। लोगों ने पुलिस और परिजनों को सूचना दी। थाना इंचार्ज सुभाष यादव ने कहा कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# महिला थाना ने 2 परिवारों को बिखरने से बचाया

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक महाजन के निर्देश पर रविवार को महिला थाना सिद्धार्थनगर पर परिवार परामर्श केन्द्र नई किरण टूटते परिवार को जोड़ने की एक पहल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में 4 पत्रावली विचारार्थ प्रस्तुत हुई। जिसमें परामर्श के बाद 2 पत्रावली का सफल निस्तारण कर, 2 परिवारों को बिखरने से बचाया गया। वहीं ,2 पत्रावली में वार्ता प्रचलित है। 2 परिवारों को बिखरने से बचाने में थानाध्यक्ष मीरा चौहान, उप निरीक्षक रामनारायण शुक्ला, महिला हेड कांस्टेबल सत्या त्रिपाठी, महिला हेड सविता सिंह, महिला कांस्टेबल प्रियंवदा सिंह का योगदान रहा।

# डीएम ने छितौनी तटबंध का लिया जायजा

संवाददाता कुशीनगर।


तटबंध का निरीक्षण करते डीएम महेंद्र सिंह तंवर व एसपी संतोष कुमार मिश्रा।

**अमृत विचारः** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर एवं पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने तहसील खडडा क्षेत्र के संवेदनशील भैंसहा गांव के छितौनी तटबंध के मरम्मत कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर बाढ़ आने से पूर्व की तैयारियों और किए गए सुरक्षात्मक निर्माणों व उपायों का अवलोकन किया। साथ में सीडीओ गुंजन द्विवेदी, सहायक अभियंता बाढ़ खण्ड श्री मनोरंजन, एसडीएम मोहम्मद जफर उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी ने नारायणी नदी के छितौनी तटबंध के ठोकर व बंधे का निरीक्षण कर संवेदनशील क्षेत्र में सतर्कता दृष्टि बनाए रखने तथा बाढ़ बचाव से निपटने से पूर्व से ही समस्त तैयारियो को दुरुस्त करने हेतु बाढ़ खण्ड के अधिकारियों को निर्देशित किया। कहा कि मरम्मत कार्य को तत्काल प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए ताकि बाढ़ से होने वाले नुकसान को रोका जा सके। अगर इस कार्य में लापरवाही बरती जाती है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई भी की जाएगी। उन्होंने तटबंधों पर बने लॉन्चिंग अप्रॉन के साथ साथ जल स्तर, बोल्डर, पेंचिंग आदि की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए ।जिलाधिकारी ने कटान से प्रभावित ग्रामों के बारे में तथा जल स्तर बढ़ जाने या बाढ़ आने पर उनके लिए किए जाने वाले सुरक्षात्मक उपायों, बाढ़ बचाव के उपाय एवं सुविधाओं की भी जानकारी उपजिलाधिकारी खड्डा एवं सहायक अभियंता बाढ़ खंड से लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

निरीक्षण दौरान सीडीओ गुंजन द्विवेदी, एसडीएम खड्डा मोहम्मद जफर सहित बाढ़ खंड के सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

# यूरिया खाद सहित 2 गिरफ्तार किए

**शोहरतगढ, सिद्धार्थनगर अमृत विचार।** क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़. सुजीत कुमार राय एवं प्रभारी निरीक्षक ढेबरूआ गौरव सिंह के नेतृत्व में रविवार को चेकिंग के दौरान कल्लन डिहवा बाग से 2 बाइकों, 4 बोरी इफको यूरिया खाद सहित 2 नफर अभियुक्तों इतहार भाट पुत्र मनहार भाट और धर्मेन्द्र प्रसाद भर पुत्र रति भर निवासी ग्राम विजयनगर थाना गनेशपुर जिला कपिलवस्तु राष्ट्र नेपाल को गिरफ्तार कर अन्तर्गत धारा 11 कस्टम अधिनियम कस्टम कार्यालय बढ़नी भेजा गया।

# बदहाल शिक्षा व्यवस्था में सुधार की मांग

संवाददाता कुशीनगर।


उपजिलाधिकारी तमकुहीराज को ज्ञापन सौंपते समाजसेवी।

**अमृत विचारः** तमकुहीराज तहसील क्षेत्र के गांव मठिया श्रीराम निवासी समाजसेवी डॉ मोहन तिवारी ने मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी ऋषभ पुण्डीर को सौंपा है। ज्ञापन में मांग किया गया है कि पं दीनदयाल उपाध्याय राजकीय माडल इंटर कालेज निर्माण के बाद से ही पठन-पाठन के उद्देश्यों पर खरी नहीं उत्तर पा रही है। कालेज में बुनियादी सुविधाओं के अभाव है। यहां तक कि शुल्क जमा करने के बाद भी अभी तक बिजली का कनेक्शन नहीं मिल सका है। साढ़े सात एकड़ भूमि पर लगभग तीन करोड 32 लाख रुपये खर्च कर भवन बना है।पुस्तकालय व प्रयोगशाला की स्थापना होने के बावजूद भी यहां पुस्तकों का अभाव बना हुआ है।प्रयोगशाला मे रखी गई सामन भी जंग खा रही हैं। 22 कमरे और 48 शौचालय के बाद भी बदहाल है। शिक्षकों के स्वीकृत 17 पद के सापेक्ष महज आठ सहित एक प्रभारी प्रधानाचार्य की तैनाती है।वर्ष 2018-19 में शिक्षण शुरु होने के बावजूद भी पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं की संख्या लगभग 200 हैं। जबकि 50 से 80 के बीच ही छात्र-छात्राएं आते हैं। ज्ञापन में बदहाल शिक्षा व्यवस्था को व्यवस्थित करने की मांग की गई है।

# रेल प्रशासन ने कई ट्रेनों की समय सारणी में किया भारी फेरबदल

संवाददाता, गोरखपुर



**अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा हेतु 04181/04182 वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी जं.-लालकुआँ-वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी जं. साप्ताहिक विशेष गाड़ी का संचलन वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी जं. से 24 जून से 05 अगस्त, 2025 तक प्रत्येक मंगलवार को तथा लालकुआँ से 25 जून से 06 अगस्त, 2025 तक प्रत्येक बुधवार को 07 फेरों के लिये निम्नवत किया जायेगा।

04181 वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी जं.-लालकुआँ साप्ताहिक विशेष गाड़ी 24 जून से 05 अगस्त, 2025 तक प्रत्येक मंगलवार को वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी जं. से 20.15 बजे प्रस्थान कर दतिया से 20.42 बजे, डबरा से 21.12 बजे, ग्वालियर से 23.25 बजे, मुरेना से 23.54 बजे, दूसरे दिन धौलपुर से 00.50 बजे, आगरा कैंट से 01.30 बजे, मथुरा जं. से 02.55 बजे, मथुरा कैंट से 03.15 बजे, हाथरस सिटी से 03.47 बजे, कासगंज से 04.55 बजे, बदायूँ से 06.05 बजे, बरेली जं. से 07.10 बजे, बरेली सिटी से 07.25 बजे, इज्जतनगर से 07.45 बजे, बहेड़ी से 08.32 बजे तथा किच्छा से 08.55 बजे छूटकर लालकुआँ 09.35 बजे पहुँचेगी।

वापसी यात्रा में, 04182 लालकुआँ-वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी जं. साप्ताहिक विशेष गाड़ी 25 जून से 06 अगस्त, 2025 तक प्रत्येक बुधवार को लालकुआँ से 12.20 बजे प्रस्थान कर किच्छा से 12.45 बजे, बहेड़ी से 13.06 बजे, इज्जतनगर से 14.05 बजे, बरेली सिटी से 14.25 बजे, बरेली जं. से 14.50 बजे, बदायूँ से 15.50 बजे, कासगंज से 17.15 बजे, हाथरस सिटी से 18.02 बजे, मथुरा कैंट से 19.05 बजे, मथुरा जं. से 19.55 बजे, आगरा कैंट से 20.45 बजे, धौलपुर से 21.50 बजे, मुरेना से 22.17 बजे, ग्वालियर से 23.05 बजे, दूसरे दिन डबरा से 00.07 बजे तथा दतिया से 01.02 बजे छूटकर वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी जं. 02.05 बजे पहुँचेगी। इस गाड़ी में एस.एल.आर./डी. के 02, साधारण द्वितीय श्रेणी के 04, शयनयान श्रेणी के 10, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 03 तथा वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 01 कोच सहित कुल 20 कोच लगाये जायेंगे। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

आयोजन — अखिल भारतीय कायस्थ महासभा एवं कायस्थ पार्टी की संयुक्त बैठक में बोले जिलाध्यक्ष

# सियासी पार्टियों ने कायस्थ समाज को छला

संवाददाता, सिद्धार्थनगर


कायस्थ समाज की वैठक को सम्बोधित करते लाल आनंद प्रकाश। अमृत विचार

**अमृत विचार।** रविवार को शोहरतगढ़ स्थित एक मैरेज हाल में हुई अखिल भारतीय कायस्थ महासभा एवं कायस्थ पार्टी की संयुक्त बैठक में संगठन को मजबूती प्रदान करने पर बल दिया गया। बैठक में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की तहसील इकाई का भी गठन किया गया। तहसील अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी पंकज श्रीवास्तव को सौंपी गयी।

बैठक में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिलाध्यक्ष लाल आनंद प्रकाश उर्फ बबलू एवं कार्यवाहक अध्यक्ष नितिन गौरव ने कहा कि अब सजातीय बंधुओं को एकजुट होना समय की सबसे बड़ी जरूरत बन गयी है। वर्षो से इस समाज के लोगों का प्रयोग केवल वोटबैंक के लिए होता आया है। सभी सियासी पार्टियों ने इस समाज को छला है, लेकिन अब कायस्थ समाज भी जाग चुका है। वह एकजुट होकर अपने हक और अधिकार के लिए संघर्ष करने के लिए तैयार है।

मंत्री प्रमोद श्रीवास्तव ने कहा कि 29 जून को जनपद मुख्यालय पर जिलास्तरीय सम्मेलन आयोजित किया जायेगा। जिसमें उपस्थित कायस्थ समाज अपने हक और अधिकार के लिए होने वाले संघर्ष का शंखनाद करेगा। अंत में अभाकामस की तहसील इकाई का गठन किया गया। जिसमें पंकज श्रीवास्तव को अध्यक्ष, अपूर्व श्रीवास्तव को महामंत्री पद की जिम्मेदारी सौंपी गयी। इसके अलावा प्रमोद श्रीवास्तव सभासद को उपाध्यक्ष, सुधीर श्रीवास्तव को उप महामंत्री, सुनील श्रीवास्तव को कोषाध्यक्ष एवं सुनील चन्द्र श्रीवास्तव मीडिया प्रभारी पद का दायित्व सौंपा गया। बैठक में कायस्थ पार्टी के जिलाध्यक्ष सुदीप श्रीवास्तव, कृष्ण चन्द्र श्रीवास्तव, केशव कुमार श्रीवास्तव, धनन्जय सहाय, सुनील श्रीवास्तव, संजीव श्रीवास्तव, गिरीश चन्द्र श्रीवास्तव, हरीश लाल श्रीवास्तव, विजयन्त श्रीवास्तव, विशाल श्रीवास्तव, संतोष श्रीवास्तव, जीवन कुमार श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### शिक्षा में पासवान समाज बहुत पीछेः भवनाथ


पासवान जागरूकता सम्मेलन में उमड़ी भीड़।

**सिद्धार्थनगर अमृत विचार।** जोगिया ब्लॉक के ग्राम पंचायत पटखौली के हरनी बुजुर्ग में डॉ अम्बेडकर राष्ट्रीय एकता मंच के बैनर तले सामाजिक जागरुकता सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष भवनाथ पासवान व विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक कपिलवस्तु विजय पासवान ने तथागत गौतम बुद्ध एवं बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। मुख्य अतिथि भवनाथ पासवान ने कहाँ कि हमारा समाज 85% जनसंख्या होने के बावजूद कमजोर है और जल, जंगल, जमीन पर हमारा अधिकार नहीं है। शिक्षा के मामले मे भी समाज बहुत पीछे है। उन्होंने कहा शिक्षित बनो संगठित रहो संघर्ष करो की तर्ज पर अपने बच्चों को जरूर पढ़ाइये, भले ही इसके लिए आपको आधे पेट रहना पड़े। विशिष्ट अतिथि विजय पासवान ने कहा कि अबतक हम लोग अलग अलग विचारों और जातियों मे बटे रहे, अब डॉ अम्बेडकर राष्ट्रीय एकता मंच का प्लेटफॉर्म मिल गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा भानु प्रताप पासवान को जिलाध्यक्ष और मंडल स्तर पर रामकुमार पासवान को अध्यक्ष घोषित किया गया। कार्यक्रम मे पूर्वांचल प्रभारी राकेश चंद्र राणा, वृजराज प्रसाद मंडल अध्यक्ष गोरखपुर, अरुण कुमार सरोज कोषाध्यक्ष, लालमन यादव उपाध्यक्ष संस्कृति प्रकोष्ठ गोरखपुर, ई रामदयाल जिला प्रभारी गोरखपुर, हरिराम जिलाध्यक्ष गोरखपुर, सतपाल विधानसभा अध्यक्ष गोरखपुर देवराज राजकुमार, शैलेश धानुक प्रदेश संयोजक, बालक राम मौजूद रहे।

### प्रवेश परीक्षा का परिणाम जून के अंतिम हफ्ते में

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार ।** मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना अंतर्गत जनपद के बुद्ध विद्यापीठ डिग्री कॉलेज एवं राजा रतन सिंह डिग्री कॉलेज बांसी में यूपीएससी यूपी पीएससी एसएससी नीट एवं जेईई की निशुल्क कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। सत्र 2025 व 26 हेतु कोर्स वार प्रवेश परीक्षा 20 जून 2025 को चार पालियों में बुद्ध विद्यापीठ सिद्धार्थनगर में जिला समाज कल्याण अधिकारी महिपाल सिंह कोर्स के कोऑर्डिनेटर आलोक गोस्वामी एवं मुख्यमंत्री अभ्युदया योजना के एंपेनल्ड अध्यापकों के सहयोग से संपन्न हुई। जिसमें सभी कोर्स के 669 आवेदन में से 382 की उपस्थिति रही प्रवेश परीक्षा का परिणाम जून के अंतिम सप्ताह में घोषित होगा। उक्त जानकारी समाज कल्याण अधिकारी महिपाल सिंह ने देते हुए बताया कि परीक्षा परिणाम के बाद जुलाई के प्रथम सप्ताह से कक्षाओं का संचालन भी प्रस्तावित है।

### सगाई की सुबह युवती प्रेमी संग फरार ,परिजन बेहाल

**कुशीनगर, अमृत विचार :** जिले के तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती सगाई के दिन ही प्रेमी के साथ फरार हो गयी। परिजन खोजबीन के बाद पुलिस को तहरीर दी।आरोपित युवक के विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।पीड़ित पिता ने पुलिस को दिए तहरीर में कहा है कि उसकी 19 वर्षीय बेटी की सगाई 20 जून को थी।लेकिन गांव के युवक गोलू यादव उसकी लड़की को बहला फुसला कर 20 जून को 3 बजे भोर में भगा ले गया। लड़की अपने साथ में सगाई के लिये रखें गये आभूषण,नकद सहित अन्य कीमती सामान ले गयी है।मामले में थाना प्रभारी राज प्रकाश सिंह ने बताया पीड़ित पिता के तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर खोजबीन की जा रही है।

### भाजपा सरकार में पढ़े लिखे युवा बेरोजगारः माता प्रसाद

**सिद्धार्थनगर अमृत विचार।** भाजपा सरकार में महंगाई से सर्वाधिक परेशान गांवों के लोग है। डीजल और पेट्रोल के दाम बढ़ा दिए गये हैं, जिससे सभी खाद्य सामग्रियों का दाम बढ़ता जा रहा है। तेल, साबुन, रेल का किराया, बस का किराया सहित सभी खाद्य सामग्री इस सरकार ने महंगी कर दी हैं। उक्त विचार विधायक व नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने व्यक्त किये। वह रविवार को क्षेत्र के बभनी चौराहे में एक जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे। सबा पीडीए जागरूकता के तहत आयोजित की गई थी। नेता विरोधी दल माता प्रसाद पांडेय ने कहा कि मंहगाई से गांव का किसान व नौजवान त्रस्त हो गया है। डीजल और पेट्रोल के दाम बढ़ा दिए गये हैं, जिससे सभी खाद्य सामग्रियों के दाम बढ़ गए हैं। जनता की मेहनत की कमाई इसी मंहगाई में चली जा रही है। यूरिया खाद की बोरी का वजन कम कर दिया गया है और डीएपी का दाम बढ़ा दिया गया है। जब- जब मंहगाई बढ़ी है तब तब किसानों व मजदूरों की कठिनाइयां बढ़ी है। भाजपा सरकार में पढ़े लिखे नौजवान युवा बेरोजगार घूम रहे है। सभा को कमरूज्जमां, बेचई यादव, सागर पठक, राम संवारे आदि ने संबोधित किया।

### कम नामांकन वाले विद्यालयों को बंद करना गलत



**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** सरकार द्वारा कम नामांकन के आधार पर विद्यालयों को मर्ज कर बंद करने की प्रक्रिया गलत है। देश के 6 से 14 वर्ष के बच्चों को शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार दिया गया जिसके तहत गांव-गांव विद्यालय खोले गये हैं। उक्त बातें बृजेश द्विवेदी जिलाध्यक्ष अटेवा ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार के एक आदेश जिसमें कम संख्या के आधार पर विद्यालय को शिक्षक और बच्चों सहित पास के विद्यालय में मर्ज करने की बात कही गई। अब प्रश्न उठता है कम नामांकन का जिम्मेदार कौन है। कम छात्र संख्या का ठीकरा तमाम लोग शिक्षक को नकारा बताकर उसके ऊपर फोड़ते हैं जो गलत है और उनकी हारी हुई मानसिकता का परिचायक है। इसके लिए समाज, और सरकार की नीतियां कहीं ज्यादा जिम्मेदार है। शिक्षक बहुउद्देशीय कर्मी बनकर रह गए हैं। सरकारी विद्यालय के एक किमी दायरे में निजी स्कूलों को मान्यता देना भी छात्र संख्या में गिरावट का कारण है। फोटो

### धर्मराज गौतम बने बसपा बीवीएफ के जिला संयोजक


धर्मराज को बधाई देते लोग।

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** बहुजन समाज पार्टी ने धर्मराज गौतम को बीवीएफ फ्रंट जनपद सिद्धार्थनगर का जिला संयोजक का बनाये है। इस मनोनयन पर पार्टी कार्यकर्ताओं में हर्ष है। बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के निर्देश पर मुख्य सेक्टर प्रभारी बस्ती मंडल/ पूर्व विधान परिषद सदस्य डा विजय प्रताप व मंडल सेक्टर प्रभारी धर्मदेव प्रियदर्शी ने उक्त जानकारी दी। बधाई देने वालों में पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश चन्द्र गौतम पूर्व जिला अध्यक्ष राजकुमार आर्य पूर्व जिला महासचिव शमीम अहमद पूर्व जिला प्रभारी सत्येंद्र कुमार गौतम विनोद कुमार राव मोहम्मद कैफ घनश्याम गौतम, इन्द्रजीत गौतम, शुभकरन चौधरी आदि शामिल हैं। नवमनोनीत अध्यक्ष धर्मराज गौतम ने कहा कि अपनी जिम्मेदारी का तन-मन धन से निर्वाह करेंगे।

### नुक्कड़ सभा का किया गया आयोजन


नुक्कड़ सभा में शामिल लोग।

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के जिला अध्यक्ष की निशात अली की अध्यक्षता में कपिलवस्तु विधानसभा के भिटपरा सोहास में मिशन जिला पंचायत के तहत सदस्यता अभियान व नुक्कड़ सभा का कार्यक्रम किया गया। जिला अध्यक्ष निशात अली ने कहा कि असदुउद्दीन ओवैसी के विचारों को जन जन तक पहुंचाना है और समाज में व्याप्त नफरत को ख़त्म कर के अपने समाज को बेहतर बनाना है। आने वाले जिलापंचायत चुनाव में पार्टी पुरी मजबूती के साथ में चुनाव लड़ेगी। इस दौरान दर्जनों लोगो ने पार्टी की प्राथमिक सदयस्ता ग्रहण किया। नुक्कड़ सभा में जिला महासचिव मेराज चौधरी व शादाब खान ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर अजीज उर रहमान, फैज़ान खान, अनवर अली, शाहबान चौधरी, रमजान अली, शहीद अली निजामुद्दीन, शमीम, जब्बार चौधरी, अली हसन, मोहम्मद ज़ैद रहे।

### आबादी में मांस बेचने पर डीएम को दिया शिकायती पत्र

**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** तहसील दिवस प्रभारी डीएम डॉ राजा गणपति आर को खुले में मीट-मांस पूरे आबादी में बेचने के सम्बन्ध में आवेदक ने शिकायती पत्र दिया है। शिकायती पत्र में बताया कि नगर पंचायत शोहरतगढ़ के अन्दर कई जगह खुले में मीट मांस आबादी के अन्दर बिक रहा है, जिससे संक्रामक बीमारी फैलने की आशंका रहती है। भारत माता चौक के पीछे मस्जिद के पास काफी संख्या में दुकानें हैं। जहां 50 से 100 मीटर की दूरी पर कारण माता मंदिर और सरस्वती शिशु मंदिर इन्टर कॉलेज है। मांस के अवशेष कुत्ते लेकर गलियों चौराहों पर दौड़ते हैं और लोगों को काटने के लिए दौडते हैं। इसी प्रकार पुरानी तहसील जाने के रास्ते पर भी हनुमान मंदिर से सटे खुलेआम सड़क पर मीट मांस बेच रहे हैं, जिसकी शिकायत लगातार कई माह से जिलाधिकारी और उपजिलाधिकारी व अधिशासी अधिकारी तक किया गया लेकिन कोई भी कार्यवाही नहीं की गई है।

## एक नजर

### छत्तीसगढ़ में नक्सलियों ने की दो ग्रामीणों की हत्या

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सलियों ने दो ग्रामीणों की हत्या कर दी। पुलिस ने रविवार को बताया कि उसे सूचना मिली कि पामेड थाना क्षेत्र के सेंड्राबोर और आमपुर गांवों में नक्सलियों ने दो निर्दोष ग्रामीणों की हत्या कर दी। पुलिस घटना की पुष्टि कर रही है। यह घटना केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के छत्तीसगढ़ दौरे से पहले हुई है। बीजापुर जिले के पेद्दाकोरमा बीजापुर गांव में 17 जून को नक्सलियों ने 13 वर्षीय लड़के सहित तीन ग्रामीणों की रस्सी से गला घोंटकर हत्या कर दी थी।

### खालिस्तानियों के सहयोगी के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल

**नई दिल्ली।** एनआईए ने पंजाब आतंकी साजिश में बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) के आतंकी लखबीर सिंह उर्फ लांडा और गैंगस्टर पवित्र बटाला के प्रमुख सहयोगी जतिंदर सिंह उर्फ जोती के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि शुक्रवार को मोहाली में विशेष एनआईए अदालत के समक्ष आरोपपत्र दाखिल किया गया। पंजाब के गुरदासपुर जिले के जतिंदर सिंह को एनआईए ने पिछले साल 23 दिसंबर को मुंबई से गिरफ्तार किया था।

### कुपवाड़ा में दिल का दौरा पड़ने से डीएसपी की मौत

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के युवा पुलिस अधिकारी की रविवार को दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) आमिर अमीन भट को कुपवाड़ा जिले के लंगेट इलाके के उजरू स्थित उनके घर में दिल का दौरा पड़ा। भट (30) को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने उन्हें बचाने की कोशिश की, लेकिन मौत हो चुकी थी। भट ने 2024 में जम्मू-कश्मीर प्रशासनिक सेवा परीक्षा उत्तीर्ण की थी।

# मानसून में भी चलेगा नक्सल विरोधी अभियान

## शाह ने छत्तीसगढ़ में एनएफएसयू परिसर और केंद्रीय न्यायालयिक प्रयोगशाला की रखी आधारशिला

रायपुर, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को दोहराया कि देश को मार्च 2026 तक नक्सलवाद से मुक्ति मिल जाएगी, और इसको खत्म करने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए मानसून में भी नक्सल विरोधी अभियान जारी रखा जाएगा। शाह ने नक्सलियों से हिंसा छोड़ने और मुख्यधारा में शामिल होने का अनुरोध करते हुए कहा कि बातचीत की कोई जरूरत नहीं है, बस हथियार छोड़ दें, विकास की यात्रा में शामिल हों और आकर्षक आत्मसमर्पण नीति का लाभ उठाएं।

गृह मंत्री छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर अटल नगर में राष्ट्रीय न्यायालयिक विज्ञान विश्वविद्यालय (एनएफएसयू) परिसर और केंद्रीय न्यायालयिक प्रयोगशाला की आधारशिला के कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। शाह ने कहा कि डेढ़ वर्ष में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ ने तेजी से प्रगति की है, लेकिन साय की सरकार और छत्तीसगढ़ के गृह मंत्री विजय शर्मा की उपलब्धि यह है कि उन्होंने रुके हुए नक्सल विरोधी अभियान को तेज गति से शुरू किया है और छत्तीसगढ़ को नक्सल मुक्त बनाने की दिशा में आगे बढ़े हैं। उन्होंने सुरक्षा बलों का मनोबल बढ़ाने और नक्सल विरोधी अभियान तेज करने के लिए साय और शर्मा को धन्यवाद दिया। शाह ने कहा, मैंने पहले भी नवा रायपुर के अटल नगर में कहा था कि यह देश 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद से मुक्त हो जाएगा। शाह ने कहा, हर बार बारिश के मौसम में नक्सली थोड़ा आराम करते थे (क्योंकि घने जंगल के अंदर उफनती नदियां और नाले नक्सल विरोधी अभियानों में बाधा डालते हैं), लेकिन इस बार, हम उन्हें मानसून के दौरान सोने नहीं देंगे और हम 31 मार्च के लक्ष्य को हासिल करने के लिए और आगे बढ़ेंगे।



नवा रायपुर में कई राज्यों के डीजीपी/एडीजीपी और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और विष्णु देव साय। एजेंसी

### बातचीत की जरूरत नहीं हथियार डालें: गृहमंत्री शाह

शाह ने कहा कि नक्सलवाद की राह पर चले गए युवाओं से हथियार छोड़ने की अपील करना चाहते हैं। विष्णु देव साय ने आकर्षक आत्मसमर्पण नीति बनाई है, हथियार डालें और छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा में शामिल हो जाए। शाह ने कहा कि बातचीत की जरूरत नहीं है, हथियार डाल दीजिए और मुख्यधारा में शामिल हो जाइए और आप अपने आप छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा में शामिल हो जाएंगे। जिन लोगों ने हथियार डाले हैं उनका भी मैं सामाजिक जीवन में वापस आने पर स्वागत करता हूं और विश्वास दिलाता हूं कि छत्तीसगढ़ की सरकार और केंद्र की सरकार ने जो वादा आपके साथ किया है उस वादे को हम पूरा करेंगे और उससे अधिक भी आपकी सहायता करने का प्रयास करेंगे।

# दलित किशोरी से दो साल तक सामूहिक दुष्कर्म, 13 पकड़े गए

अमरावती (आंध्र प्रदेश), एजेंसी

- आंध्र प्रदेश की 15 वर्षीय किशोरी के गर्भवती होने पर मामला आया सामने

आंध्र प्रदेश के श्री सत्य साई जिले में 15 वर्षीय दलित लड़की से दो साल तक कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म करने के मामले में 13 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। यह घटना नौ जून को तब प्रकाश में आई जब पीड़िता ने शिकायत दर्ज कराई। दुष्कर्म की घटना से पीड़िता गर्भवती हो गई है।

पुलिस के अनुसार मामले में अचंपल्ली वर्धन (21), तलारी मुरली (25), बदागोरला नंदवर्धन राज (23), अरेंचेरू नागराजू (51), बोया संजीव (40) और बुदिदा राजन्ना (49) को नौ जून को गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद 10 जून को 7 अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि मुख्य आरोपी अब भी फरार है। श्री सत्य साई जिले की पुलिस अधीक्षक (एसपी) वी रत्ना ने कहा, इस जघन्य अपराध के आरोपियों की पहचान कर ली गई है, उनका पता लगाया गया और धर्मावरम उपखंड क्षेत्र की विशेष टीम द्वारा उन्हें गिरफ्तार किया गया। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि अपराधियों द्वारा पीड़िता को उसकी कुछ आपत्तिजनक तस्वीरों और वीडियो के जरिए कथित तौर पर ब्लैकमेल किया गया।

पीड़िता आठ माह की गर्भवती है और वर्तमान में अनंतपुर जिले के एक सरकारी अस्पताल में उसका उपचार किया जा रहा है। चिकित्सक और जिला अधिकारियों ने पीड़िता की गर्भावस्था को देखते हुए गर्भपात न कराने का फैसला किया है। पुलिस प्रसव के बाद लड़की को सुरक्षित स्थान पर ले जाने के लिए बाल कल्याण समिति के साथ समन्वय कर रही है। अजन्मे शिशु के डीएनए परीक्षण के लिए अनुमति मांगी गई है क्योंकि यह कानूनी कार्यवाही के लिए महत्वपूर्ण होगा। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए कुछ लोगों का आपराधिक रिकॉर्ड है।

# बिहार चुनाव से पहले निर्वाचन आयोग मतदाता सूची में संशोधन के दौरान घर-घर जाकर करेगा सत्यापन

नई दिल्ली, एजेंसी

- राजनीतिक दलों की चिंता और विरोध को देखते हुए भारत निर्वाचन आयोग उठाएगा कदम

बिहार में मतदाता सूची में अधिक सटीकता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से भारत निर्वाचन आयोग राज्य में मतदाता सूची के पुनरीक्षण के दौरान घर-घर जाकर गहन सत्यापन करने पर विचार कर रहा है। प्रदेश में इस वर्ष के अंत में विधानसभा के चुनाव होने हैं। सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी।

नागरिक संस्थाओं, राजनीतिक दलों और अन्य लोगों द्वारा मतदाता सूची में नाम शामिल करने या हटाने पर चिंता के साथ विरोध किया जा रहा है। कांग्रेस समेत कई दलों ने आयोग पर भाजपा की मदद करने के लिए आंकड़ों में हेराफेरी करने का आरोप लगाया है। अधिकारियों ने अफसोस जताया कि विस्तृत प्रोटोकॉल के बावजूद आयोग पर मतदाता सूची में नाम बढ़ाने के लिए आरोप लगाए जाते हैं, जबकि यह प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ और राजनीतिक दलों की निगरानी के तहत की जाती है। निर्वाचन आयोग बिहार विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची की जांच करते समय हर घर जाकर पूरी सावधानी से सत्यापन करना चाहता है। उन्होंने बताया कि इसका मकसद यह है कि मतदाता सूची में कोई गलती न रह जाए और यह पूरी तरह सही हो। उन्होंने बताया कि मतदाता सूचियों का ऐसा गहन और कठोर संशोधन पहले भी किया जा चुका है और आखिरी बार 2004 में ऐसा किया गया था।

## आतंकियों को पनाह देने के आरोप में दो गिरफ्तार

**पहलगाम हमला**

**श्रीनगर।** एनआईए ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए पहलगाम हमले को अंजाम देने वाले आतंकियों को पनाह देने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। एनआईए के अनुसार, बटकोट के परवेज अहमद जोथर और पहलगाम के हिल पार्क के बशीर अहमद जोथर ने हमले में संलिप्त तीन आतंकियों की पहचान का खुलासा किया है। एनआईए ने कहा कि उन्होंने यह पुष्टि की कि हमलावर प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) से जुड़े पाकिस्तानी नागरिक हैं। परवेज और बशीर ने हमले से पहले तीन आतंकियों को हिल पार्क में ढोक (झोपड़ी) में पनाह दी थी।

## घाटी में घुड़सवारी का रोमांच


पहलगाम आतंकी हमले के बाद घाटी में फिर से चहल पहल बढ़ने लगी है, लोग जम्मू-कश्मीर के गंदेरबल जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल सोनमर्ग में घुड़सवारी का आनंद लेते हुए नजर आए। एजेंसी

# सबूत छिपाने में संपत्ति कारोबारी गिरफ्तार

इंदौर/अशोकनगर, एजेंसी

**राजा रघुवंशी हत्याकांड**



- पुलिस ने एक सुरक्षा गार्ड को भी पकड़ा, दोनों पर आरोपी सोनम के बैग गायब करने का आरोप

राजा रघुवंशी हत्याकांड के सबूत छिपाने के आरोप में मेघालय पुलिस ने मध्यप्रदेश के अलग-अलग इलाकों से संपत्ति कारोबारी और सुरक्षा गार्ड को गिरफ्तार किया है। स्थानीय पुलिस अधिकारी ने रविवार को बताया कि दोनों की गिरफ्तारी के बाद राजा हत्याकांड में गिरफ्तार आरोपियों की संख्या बढ़कर सात हो गई है।

इंदौर के अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राजेश दंडोतिया ने बताया, मामले के सबूत छिपाने के मामले में मेघालय पुलिस के विशेष जांच दल (एसआईटी) ने इंदौर के रियल एस्टेट कारोबारी शिलोम जेम्स और शहर की एक इमारत के सुरक्षा गार्ड बलबीर अहिरवार उर्फ बल्ला को गिरफ्तार किया है। जेम्स और अहिरवार पर हत्याकांड की मुख्य आरोपी सोनम का वह बैग गायब करने का आरोप है जो उसने इस वारदात के बाद इंदौर के देवास नाका क्षेत्र के फ्लैट में छिपाया था। इस बैग में अहम सबूत थे। मीडिया की खबरों के अनुसार बैग में पांच लाख नकद और महंगे आभूषणों के साथ देशी तमंचा भी था। पुलिस ने फिलहाल बैग में रखे सामान का विवरण नहीं दिया है। सूत्रों ने बताया कि यह बैग शहर के जिस फ्लैट में था उसे जेम्स ने हत्याकांड के पांच गिरफ्तार आरोपियों में शामिल विशाल चौहान को किराये पर दिलाया था। जेम्स ने 13 जून को खुद यह दावा किया था कि चौहान ने 30 मई को उससे मुलाकात करके देवास नाका क्षेत्र में 17,000 रुपये प्रति माह पर फ्लैट किराए पर लिया था और चौहान ने इसके लिए अनुबंध पर दस्तखत भी किए थे।

## पंजाब : सैन्यकर्मी समेत दो लोग जासूसी के आरोप में गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) से जुड़ी जासूसी गतिविधियों में संलिप्तता के लिए जम्मू में तैनात सैन्यकर्मी और उसके सहयोगी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने बताया कि एक आरोपी अमृतसर के धारीवाल निवासी गुरप्रीत सिंह है, जो जम्मू में सेना में कार्यरत है। फौजी का सहयोगी साहिल मसीह है, जो धारीवाल का निवासी है। प्रारंभिक जांच में पता चला कि सिंह आईएसआई के सीधे संपर्क में था और उस पर पेन ड्राइव के माध्यम से गोपनीय जानकारी साझा करने का संदेह है। पुलिस प्रमुख ने बताया कि खुफिया जानकारी पर चलाये अभियान में पुलिस ने गुरप्रीत और मसीह को उस समय गिरफ्तार किया, जब वे संवेदनशील जानकारी को फिर से सौंपने का प्रयास कर रहे थे। मामले में शामिल आईएसआई के आका की पहचान राणा जावेद के रूप में हुई है।

# न्यायाधीशों के लिए आचार संहिता पर होगी चर्चा

नई दिल्ली, एजेंसी

- हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग लाने की तैयारी में संसदीय समिति

संसद की एक समिति उच्च न्यायपालिका में न्यायाधीशों के लिए आचार संहिता पर चर्चा करने को तैयार है। साथ ही सरकार दिल्ली हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने की तैयारी में है। न्यायमूर्ति वर्मा राष्ट्रीय राजधानी स्थित अपने आवास से बेहिसाबी नकदी की बरामदगी के कारण जांच के घेरे में हैं।

संसद की कार्मिक, लोक शिकायत, विधि एवं न्याय संबंधी स्थायी समिति मंगलवार को होने वाली बैठक में इस मुद्दे पर चर्चा करेगी तथा न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति के बाद की नियुक्तियों पर भी विचार-विमर्श करेगी। समिति सचिवालय द्वारा भेजे गए एक नोटिस में समिति के सदस्यों को अवगत कराया गया, समिति उच्च न्यायपालिका के न्यायाधीशों के लिए आचार संहिता और सेवानिवृत्ति के बाद न्यायाधीशों के पद ग्रहण करने के मुद्दों से संबंधित 'न्यायिक प्रक्रियाएं और उनके सुधार' विषय पर न्याय विभाग के सचिव से बात करेगी। राज्यसभा की इस समिति के अध्यक्ष भाजपा सांसद बृजलाल हैं और इसमें भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई (जो एक मनोनीत सांसद हैं), पूर्व कानून राज्य मंत्री पी पी चौधरी, तृणमूल कांग्रेस सांसद सुखेंदु शेखर राय और कल्याण बनर्जी, कांग्रेस के विवेक तन्खा और द्रमुक के पी विल्सन तथा ए राजा इसके प्रमुख सदस्य हैं। जहां न्यायमूर्ति वर्मा पर महाभियोग चलाए जाने की संभावना है, वहीं विपक्ष इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति शेखर यादव के खिलाफ भी इसी तरह की कार्रवाई के लिए पहले ही नोटिस दे चुका है। नकदी बरामद होने के बाद न्यायमूर्ति वर्मा को उनकी मूल अदालत इलाहाबाद उच्च न्यायालय में वापस भेज दिया गया। उन्होंने अपने खिलाफ लगे आरोपों से इनकार किया है।

राज्यसभा सचिवालय उन सांसदों के हस्ताक्षरों का भी सत्यापन कर रहा है, जिन्होंने न्यायमूर्ति यादव के खिलाफ कथित नफरती भाषण को लेकर महाभियोग नोटिस पर हस्ताक्षर किए थे। सचिवालय पहले ही सांसदों को उनके हस्ताक्षरों की पुष्टि के लिए पत्र लिख चुका है।

## कारोबार/कृषि

# कच्चे तेल की दर तय करेगी बाजार की चाल

## इजराइल-ईरान संघर्ष और वैश्विक आपूर्ति पर प्रभाव पड़ने की आशंका बढ़ी

नई दिल्ली, एजेंसी



- वैश्विक रुख और विदेशी निवेशकों की गतिविधियों से भी बाजार होगा प्रभावित

शेयर बाजार की दिशा इस सप्ताह इजराइल-ईरान संघर्ष और इसके वैश्विक आपूर्ति पर पड़ने वाले प्रभाव से तय होगी। वहीं, कच्चे तेल की कीमतों पर भी सभी की निगाह रहेगी।

विश्लेषकों का कहना है कि वैश्विक रुख और विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियों से भी बाजार की धारणा प्रभावित होगी। एक विशेषज्ञ ने कहा कि बीते सप्ताह पश्चिम एशिया के संघर्ष और कच्चे तेल की कीमतों में उछाल को नजरअंदाज करते हुए स्थानीय शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुआ। रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष-शोध अजित मिश्रा ने कहा, इस सप्ताह वैश्विक संकेतक बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेंगे। इसमें ईरान और इजराइल के बीच भू-राजनीतिक तनाव, अमेरिकी आर्थिक आंकड़े और फेडरल रिजर्व के अधिकारियों की टिप्पणियों पर सभी की निगाह रहेगी। घरेलू स्तर पर निवेशक मानसून की प्रगति, मासिक अनुबंधों के निपटान से संबंधित अस्थिरता, कच्चे तेल की कीमतों और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की गतिविधियों पर नजर रखेंगे।

जियोजीत इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, निवेशक अमेरिका के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर और पीसीई (व्यक्तिगत उपभोग खर्च) के आंकड़ों पर भी नज़र रखेंगे। उनकी निगाह भारत के खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) पर भी रहेगी।

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के प्रमुख-शोध, संपदा प्रबंधन सिद्धार्थ खेमका ने कहा, आगे की ओर देखें तो वैश्विक संकेतकों की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। निवेशक अमेरिका के विनिर्माण और सेवा पीएमआई आंकड़ों के अलावा भू-राजनीतिक मोर्चे पर नजर रखेंगे। एफपीआई की गतिविधियों पर वॉटरफील्ड एडवाइजर्स के वरिष्ठ निदेशक विपुल भोवार ने कहा, अप्रैल में विदेशी निवेश की प्रवृत्ति में उलटफेर हुआ तथा मई में मजबूती आई। मई में निवेश सबसे अधिक रहा, जो भारतीय बाजारों में विदेशी निवेशकों की बढ़ती रुचि को दर्शाता है।

### शीर्ष छह कंपनियों की पूंजी 1.62 लाख करोड़ बढ़ी

**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से 6 की पूंजी (मार्केट कैप) पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 1,62,288 .06 करोड़ रुपये बढ़ी है। सबसे अधिक लाभ में भारती एयरटेल और रिलायंस इंडस्ट्रीज रहीं। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,289 .57 अंक या 1 .58 प्रतिशत चढ़ गया। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और इन्फोसिस का बाजार पूंजीकरण बढ़ गया। वहीं टीसीएस, एलआईसी, बजाज फाइनेंस और हिंदुस्तान यूनिलीवर की बाजार हैसियत घट गई।

## दो खदान से इस वर्ष उत्पादन शुरू करेगा कोल इंडिया

**रांची।** कोल इंडिया लि. (सीआईएल) की सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) ने चालू वित्त वर्ष में दो नई कोयला खदानों से उत्पादन शुरू करने की योजना बनाई है। इससे कंपनी की उत्पादन क्षमता में सालाना 1.2 करोड़ टन की बढ़ोतरी होगी। सीसीएल का लक्ष्य चालू वित्त वर्ष में 11 करोड़ टन और 2030 तक 15 करोड़ टन उत्पादन को पार करना है। सीसीएल के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक नीलेन्दु सिंह ने कहा, इस साल दो नई खदानें खोलने की योजना है। अक्टूबर तक 50 लाख टन की क्षमता वाले कोटरे बसंतपुर ब्लॉक (कोकिंग कोयला खान) में उत्पादन शुरू करने की है। वहीं 1.5 करोड़ टन सालाना क्षमता की खुली चंद्रगुप्त खान परियोजना (गैर-कोकिंग कोयला) में उत्पादन मार्च, 2026 तक शुरू होने की उम्मीद है। कंपनी ने 2024-25 में 8.75 करोड़ टन कोयले का उत्पादन किया।

# रेटेड डिबेंचर : उच्च रेटिंग अधिक सुरक्षित



रेटेड डिबेंचर ऐसे ऋण उपकरण होते हैं जिन्हें क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों द्वारा रेटिंग दी जाती है, जैसे- क्रिसिल, आईसीआरए, केयर आदि। ये रेटिंग इस बात का संकेत देती है कि कंपनी डिबेंचर पर समय पर ब्याज और मूलधन चुकाने में कितनी सक्षम है। उच्च रेटिंग (जैसे एएए) वाले डिबेंचर अपेक्षाकृत सुरक्षित माने जाते हैं, जबकि कम रेटिंग वाले डिबेंचर जोखिम भरे होते हैं, लेकिन उच्च रिटर्न का वादा कर सकते हैं। निवेशकों को रेटिंग देखकर यह तय करने में सुविधा होती है कि निवेश कितना सुरक्षित है। यह उन लोगों के लिए अच्छा विकल्प हो सकता है जो निश्चित रिटर्न चाहते हैं परंतु जोखिम के स्तर को भी समझना जरूरी है।

### रेटेड डिबेंचर का अर्थ

- रेटेड डिबेंचर एक प्रकार का फिक्स्ड-इनकम निवेश उपकरण है जिसे रेटिंग एजेंसियों द्वारा मूल्यांकन किया जाता है। रेटिंग यह बताती है कि कंपनी अपनी वित्तीय प्रतिबद्धताओं को पूरा करने में कितनी सक्षम है।

### निवेशकों को लाभ

- **सुरक्षा का संकेत :** रेटिंग से निवेशकों को यह पता चलता है कि डिबेंचर निवेश करने के लिए कितना सुरक्षित है।
- **निश्चित रिटर्न :** ये निश्चित ब्याज दर पर नियमित आय प्रदान करते हैं।
- **डायवर्सिफिकेशन :** पोर्टफोलियो में विविधता लाने में मदद करते हैं।
- **कम जोखिम :** एएए या एए रेटेड डिबेंचर अपेक्षाकृत सुरक्षित होते हैं।

### संभावित जोखिम

- **क्रेडिट रिस्क :** यदि रेटिंग कम हो जाती है या कंपनी दिवालिया हो जाती है तो निवेशक को नुकसान हो सकता है।
- **ब्याज दर जोखिम :** बाजार में ब्याज दर बढ़ने पर पुराने डिबेंचर का मूल्य घट सकता है।
- **तरलता की कमी :** कई बार डिबेंचर बाजार में आसानी से बेचे नहीं जा सकते।

### अन्य महत्वपूर्ण बातें

- निवेश से पहले रेटिंग की वैधता और कंपनी की वित्तीय स्थिति की जांच करनी चाहिए।
- लंबी अवधि के लिए निवेश करने वाले और निश्चित आय चाहने वालों के लिए यह उपयुक्त हो सकता है।
- कर लाभ की उपलब्धता कुछ मामलों में मिल सकती है, लेकिन यह निर्भर करता है कि डिबेंचर किस प्रकार का है।

# भारत ने रूस से कच्चे तेल का आयात बढ़ाया

नई दिल्ली, एजेंसी

**ईरान-इजराइल युद्ध**



- सऊदी अरब व इराक से अधिक रूस से जून में खरीदा गया तेल

इजराइल-ईरान युद्ध के बाद बाजार में आए उतार-चढ़ाव के बीच भारत ने जून में रूस से कच्चे तेल की खरीद बढ़ा दी है। भारत की जून में रूस से तेल खरीद पश्चिम एशिया के आपूर्तिकर्ताओं... सऊदी अरब और इराक से आयातित मात्रा से अधिक रही है।

अमेरिकी सेना ने रविवार सुबह ईरान में तीन स्थलों पर हमला किया। वह इस युद्ध में सीधे इजराइल के साथ है। इजराइल ने 13 जून को ईरानी परमाणु केंद्रों पर हमला किया था। वैश्विक व्यापार विश्लेषक कंपनी केपलर के आंकड़ों से पता चलता है कि भारतीय रिफाइनरी कंपनियां जून में रूस से प्रतिदिन 20 से 22 लाख बैरल कच्चा तेल खरीद रही हैं। यह दो साल का सबसे ऊंचा आंकड़ा है। साथ ही यह इराक, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और कुवैत से खरीदी गई कुल मात्रा से अधिक है।

### 51 लाख बैरल कच्चा तेल विदेश से खरीदता है भारत

मई में रूस से भारत का तेल आयात 19 .6 लाख बैरल प्रतिदिन (बीपीडी) था। जून में अमेरिका से भी आयात बढ़कर 4,39,000 बीपीडी हो गया। पिछले महीने यह आंकड़ा 2,80,000 बीपीडी था। केपलर के अनुसार, पश्चिम एशिया से आयात के लिए पूरे महीने का अनुमान 20 लाख बैरल प्रतिदिन है, । भारत विदेश से 51 लाख बैरल कच्चा तेल खरीदता है। यूक्रेन पर रूसी हमले के बाद भारत ने रूस से कच्चे तेल का आयात करना शुरू कर दिया था। इसका कारण था कि यूरोपीय देशों के परहेज पर रूसी तेल अंतर्राष्ट्रीय बेंचमार्क की तुलना में सस्ते दाम पर उपलब्ध था।

# 11 साल में कॉफी निर्यात 125% बढ़कर 1.8 अरब डॉलर पहुंचा

बेंगलुरु, एजेंसी

- देश के कॉफी निर्यात के लिए यूरोप शीर्ष प्रमुख स्थान बना

भारतीय कॉफी बोर्ड द्वारा उठाए गए कई कदमों से 11 वर्षों में देश का कॉफी निर्यात 125 प्रतिशत बढ़कर 1.8 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। केंद्र सरकार के अनुसार, 2014-15 में निर्यात 80 करोड़ डॉलर से अधिक था। यह 2023-24 में 1.28 अरब डॉलर और 2022-23 में 1.14 अरब डॉलर था।

देश के कॉफी निर्यात के लिए यूरोप शीर्ष प्रमुख स्थान बना है। भारत से कॉफ़ी आयात करने वाले प्रमुख देशों में इटली, जर्मनी, बेल्जियम, पश्चिम एशिया के देश, दक्षिण कोरिया और जापान हैं। निर्यात को बढ़ाने के लिए भारतीय कॉफी बोर्ड द्वारा की गई प्रमुख पहल में पंजीकरण-सह-सदस्यता प्रमाणपत्र (आरसीएमसी), निर्यात परमिट, उत्पत्ति प्रमाणपत्र को डिजिटल हस्ताक्षर के साथ ऑनलाइन जारी करना, बाधाओं पर चर्चा करने और उन मुद्दों को हल करने के लिए निर्यातकों के साथ नियमित बातचीत, तथा नियमित रूप से वैश्विक बाजार की जानकारी और बाजार आसूचना प्रदान करना शामिल है।

# ईरान और इजराइल में युद्ध बढ़ने से प. एशिया के साथ भारत का व्यापार भी होगा प्रभावित

नई दिल्ली, एजेंसी



- युद्ध ने ईरान-इजरायल को होने वाले भारतीय निर्यात को पहले ही कर दिया है प्रभावित

ईरान-इजराइल में युद्ध बढ़ने से इराक, जॉर्डन, लेबनान, सीरिया और यमन सहित प. एशियाई देशों के साथ भारत के व्यापार पर व्यापक प्रभाव पड़ेगा। विशेषज्ञों ने कहा कि युद्ध ने पहले ही ईरान और इजराइल को भारत के निर्यात को प्रभावित करना शुरू कर दिया है।

अमेरिका ने ईरान के तीन स्थलों पर हमला किया, जिससे वह इजराइल के युद्ध में शामिल हो गया। उसका उद्देश्य ईरान के परमाणु कार्यक्रम को नष्ट करना है, ताकि पुराने दुश्मन को कमजोर कर सके, जिससे व्यापक क्षेत्रीय संघर्ष की आशंका पैदा हो गई है, क्योंकि ईरान ने अमेरिका पर खतरनाक युद्ध शुरू करने का आरोप लगाया है। मुंबई स्थित निर्यातक और टेक्नोक्राफ्ट इंडस्ट्रीज इंडिया के चेयरमैन शरद सराफ ने कहा, इस युद्ध से अब हम बड़ी मुसीबत में फंस गए हैं। इसका प. एशियाई देशों के साथ भारत के व्यापार पर व्यापक असर पड़ेगा। उनकी कंपनी भी इन दोनों देशों को भेजी जाने वाली खेप रोक रही है। अन्य निर्यातक ने कहा कि भारतीय समुदाय पहले से ही इजराइल-हमास संघर्ष और लाल सागर में माल ढुलाई जहाजों पर यमन समर्थित हूतियों के हमले से जूझ रहा है। भारत से माल ढुलाई लाइन अफ्रीकी महाद्वीप को घेरने वाले केप ऑफ गुड होप से खेप ले रही हैं। ईरान-इजराइल युद्ध व व्यापारिक मार्ग- होर्मुज जलडमरूमध्य प्रभावित हो रहा है।

# अनोखा है पंत, उसे वैसा ही रहने दें

लीड्स, एजेंसी

- इंग्लैंड के खिलाफ शतक लगाने के बाद गुलाटी मारते ऋषभ पंत का वीडियो वायरल होने पर बोले पूर्व क्रिकेटर



इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में शतक बनाने के बाद मैदान पर गुलाटी लगाते हुए ऋषभ पंत का वीडियो वायरल होने के बाद पूर्व क्रिकेटरों ने कहा कि यह उनका अनोखा स्टाइल है। पंत ने 178 गेंदों में 134 रन बनाए, जो उनका सातवां टेस्ट शतक है।

भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने कहा कि पंत शायद बहुत कम उम्र से ही जिम्नास्टिक कर रहे हैं। क्रिकेटर से कमेंटेटर बने शास्त्री ने कहा इसमें कुछ गलत नहीं है। वह ऐसा ही है और उसे ऐसा ही रहने दें। वह अलग है। बहुत कम उम्र से ही उसने काफी जिम्नास्टिक किया है। उन्होंने बीसीसीआई द्वारा डाले गए एक वीडियो में मजाकिया लहजे में कहा अगर मैंने भी कोशिश की होता तो शायद सीधे पूल में जाता। पंत 2022 में भयानक कार दुर्घटना का शिकार हो गए थे, जिससे उन्हें गंभीर चोट लगी थी। इसके बाद क्रिकेट के मैदान पर उनकी सफल वापसी उनके जीवट की बानगी देती है। सर्जरी के बाद इस तरह से गुलाटी लगाना हैरान करने वाला है। भारत के बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने कहा ऋषभ तो ऋषभ है। हमेशा कुछ अलग करता है। वह बहुत अच्छे से यह करता है । किसी ने सोचा नहीं था कि वह ऐसा करेगा। मैने कभी कोशिश नहीं की। पूर्व क्रिकेटर दिनेश कार्तिक ने कहा मैं ऐसा कुछ नहीं कर सकता और न ही उसकी तरह बल्लेबाजी कर सकता हूं। दोनों मोर्चों पर (विकेटकीपिंग और बल्लेबाजी) वह अपेक्षाओं से परे प्रदर्शन करता है।

### ऋषभ ने अपने डिफेंस पर काम किया : कोच देवेंद्र

**नई दिल्ली :** ऑस्ट्रेलिया दौरे में खराब शॉट खेल कर अपना विकेट गंवाने वाले ऋषभ पंत ने इसके बाद अपनी रक्षात्मक तकनीक पर जमकर काम किया। इसका परिणाम यह रहा कि वह इंग्लैंड के खिलाफ लीड्स में चल रहे पहले टेस्ट मैच में ही शतक जड़ने में सफल रहे। यह खुलासा उनके बचपन के कोच देवेंद्र शर्मा ने किया। शर्मा ने पीटीआई वीडियो से कहा ऑस्ट्रेलिया में असफल होने के बाद उन्होंने अपनी रक्षात्मक तकनीक में काफी बदलाव किए और अपने स्ट्रोक पर लगाम कसी जो आपने इस मैच में भी देखा होगा। पंत मैच विजेता हैं। इंग्लैंड जाने से पहले हमने उनके डिफेंस पर चर्चा की थी, क्योंकि ऑस्ट्रेलिया दौरा अच्छा नहीं रहा था।

# बुमराह का सामना करना बहुत मुश्किल

लीड्स, एजेंसी

- इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज बेन डकेट ने बुमराह को बताया दुनिया का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज



इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज बेन डकेट का मानना है कि जसप्रीत बुमराह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज हैं। लाइट चालू होने पर जब वह दोनों तरफ से गेंद को स्विंग कराते हैं तो उनका सामना करना बेहद मुश्किल होता है।

बुमराह ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के पहले दिन 48 रन देकर तीन विकेट लिए, जिसमें जो रूट का विकेट शामिल है। भारत के पहली पारी के 471 रनों के जवाब में इंग्लैंड ने दूसरे दिन तीन विकेट पर 209 रन बना लिए थे। तीसरे नंबर पर उतरे ओली पोप नाबाद 100 रन बनाकर किला संभाले हुए थे। डकेट ने दूसरे दिन के खेल के बाद कहा वह (बुमराह) दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज हैं। उनका सामना करना बेहद मुश्किल है, वह किसी भी परिस्थिति में अच्छे हैं और लाइट चालू होने पर दोनों तरफ स्विंग करते हुए आते हैं तो उन्हें खेलना मुश्किल होता है।

उन्होंने कहा बिना किसी संकेत के तीन या चार अलग-अलग गेंदें फेंकने की उनकी क्षमता कमाल की है। आपको तब तक पता नहीं चलता कि वह बाउंसर, या धीमी गेंद, यॉर्कर, बाहर की ओर जाती स्विंगर या इनस्विंगर डाल रहे हैं, जब तक कि गेंद उनके हाथ से न निकल जाए। आपको उनके साथ गेंद को इतनी बारीकी से देखना पड़ता है कि उन्हें समझना बहुत मुश्किल हो जाता है। पोप की शतकीय पारी के बारे में उन्होंने कहा वह (पोप) मैदान पर आते समय बहुत शांत था। मुझे नहीं पता कि उसके दिमाग में क्या था , लेकिन वह अपने खेलने के तरीके पर कायम रहा। डकेट ने कहा इससे बेहतर कोई अहसास नहीं है कि पहले ओवर में आने के बाद उस आक्रमण के खिलाफ़ शतक बनाना। आप इसे उसके जश्न मनाने के तरीके में देख सकते हैं, और यह सिर्फ़ उसके लिए ही नहीं, बल्कि ड्रेसिंग रूम में भी बहुत मायने रखता था। मेरे रोंगटे खड़े हो गए थे। पिछले महीने जिम्बाब्वे के खिलाफ़ एकमात्र टेस्ट में 171 रन बनाने के बावजूद पोप की टीम में जगह को लेकर अटकलें लगाई जा रही थीं, लेकिन दबाव में और तेज़ गेंदबाज़ बुमराह के खिलाफ़ शतक ने कम से कम कुछ समय के लिए आलोचकों को शांत कर दिया। डकेट ने कहा हम ड्रेसिंग रूम में चीजों को रखने में बहुत अच्छे हैं, लेकिन जाहिर है कि आप इसके बाहर से शोर सुन सकते हैं।

## एक नजर



चेक गणराज्य की मार्केटा वोंद्रोसोवा ने बर्लिन में ग्रास कोर्ट चैंपियनशिप के महिला एकल फाइनल में चीन की वांग झिन्यू को हराकर ट्रॉफी जीती। ● एजेंसी

### अलकाराज और लेहेका के बीच होगा क्वींस क्लब में फाइनल मुकाबला

**लंदन :** स्पेन के स्टार कार्लोस अलकाराज और चेक गणराज्य के जिरी लेहेका के बीच एटीपी 500 क्वींस क्लब चैंपियनशिप में पुरुष एकल फाइनल का मुकाबला खेला जायेगा। अलकाराज शनिवार को खेले गये सेमीफाइनल मुकाबले में हमवतन रॉबर्टो बॉतिस्ता अगुत को 6-4, 6-4 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। एक अन्य मुकाबले में 23 वर्षीय जिरी लेहेक्का ने दूसरे सेमीफाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए जैक ड्रेपर को हराया। घरेलू प्रशंसकों को उम्मीद थी कि अल्काराज और जैक ड्रेपर के बीच फाइनल मुकाबला होगा, लेकिन लेहेक्का ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरे वरीय खिलाड़ी को 6-4, 4-6, 7-5 से हराकर नई पटकथा लिख दी।

### भारत और किर्गिस्तान के बीच अंडर 23 दोस्ताना मैच गोलरहित ड्रॉ

**नई दिल्ली :** भारत की अंडर 23 फुटबॉल टीम ने ताजिकिस्तान के हिसोर में दूसरे दोस्ताना अंतरराष्ट्रीय मैच में किर्गिस्तान के साथ गोलरहित ड्रॉ खेला। इस साल के आखिर में होने वाले एएफसी अंडर 236 एशियाई कप क्वालीफायर और 2026 एशियाई खेलों की तैयारी के लिये भारतीय टीम दो मैत्री मैच खेलने ताजिकिस्तान गई है । पहले मैच में उसे मेजबान टीम ने 3 .2 से हराया। मुख्य कोच नौशाद मूसा ने पिछले मैच की प्रारंभिक एकादश में आठ बदलाव किए। सिर्फ डिफेंडर परमवीर, बिकास युंनाम और अभिषेक सिंह टेकचाम ही अपनी जगह बरकरार रख सके।

### अमनदीप सहित पांच भारतीयों ने चेक लेडीज ओपन में कट हासिल किया

बेरोन (चेक गणराज्य) : भारत की अमनदीप द्राल ने दूसरे दौर में अंतिम दो होल में बर्डी के साथ ईवन पार का स्कोर बनाया जिससे वह टिपस्पोर्ट चेक लेडीज ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से 12वें स्थान पर हैं। पहले दौर में आठ अंडर 64 का शानदार प्रदर्शन करने वाली अमनदीप के अलावा चार और भारतीय खिलाड़ी कट हासिल करने में सफल रहीं। भारत की हिताषी बक्षी (68-70) छह अंडर के कुल स्कोर से संयुक्त 32वें स्थान पर हैं। दीक्षा डागर (71), त्वेसा मलिक (69) और स्नेहा सिंह (68) भी संयुक्त 61वें स्थान पर रहते हुए कट हासिल करने में सफल रहीं। कुल 71 खिलाड़ियों ने कट हासिल किया जिसमें दो एमेच्योर भी शामिल रहीं। स्विट्जरलैंड की गोल्फर किम मेटरॉक्स करियर के सर्वश्रेष्ठ नौ अंडर 63 के स्कोर से कुल 13 अंडर के स्कोर के साथ शीर्ष पर हैं।

### पैरा पावरलिफ्टिंग विश्व कप के पहले दिन भारत ने चार पदक जीते

बीजिंग : भारत ने यहां पैरा पावरलिफ्टिंग विश्व कप के पहले दिन एक स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य सहित चार पदक जीतकर दमदार प्रदर्शन किया। टूर्नामेंट में 40 से अधिक देशों के शीर्ष पैरा पावरलिफ्टर भाग ले रहे हैं और यह 2026 विश्व चैंपियनशिप और 2028 पैरालंपिक खेलों की क्वालीफाइंग प्रतियोगिता है। गुलफाम अहमद ने बेहद प्रतिस्पर्धी पुरुषों की एलीट 59 किग्रा श्रेणी में कांस्य पदक के साथ भारत का खाता खोला। उन्होंने अपने पहले प्रयास में 145 किग्रा वजन उठाया और इसके बाद अपने दूसरे प्रयास में 151 किग्रा का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। गुलफाम का 153 किग्रा का तीसरा प्रयास अस्वीकार कर दिया गया लेकिन उनका दूसरा प्रयास भारत को टूर्नामेंट का पहला पदक दिलाने के लिए पर्याप्त था।

# हैरी ब्रूक शतक से चूके, इंग्लैंड 465 रन पर आउट

## बुमराह ने झटके पांच विकेट, भारत को पहली पारी से मिली 06 रन की लीड, दूसरी पारी में 64/1 रन बने

लीड्स, एजेंसी

हैरी ब्रूक (99) एक रन से शतक से चूक गए जिसके बाद जसप्रीत बुमराह ने पांच विकेट चटकाते हुए इंग्लैंड को पहली पारी में 465 रन पर समेटकर भारत को पहले क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन चाय तक पहली पारी के आधार पर छह रन की मामूली बढ़त दिलाई। दूसरी पारी में भारत 64/1 रन बना लिए है।

इससे पहले बुमराह ने जोश टंग (11) को बोल्ड करके इंग्लैंड की पारी का अंत किया लेकिन इससे पहले निचले क्रम में क्रिस वोक्स (55 गेंद में 38 रन) ने तेजी से रन जुटाकर मेजबान टीम को भारत के 471 रन के स्कोर के करीब पहुंचाया। इंग्लैंड के निचले क्रम ने भारत की मजबूत बढ़त हासिल करने की उम्मीदों पर पानी फेर दिया जिससे अब दोनों टीम की दूसरी पारियां बेहद महत्वपूर्ण हो गई हैं। इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने दूसरे सत्र में भी आसानी से बाउंड्री बटोरी और 23.4 ओवर में पांच विकेट गंवाकर 138 रन जुटाए। प्रसिद्ध कृष्णा (128 रन पर तीन विकेट) ने शॉर्ट गेंद पर जेमी स्मिथ (40) और ब्रूक (99 रन, 112 गेंद, 11 चौके, दो छक्के) को आउट किया लेकिन अपनी 20 ओवर की गेंदबाजी में रन गति पर अंकुश लगाने में नाकाम रहे। गेंदबाजी ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर ने सिर्फ छह ओवर गेंदबाजी की जिससे उनके चयन पर सवाल उठने लगे हैं।

बुमराह (83 रन पर पांच विकेट) पूरी पारी के दौरान भारत के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहे। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 14वीं बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट चटकाए। मैच में अब तक भारत का क्षेत्ररक्षण उसकी सबसे कमजोर कड़ी रही है। ब्रूक को 82 रन पर बुमराह की गेंद पर यशस्वी जायसवाल ने दूसरा जीवनदान दिया।

ब्रूक हालांकि इन मौकों का फायदा उठाकर शतक नहीं बना सके और 88वें ओवर में 99 रन के स्कोर पर प्रसिद्ध की गेंद पर शार्दुल को कैच दे बैठे। भारत ने 80 ओवर के बाद नई गेंद ली थी लेकिन टीम इसका अच्छा इस्तेमाल नहीं कर पाई। टेस्ट शतक (भारत के खिलाफ 2018 में) जड़ चुके वोक्स ने सत्र के अंत में प्रसिद्ध की लगातार गेंदों पर मिड विकेट और थर्ड मैन पर छक्के मारे। उन्हें बुमराह ने बोल्ड किया जबकि मोहम्मद सिराज (122 रन पर दो विकेट) ने ब्राइडन कार्स (22) की पारी का अंत किया। इससे पहले इंग्लैंड ने दिन की शुरुआत तीन विकेट पर 209 रन से की और सुबह के सत्र में 28 ओवर में 118 रन जोड़े। भारत ने सुबह के सत्र में कल के शतकवीर ओली पोप (106 रन, 137 गेंद, 14 चौके) और इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स (20) के विकेट चटकाए। दूसरे दिन की तरह तीसरे दिन भी प्रसिद्ध, शार्दुल ठाकुर और मोहम्मद सिराज की तिकड़ी अपने साथी तेज गेंदबाज बुमराह की तरह सटीक गेंदबाजी करने में नाकाम रही। दूसरे दिन का खेल खत्म होने से पहले बुमराह की नोबॉल पर आउट होने वाले ब्रूक को 46 रन के निजी स्कोर पर जीवनदान मिला जब बाएं हाथ के स्पिनर रविंद्र जडेजा की तेजी से स्पिन होती गेंद पर विकेटकीपर ऋषभ पंत उनका कैच लपकने में नाकाम रहे। इसी ओवर में ब्रूक ने अपना 12वां टेस्ट अर्धशतक पूरा किया जिससे भारतीय टीम की हताशा बढ़ गई जिसने अब तक मैच में कई कैच टपकाए हैं। सुबह का सत्र हालांकि ब्रूक के नाम रहा जिन्होंने कई आकर्षक शॉट खेले। प्रसिद्ध ने दिन के पहले ओवर में दो ढीली गेंद फेंकी जिसमें से एक पर ब्रूक ने प्वाइंट पर चौका और दूसरी पर मिड विकेट के ऊपर से छक्का जड़ा। ब्रूक ने बुमराह सहित तेज गेंदबाजों के खिलाफ आगे बढ़कर खेलने की रणनीति अपनाई और एक्सट्रा कवर के ऊपर से ड्राइव लगाए। प्रसिद्ध ने अगले ओवर में पोप को आउट किया जो उनकी शॉर्ट और वाइड गेंद से छेड़छाड़ की कोशिश में पंत को कैच दे बैठे। स्टोक्स भी विकेट पर नजरें जमाने के बाद सिराज की गेंद पर पंत को कैच दे बैठे।



इंग्लैंड के हैरी ब्रूक 99 रन आउट होने पर निराशा जताते हुए। ● एजेंसी

**भारत पहली पारी : 471 रन**

**इंग्लैंड पहली पारी**

**465/10** (100.4 ओवर)

- जैक क्राउली का नायर बो बुमराह 04
- बेन डकेट बो बुमराह 62
- ओली पोप का पंत बो प्रसिद्ध 106
- जो रूट का नायर बो बुमराह 28
- हैरी ब्रूक का शार्दुल बो प्रसिद्ध 99
- बेन स्टोक्स का पंत बो सिराज 20
- जेमी स्मिथ का सुदर्शन बो प्रसिद्ध 40
- क्रिस वोक्स बो बुमराह 38
- ब्राइडन कार्स बो सिराज 22
- जोश टंग बो बुमराह 11
- शोएब बशीर नाबाद 01

अतिरिक्त : 34 रन, गेंदबाजी : बुमराह 24 .4-5-83-5, सिराज 27-0-122-2, प्रसिद्ध 20-0-128-3, जडेजा 23-4-68-0, शार्दुल 6-0-38-0

### भारत के खिलाफ दूसरा टेस्ट खेल सकते हैं आर्चर

**लंदन :** चोटों से प्रभावित तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर भारत के खिलाफ दो जुलाई से शुरू हो रहा दूसरा टेस्ट खेल सकते हैं क्योंकि वह डरहम में ससेक्स के लिये काउंटी चैंपियनशिप मैच खेलने जा रहे हैं। भारत के खिलाफ एंडरसन तेंदुलकर श्रृंखला के पहले टेस्ट में आर्चर और मार्क वुड के बिना इंग्लैंड का गेंदबाजी आक्रमण कमजोर दिखाई दिया।

स्काय स्पोटर्स की एक रिपोर्ट के अनुसार जोफ्रा आर्चर ससेक्स के लिए लाल गेंद के क्रिकेट में वापसी करेंगे। हालांकि उनका नाम काउंटी चैंपियनशिप के इस मैच की टीम में नहीं था। अगर वह मैच खेल पाते हैं, तो भारत के खिलाफ एडबस्टन में दूसरे टेस्ट की टीम में हो सकते हैं। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने पुष्टि की है कि वह इस काउंटी मैच के लिए ससेक्स टीम में होंगे। आईपीएल 2025 में राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलने वाले आर्चर चोटों के कारण चार साल से प्रथम श्रेणी क्रिकेट नहीं खेले हैं। आर्चर ने 2021 से इंग्लैंड के लिए सिर्फ सफेद गेंद के प्रारूप में खेला है। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने इस महीने की शुरूआत में कहा था कि आर्चर लाल गेंद के क्रिकेट में वापसी करना चाहते हैं। उन्होंने कहा था कई बार वह मुझे मैसेज भेजता है। मैंने उसे यही सलाह दी कि हड़बड़ी नहीं करे। वह चोटों से काफी परेशान रहा है। उसकी वापसी इंग्लैंड के लिए रोमांचक होगी।

### लंबी दूरी के धावकों ने बिखेरा जलवा

**प्रयागराज :** मदन मोहन मालवीय खेल परिसर में रविवार को शुरू हुई तीन दिवसीय 23वीं राष्ट्रीय जूनियर (अंडर-20) फेडरेशन एथलेटिक्स चैंपियनशिप के पहले दिन लंबी दूरी के धावकों ने जलवा बिखेरा। सुबह के सत्र में 3000 मीटर दौड़ में आठ पुरुष धावकों ने प्रतियोगिता के पिछले रिकॉर्ड में सुधार किया। तमिलनाडु के कविनराज एस ने भी पुरुषों की पोल वॉल्ट स्पर्धा में कुलदीप कुमार के 5.10 मीटर के प्रतियोगिता के पिछले रिकार्ड को तोड़कर स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने 5.11 मीटर के साथ पहला स्थान हासिल किया।

**जीत की जंग**



प्रयागराज में रविवारको 23वीं राष्ट्रीय जूनियर (U20) फेडरेशन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भाग लेते एथलीट। ● एजेंसी

### भारतीय महिला हॉकी टीम बेल्जियम से हारी

**एंटवर्प (बेल्जियम) :** भारतीय महिला हॉकी टीम रविवार को बेल्जियम से 0-2 से हार गई जो एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण में उसकी लगातार छठी हार है और टीम रेलीगेशन की कगार पर पहुंच गई।

दो गोलरहित क्वार्टर के बाद बेल्जियम ने तीसरे क्वार्टर में लगातार दो गोल करके जीत सुनिश्चित की। एंब्रे बेलेनघी ने 40वें मिनट में बेल्जियम को बढ़त दिलाई जबकि लिएन हिलेवार्ट ने इसके तुरंत बाद एक और गोल दागकर बेल्जियम को 2-0 से आगे कर दिया।

### कनाडा ने टी20 विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया

**ओंटारियो :** कनाडा की पुरुष क्रिकेट टीम ने अमेरिकी क्वालीफायर में बहामास को सात विकेट से हराकर अगले साल भारत और श्रीलंका में होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर लिया।



कनाडा की यह लगातार पांचवीं जीत थी। कनाडा ने पिछले साल वेस्टइंडीज और अमेरिका में हुआ टी20 विश्व कप भी खेला था। बीस टीमों के टूर्नामेंट में गत चैंपियन भारत, श्रीलंका, अफगानिस्तान, आस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, अमेरिका, वेस्टइंडीज, आयरलैंड, न्यूजीलैंड और पाकिस्तान भी खेलेंगे।

आईसीसी ने कहा सात और टीमें अभी इन टीमों से जुड़ेंगी। जिनमें से दो यूरोपीय क्वालीफायर, दो अफ्रीकी क्वालीफायर और तीन एशिया ईएपी क्वालीफायर से आएंगी।

### भारतीय महिला फुटबॉल टीम कल मंगोलिया से भिड़ेगी

चियांग माई (थाईलैंड), एजेंसी

भारतीय सीनियर महिला टीम सोमवार को ग्रुप बी मुकाबले में मंगोलिया की टीम के खिलाफ एएफसी एशियाई कप 2026 क्वालीफायर में अपने अभियान की शुरुआत करेगी। चियांग माई स्टेडियम की 700वीं वर्षगांठ पर 70वीं रैंकिंग वाली भारतीय महिला टीम 126 रैंकिंग पर काबिज मंगोलिया की टीम से मुकाबला करेगी। एएफसी महिला एशियाई कप 2026 क्वालीफायर में भारतीय फुटबॉल की टीम का कार्यक्रम इस प्रकार है। भारतीय टीम 23 जून को मंगोलिया, 29 जून को तिमोर लेस्ते, दो जुलाई को इराक और पांच जुलाई को मेजबान थाईलैंड से मुकाबला करेगी। एएफसी महिला एशियाई कप 2026 फीफा महिला विश्व कप ब्राजील 2027 के लिए क्वालीफायर के रूप में भी काम करेगा।



एएफसी महिला एशियाई कप ऑस्ट्रेलिया 2026 क्वालीफायर के लिए भारत की 23 सदस्यीय **टीम इस प्रकार है:-** गोलकीपरः एलंगबाम पंथोई चानू, मोइरांगथेम मोनालिशा देवी और पायल बासुदे। डिफेंडरः हेमाम शिल्की, किरण पिस्दा, मार्टिना थोकचोम, नगंगबाम स्वीटी देवी, फंजोबाम निर्मला देवी, पूर्णिमा कुमारी, संजू और सोरोखैबम रंजना चानू।

# राजनीति में नहीं कोच बनने में दिलचस्पी

कोलकाता, एजेंसी

- पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने एक इंटरव्यू में खुलकर जताई अपनी इच्छा
- सौरव क्रिकेट जगत में खिलाड़ी से लेकर बीसीसीआई अध्यक्ष तक रह चुके

पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने राजनीति में प्रवेश से इन्कार किया। लेकिन कहा कि भारतीय टीम का कोच बनने से उन्हें इन्कार नहीं है। जुलाई में 53 साल के होने जा रहे गांगुली 2018-19 और 2022-24 के बीच दिल्ली कैपिटल्स के टीम निदेशक रहे।

क्या वह भारतीय टीम का कोच बनना चाहेंगे, यह पूछने पर उन्होंने पीटीआई को दिए पॉडकास्ट इंटरव्यू में कहा मैने इसके बारे में सोचा नहीं क्योंकि मैं अलग अलग भूमिकाओं में रहा हूं। उन्होंने कहा मैने 2013 में प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेलना छोड़ा और फिर बीसीसीआई अध्यक्ष बन गया। उनसे जब कहा गया कि वह भारत का कोच बनकर और भी योगदान दे सकते थे, तो गांगुली ने कहा देखते हैं कि आगे क्या होता है । मैं 50 (53) साल का ही हूं । देखते हैं कि क्या होता है । मुझे इससे ऐतराज नहीं है। देखते हैं। यह तो तय है कि वह राजनीति में नहीं उतरने वाले। यह पूछने पर कि पश्चिम बंगाल में 2026 में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले क्या वह किसी राजनीतिक दल से जुड़ेंगे, उन्होंने मुस्कुराकर कहा मेरी कोई दिलचस्पी नहीं है। अगर उन्हें प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाए जाने की पेशकश की जाये तो ? इस पर भी उन्होंने कहा मेरी कोई रूचि नहीं है। गांगुली ने मौजूदा कोच गौतम गंभीर की तारीफ करते हुए कहा कि दुबई में चैम्पियंस ट्रॉफी के बाद से उन्होंने लय पकड़ ली है। उन्होंने कहा गौतम अच्छा कर रहा है । शुरूआत धीमी रही जब आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड से हारे लेकिन चैम्पियंस ट्रॉफी के बाद उन्होंने लय पकड़ ली। इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला बड़ी होगी। गंभीर कितने कुशल रणनीतिकार हैं, यह पूछने पर उन्होंने गंभीर के जुनून और बेलागपन की तारीफ की। उन्होंने कहा इस भूमिका में मैने उसे बहुत करीब से नहीं देखा है लेकिन मैने उसका जुनून देखा है । मैने उसकी रणनीतियों को करीब से नहीं देखा क्योंकि उसके कोच रहते मैने उसके साथ काम नहीं किया। गांगुली ने कहा वह सीधी बात करता है और चीजों को साफ देखता है । वह अपने विचार खुलकर रखता है।



